## एक नजर



एनआईओएस कार्यालय में विद्यार्थियों को परीक्षा की जानकारी देतीं संगीता चौधरी।

### परीक्षाओं की बेहतर तैयारी की दी जानकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : आशियाना कॉलोनी स्थित एनआईओएस कार्यालय में मंगलवार को विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के संबंध में जानकारी दी गयी। सेंटर डायरेक्टर शिवा सिंह ने बताया की अब परीक्षा नई शिक्षा नीति के अनुसार होनी है। उसके अनुसार पाठ्यक्रम भी परिवर्तित हुआ है। नये कोर्स और परीक्षाओं के विषय में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के सवालों का जवाब भी शैक्षिक सलाहकार डॉ संगीता चौधरी ने दिया।

### आदर्श कला संगम की ओर से काव्यांजलि कार्यक्रम 21 को

मुरादाबाद, अमृत विचार : साहित्य कला और संगीत को समर्पित आदर्श कला संगम की ओर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तिथि के एक दिन पहले 21 जनवरी ( रविवार ) को काव्यांजलि का आयोजन शब्द- शब्द राम विषय पर किया जाएगा। संस्था की ओर से साल 1966 से भगवान श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भगवान के प्रति काव्य पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन में संस्था के मुख्य निदेशक डा .प्रदीप शर्मा, संयोजक सुनील कुमार शर्मा, अनिल शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, राजदीप ,जीवन लता, अंकित कौशिक, सतीश कुमार, लाल सिंह, योगेंद्र वर्मा व्योम जुटे हैं।

### 20 जनवरी तक ड्यूज जमा करें उम्मीदवार

मुरादाबाद, अमृत विचार : दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के कार्यकारिणी चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक उम्मीदवार को अपने ड्यूज जमा करने के लिए चार दिन का और समय मिल गया है। इसकी सूचना नोटिस बोर्ड पर लिख दिया गया है। चेयरमैन एल्डर कमेटी की ओर से इसकी सूचना नोटिस बोर्ड पर लिखकर जानकारी दी गई है कि अब 16 जनवरी के स्थान पर 20 जनवरी तक ड्यूज जमा किया जा सकता है। इसकी मांग पूर्व महासचिव अभिषेक भटनागर एडवोकेट ने दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष व महासचिव को पत्र लिखकर की थी। पत्र में उन्होंने 13 से 15 जनवरी तक अवकाश की वजह से ड्यूज जमा करने के लिए समयावधि बढ़ाने का अनुरोध किया था। जिसे एल्डर कमेटी ने मान लिया।

### न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रहने से बढ़ी ठिठुरन, मौसम वैज्ञानिक के अनुसार ठंड-कोहरे से अभी राहत के आसार नहीं

# दोपहर बाद निकली हल्की धूप, ठंड और गलन से जनजीवन बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को सुबह घने कोहरे और गलन से जनजीवन प्रभावित रहा। न्यूनतम तापमान चार डिग्री रहा। दोपहर बाद निकली हल्की धूप के बाद भी गलन से लोग बेहाल रहे।

सुबह घने कोहरे से वाहनों की गति प्रभावित रही। न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रहने से ठंड बढ़ गई। जबकि अधिकतम तापमान 16 डिग्री रहा। गलन से राहत पाने के लिए लोगों ने हीटर, ब्लोअर और अलाव का सहारा लिया। वहीं जिलाधिकारी ने अलाव व रैन बसेरों की व्यवस्था की निगरानी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। कहा कि इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एंड हेड मौसम वैज्ञानिक डा. आरके सिंह का कहना है कि ठंड और कोहरे से अभी राहत के आसार नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते तापमान असंतुलन बना है। अभी कुछ दिन घना और मध्यम कोहरा छाया रहेगा।



बुध बाजार में ठंड से बचकर कुछ इस तरह जातीं युवतियां।



जनरल कोच में आपातकालीन खिड़की से ट्रेन में चढ़ता यात्री।

### एडीएम व सिटी मजिस्ट्रेट ने वृद्धाश्रम में बांटे शॉल

मुरादाबाद, अमृत विचार : कड़ाके की ठंड को देखते हुए श्री बांके बिहारी परिवार की ओर से वृद्धाश्रम मिलन विहार में शॉल, टोपी, मोजे आदि वितरित किए। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह व विशिष्ट अतिथि नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने वहां रह रहे लोगों को शॉल, टोपी, मोजे, नमकीन, बिस्किट, चाय वितरित किया। इस कार्य में अभय गुप्ता, अंशुल गुप्ता, राजेन्द्र कुमार टंडन, अजय गुप्ता, रजनीश गुप्ता, अशोक गुप्ता, नवीन अग्रवाल, सुमित गुप्ता, मनु आदि का सहयोग रहा।

## राजधानी के यात्रियों को ढाई घंटे स्टेशन पर करना पड़ा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे की स्पेशल ट्रेनों का संचालन यात्रियों के लिए हितकारी नहीं रहा। मंगलवार को यहां आजमगढ़ से मदार जंक्शन के लिए चलाई गई स्पेशल गाड़ी के इंतजार में सवा चार घंटे से यात्री बैठे रहे। इस ट्रेन का किराया भी अधिक है जबकि, जम्मू से चलने वाली सुपरफास्ट साप्ताहिक कानपुर एक्सप्रेस 11 घंटे 6 मिनट की देरी से पहुंची।

पंजाब की ओर यानी अप साइड में यह गाड़ी 6 घंटे 10 मिनट की देरी से यहां से रवाना हो सकी। सहरसा से चलकर आनंद विहार की ओर आ रही गरीब रथ 5 घंटे 31 मिनट से पहुंची। उदयपुर मेल 6 घंटा 13 मिनट देर रही। डिब्रूगढ़ से आ रही राजधानी एक्सप्रेस के यात्रियों को सुबह 2 घंटे 30 मिनट प्रतीक्षा करनी पड़ी। उधर, हिमगिरि एक्सप्रेस 2 घंटे 44 मिनट और कोलकाता से आ रही सियालदह एक्सप्रेस 2 घंटे 32 मिनट की देरी से पहुंची। देहरादून मेल ने 4 घंटे 57 मिनट की देरी से चलने की वजह से यात्रियों में चर्चा में रही। पोरबंदर एक्सप्रेस और मुरादाबाद से सहारनपुर जाने वाली मेमू क्रमशः एक से डेढ़ घंटे विलंब से रवाना हुई। गोरखपुर से आ रही राप्तीगंगा के यात्रियों को एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। जननायक 2 घंटे 26 मिनट देर से स्टेशन पर आई।

## घोटाले की जांच की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन

मुरादाबाद, अमृत विचार: भारतीय कश्यप सेना संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदेश प्रभारी डॉ.रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में ज्ञापन दिया। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में नामित अस्पतालों में आयुष्मान योजना के घोटालों की जांच कराने की मांग की। कहा कि निजी क्लीनिक पंजीकरण व नवीनीकरण के नोडल अधिकारी द्वारा पिछले सप्ताह कई निजी क्लीनिकों की जांच में झोलाछाप के क्लीनिक बंद करा दिए। लेकिन, फिर साठगांठ कर तीन-चार दिन बाद ही सील खोल दी गई। इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष विपिन कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, मोहर सिंह कश्यप, विशाल कश्यप, सुमित कश्यप, देवेंद्र विश्वकर्मा, कमल कश्यप, मंजू राठौर, बबिता सैनी, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# हिंदू कॉलेज का गेट जेसीबी से ध्वस्त किया

## बुधबाजार में प्रेम चुनरिया होटल का अतिक्रमण भी नगर निगम की टीम ने तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम व स्मार्ट सिटी मिशन की टीम ने मंगलवार को बुध बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रखा। प्रेम चुनरिया होटल व बैंक्वेट हाल का अतिक्रमण तोड़ने के साथ ही अतिक्रमण के दायरे में आए हिंदू कॉलेज के गेट को भी ध्वस्त कर दिया। टीम के सख्त तेवर देख व्यापारी सहम गए। कई ने खुद ही मजदूर लगवा कर पहले से लगे निशान को देखकर अतिक्रमण तोड़ना शुरू किया। जिसने पहल नहीं की उनका अवैध निर्माण जेसीबी से ढहा दिया गया।

अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर निगम व स्मार्ट सिटी मिशन की टीम जेसीबी से बुध बाजार, इम्पीरियल तिराहे तक अतिक्रमण हटवाने में दूसरे दिन मंगलवार को भी जुटी रही। स्मार्ट सिटी मिशन की परियोजना पुराने बाजारों के जीर्णोद्धार ( रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया ) कार्य में बाधक बने अतिक्रमण को टीम ने जेसीबी से हटाया। प्रेम चुनरिया बैंक्वेट हाल, होटल आदि के अलावा हिंदू कॉलेज के गेट को भी अतिक्रमण दायरे में आने पर जेसीबी मशीन से तोड़कर ढहा दिया। वहीं जेसीबी चलती देखकर कई व्यापारी खुद ही अतिक्रमण पर लगे निशान को देखकर निर्माण गिराना शुरू कर दिया।

अपर नगर आयुक्त ने कहा कि सरकार के आदेश पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण तोड़ा जा रहा है। बुध बाजार में स्मार्ट सिटी मिशन की रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया के तहत सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। अतिक्रमण से काम में आ रही रुकावट को देखते हुए पर्याप्त मोहलत दी गई थी। अब निगम स्वयं अभियान चलाकर अतिक्रमण तोड़ रहा है। जो भी इसमें सहयोग नहीं करेगा उस पर कार्रवाई होगी। महानगर के सौंदर्यीकरण कार्य से नागरिकों को आसानी होगी। कहा कि अभियान जारी रहेगा। इस दौरान स्मार्ट सिटी मिशन के अधिकारी व नगर निगम के प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही।



बुध बाजार में हिंदू कालेज का गेट ध्वस्त करती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

▸▸ टीम के कड़े तेवर देखकर व्यापारियों ने खुद अतिक्रमण तोड़ना शुरू किया



मनन सभागार में संरक्षा गोष्ठी में मौजूद मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार व अन्य विभागीय अधिकारी। ● अमृत विचार

# सतर्कता निर्देशों का पालन जरूरी

▸▸ मंडल स्तरीय संरक्षा बैठक में डीआरएम ने दिए निर्देश

▸▸ बोले- असामान्य व डिरेलमेंट की घटनाओं को रोकना प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में मंडल स्तरीय संरक्षा बैठक हुई। जिसमें वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा ने हाल में घटित असामान्य/ डिरेलमेंट की घटनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जिम्मेदारी समझने और हर स्तर पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

डीआरएम ने कहा कि घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी हमारी है। हर स्थिति में संरक्षा को प्राथमिकता दें और कर्मचारी सुलभ और सुरक्षित परिवहन की गारंटी अपनी जिम्मेदारी समझें। इस दौरान परिचालन से जुडे. कर्मचारियों से सवाल जवाब किए गए। सभागार में विभाग की ओर से पीपीटी के जरिए कर्मचारियों का रेल संचालन में सतर्कता समझाने के लिए कुछ घटनाओं और मानव चूक की जानकारी दी गयी।

बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) राकेश सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) निर्भय नारायण सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक आशीष सिंह, वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (कैरिज एवं वैगन) रोविंन बंसल, वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता (सामान्य) सचिन कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण) जन्मेजय उपाध्याय, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (समन्वय) अक्षय कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) पारितोष गौतम एवं मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हनुमान मूर्ति मंदिर की सफाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त संजय चौहान ने मंगलवार को वार्ड नंबर 12 के देहरी गांव स्थित हनुमान मूर्ति मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छ तीर्थ, क्लीन व प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान को सफल बनाने में लोगों से सहयोग मांगा। कहा कि मंदिर व आसपास सफाई जरूरी है। मंदिर के पीछे जगह पर पार्क विकसित करने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त के निरीक्षण के समय मंदिर में पूजा अर्चना, भजन कीर्तन चल रहा था। नगर आयुक्त ने भक्तों के लिए मंदिर व आसपास पर्याप्त सफाई, पेयजल का इंतजाम कराने का निर्देश निगम के अधिकारियों को दिया। कहा कि मंदिर पर फसाड लाइट लगाई जाए। मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और पीछे के हिस्से में स्थित जगह में पार्क विकसित करने, रंगीन टाइल्स चबूतरे पर लगाने के लिए कहा। पेड़ों के चबूतरे पर ग्रेनाइट पत्थर लगाकर सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने स्थानीय लोगों व मंदिर प्रबंधन के सदस्यों से वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय पार्षद, सफाई निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



हनुमान मंदिर के निरीक्षण के दौरान लोगों से जानकारी लेते नगर आयुक्त संजय चौहान।

▸▸ स्वच्छ तीर्थ, क्लीन सिटी व प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान को सफल बनाने का आह्वान

## महानगर के मंदिरों में गूंजे श्रीराम के भजन

मुरादाबाद, अमृत विचार: 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में महानगर के मंदिरों में मंगलवार को आयोजन किया गया। भजन, कीर्तन, रामकथा, सुंदर कांड के आयोजन में भक्त शामिल हुए।

जिला प्रशासन के सहयोग से श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर नगर निगम क्षेत्र के श्रीहनुमान मूर्ति मंदिर पीतल नगरी कटघर, श्री हनुमान राममंदिर सिविल लाइंस, वाल्मीकि मंदिर दौलतबाग में उत्सर्ग सोसायटी बरेली के कलाकारों ने मंदिरों में राम भजन, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर कांड का पाठ किया।

संकट मोचन हनुमान और जय श्रीराम की गूंज से मंदिर व आसपास का वातावरण राम मय हो गया।

# औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों में सुधार करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में खराब सड़कों को सुधारने और जल निकासी के प्रबंध करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

पैरागान मेटल इंडस्ट्रीज से लेकर इंटरनेशनल ब्रास कलेक्शन से आगे नाली निर्माण में पानी की निकासी सही न होने की शिकायत को दूर कराने का निर्देश दिया। नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि यह कार्य तेजी से चल रहा है। प्रेमनगर क्षेत्र में सड़क पर प्रकाश व्यवस्था न होने, सड़क के किनारे अतिक्रमण और प्रेमनगर इंडस्ट्रियल क्षेत्र के मोड पर डिवाइडर व स्पीड ब्रेकर न होने पर अधिकारियों से जवाब मांगा। नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी कर कार्य चल रहा है। दिल्ली रोड पर निर्यात नगर में जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कार्य शुरू कराएं। मातृत्व शिशु हितलाभ योजना में जिलाधिकारी ने श्रम विभाग में पंजीकृत 8 श्रमिकों को 25-25 हजार रुपये की एफडी प्रदान की। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार को मकबरा द्वितीय कैथवाली मस्जिद के निकट नालों की सफाई कराने का निर्देश दिया।

रामपुर रोड जीरो प्वाइंट से भोजपुर तक की सड़क समस्या के संबंध में एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि सड़क मरम्मत पूरी हो गई है। कोयले के स्थान पर गैस भट्टी फर्नेस स्थापित करने, जामा मस्जिद और रामगंगा नदी पर स्थित पुल पर प्रकाश व्यवस्था कराने, काशीपुर तिराहे से जामा मस्जिद पुल तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। बैठक में एमडीए उपाध्यक्ष शैलेश सिंह, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, एलडीएम विशाल दीक्षित, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी, विद्युत विभाग, लोनिवि आदि के अधिकारी और उद्योग बंधु उपस्थित रहे।



कलेक्टर सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**सुविधा** शहर विधायक रितेश गुप्ता ने दिखायी अयोध्या धाम जाने वाली रोडवेज बस को हरी झंडी

# जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए अयोध्या रवाना हुए यात्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पीतलनगरी बस डिपो से अयोध्या धाम बस सेवा की शुरुआत की गयी। शहर विधायक रितेश गुप्ता ने बस को हरी झंडी दिखायी। 52 सीट वाली बस में यात्री सवार हुए। आरंभ में विधि विधान पूर्वक वाहन का पूजन किया गया। इस दौरान जयघोष और मंगलगीत से परिसर गुंजायमान हुआ। बस में भजन सुनते जय श्रीराम का उद्घोष करते यात्री रवाना हुए।

मुख्य अतिथि शहर विधायक ने विशेष सेवा में सवार यात्रियों से बात की और उनके लिए सुरक्षित यात्रा की कामना की। कहा, सरकार ने यात्रियों को सुरक्षित और सुविधा संपन्न सेवा देने का ऐलान किया है। उसी के तहत यह सेवा शुरू की गयी है। मुझे इस बात की खुशी है कि हम 500 वर्षों से अपने भवन की प्रतीक्षा में बैठे प्रभु श्रीराम को उनके भवन में विराजते देख रहे हैं। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों से सेवा को लेकर विस्तार से चर्चा की। कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार सिंह, मुरादाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र गुप्ता दोनों डिपो के नियंत्रण कक्ष प्रभारी क्रमशः सत्यवीर सिंह, चौधरी चंद्रभूषण सिंह, कर्मचारी नेता रियाज आलम ने यात्रियों का स्वागत किया।

उधर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान और डा.अमित सिंह चौहान ने दूसरी बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। दिन के 12:30 बजे पहली बस रवाना की गयी। दोपहर बाद दूसरी बस भेजी गयी। रोडवेज प्रबंधन का कहना है कि अयोध्या के लिए निर्धारित डिपो से 22 जनवरी के बाद नियमित बसों का संचालन होगा। इसके पहले 19-20 जनवरी तक विशेष बसों का संचालन होगा।





पीतल नगरी डिपो पर मुरादाबाद से अयोध्या धाम को जाने वाली बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते नगर विधायक रितेश गुप्ता, साथ में निगम अधिकारी व अन्य।

**पीतल नगरी से शहरों का किराया**

| बस स्टेशन | दूरी (किमी.) | किराया (रुपये) |
|---|---|---|
| रामपुर | 29 | 53 |
| बरेली | 91 | 152 |
| बरेली सेटेलाइट | 95 | 158 |
| शाहजहांपुर | 176 | 278 |
| सीतापुर | 266 | 411 |
| कैसरबाग लखनऊ | 353 | 534 |
| अवध बस स्टेशन | 364 | 548 |
| बाराबंकी | 384 | 574 |
| अयोध्या | 485 | 731 |
| अयोध्या धाम | 505 | 757 |

## झंडे के अपमान पर आज रामधुन गाएंगे कांग्रेसी

मुरादाबाद, अमृत विचार: 15 जनवरी को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और अन्य वरिष्ठ कांग्रेसियों के राम जन्म भूमि अयोध्या पहुंचने पर कुछ लोगों द्वारा की गई अभद्रता पर कांग्रेस के नेता नाराज हैं। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता कंपनी बाग गांधी मूर्ति के नीचे बैठ कर रामधुन गाएंगे।

जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में गए नेताओं के सामने अयोध्या में आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ध्वजवाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ अभद्रता कर कांग्रेस ध्वज का अपमान किया है। बुधवार को दोपहर 1:00 बजे कंपनी बाग गांधी मूर्ति के नीचे बैठकर ऐसे लोगों के सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे।

# बुध बाजार में फड़ को लेकर चली लाठियां, तीन घायल

▸▸ पटरी दुकानदारों में मारपीट से मची अफरा-तफरी, पुलिस मौके पर पहुंची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बुध बाजार में फड़ लगाने को लेकर पटरी दुकानदारों में आपस में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बीच-बचाव के लिए व्यापारी एकत्र हो गए। राहगीरों की भीड़ जुट गई। भीड़ के कारण मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ और पुलिसकर्मियों ने भीड़ को हटाकर यातायात बहाल कराया।

बताया जा रहा है कि विवाद पटरी दुकानदार बबलू, प्रिंस और मोनू के बीच फड़ लगाने को लेकर हुआ था। गाली-गलौज के बाद इन लोगों ने एक-दूसरे पर डंडों व ईंट-पत्थर से प्रहार करना शुरू कर दिया था। विवाद बढ़ते देख किसी ने पुलिस को खबर की थी। मौके पहुंचे बुध बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज कुलदीप राना ने बताया कि पटरी दुकानदार फड़ लगाने को लेकर आपस में भिड़े थे। चोटिल हुए लोगों को मेडिकल कराया गया है। उन्होंने बताया कि पटरी दुकानदार बबलू और मोनू की तरफ से एक-दूसरे के विरुद्ध कोतवाली नगर में एफआईआर के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। प्रकरण में दोनों पक्षों की ओर से एनसीआर दर्ज की गई है। इस मामले में एक पक्ष के आरोपी बब्लू के विरुद्ध शांति भंग मामले में चालान किया गया है। बताया जा रहा है कि पटरी दुकानदार मोनू के सिर पर चोट लगी है, जिससे उसका सिर फट गया है।

## शहर में आज

- बुध बाजार में नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान दिन में 11 :00 बजे
- ब्यूटीफुल लेडीज क्लब की ओर से होटल अमारा में कौशल संवर्धन कार्यक्रम शाम 4 :00 बजे
- काली माता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6 :00 बजे

## एक नजर

### 31 तक बढ़ाया ओटीएस योजना का समय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिजली विभाग की ओर से ओटीएस योजना में बिजली चोरों और बकायेदारों को 15 दिन की राहत दी गई है। जिससे बिजली चोरी के मामलों में अधिक धनराशि जमा हो सके। बिजली विभाग ने इस बार बिजली चोरी के मामलों में 65 प्रतिशत घटाकर छूट 50 प्रतिशत कर दी है। इन 15 दिनों में विभाग की ओर से देहात क्षेत्र में कैंप भी लगाए जाएंगे और शहर पहले की तरह वितरण खंडों पर मामलों का निस्तारण किया जाएगा। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि बिजली चोरी के मामलों मे विभाग का अधिक पैसा होने के कारण ओटीएस योजना में फिर समय बढ़ा दिया गया है। इस बार बिजली चोरी के मामलों में विशेष रूप से निपटाने की निर्देश मिले हैं। हालांकि बिजली चोरी के मामले इस बार 50 प्रतिशत छूट कर दी गई है।

### आग ताप रही महिला झुलसी, अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आग तापते समय बुजुर्ग महिला झुलस गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला थाना सिविल लाइंस की रेलवे पुलिस चौकी क्षेत्र में हैलेट मार्ग कपूर कंपनी का है। 65 वर्षीय मुन्नी सुबह घर के आंगन में अंगीठी पर आग ताप रही थी। इसी दौरान मुन्नी की साड़ी का पल्लू आग की चपेट में आ गया। जिससे बुजुर्ग महिला बुरी तरह आग में झुलस गई। चीख-पुकार सुनकर लोग मदद के लिए पहुंचे तो उसकी जल रही साड़ी से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन, तब तक वह काफी झुलस चुकी थी। घर वालों ने उसे अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। प्रारंभिक इलाज के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि महिला का शरीर करीब 25 प्रतिशत झुलसा है।

# चिकित्सक और पुत्र को दी धमकी फोन कॉल से मांगे 25 लाख रुपये

संवाददाता, पाकबड़ा

▸▸ दो दिन लगातार फोन कॉल एवं व्हाट्सएप मैसेज से दी धमकी

**अमृत विचार:** फोन कॉल एवं व्हाट्सएप मैसेज के जरिये चिकित्सक एवं उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई। बदले में 25 लाख रुपये मांगे गए। दो दिन लगातार फोन कॉल और व्हाट्सएप मैसेज से धमकियां मिलने पर चिकित्सक एवं उसका परिवार सहम गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली रोड स्थित खैरुलनिशा मंजिल निवासी डॉ. अतीकुर्रहमान पुत्र मुजाहिर हुसैन का कस्बे में ही कैलसा रोड पर अस्पताल है। डॉ. अतीकुर्रहमान को फोन कॉल एवं व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से दो दिन से लगातार धमकियां मिल रही थी। चिकित्सक ने तहरीर देकर बताया कि फोन कॉल एवं व्हाट्सएप मैसेज पर धमकियां दी जा रही थी कि तुझे और तेरे बेटे को जान से मार देंगे। 14 जनवरी को व्हाट्सएप मैसेज पर मेरे बेटे का फोटो भी भेजा। मैसेज लिखकर कहा कि (डॉक्टर जिंदगी मौत अपने लड़के की लिखकर भेज)। 25 लाख रुपया मुझे दे दो। वरना तुम्हें व तुम्हारे बेटे को जान से मार दूंगा। 15 जनवरी को शाम 4:00 बजे पर फिर से कॉल आई। जिसमें फिर जान से मारने की धमकी दी और रुपये की मांग की। पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर की ओर से अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि डॉक्टर को फोन पर धमकी देने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## गुइयां बाग, लाल बाग, कानूनगोयान व पीरगैब में लोगों ने रातभर झेला बिजली का संकट

# विद्युत केंद्र में फाल्ट से 6,000 लोगों की 7 घंटे बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मुसीबत**

▸▸ जीआईसी विद्युत केंद्र पर रात को नहीं रहते लाइनमैन

▸▸ मंगलवार सुबह 10 बजे सुचारू हुई बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार:** बिजली के उपकरणों में सर्दी में फाल्ट होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार देररात से मंगलवार की सुबह तक गुइयां बाग, लाल बाग, कानूनगोयान, पीरगैब में रहने वाले लगभग 6 हजार उपभोक्ताओं की जीआईसी विद्युत केंद्र पर फाल्ट होने से सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

कानूनगोयान,पीरगेब, गुइयां बाग, लालबाग मोहल्ले में रहने वाले लोगों की सोमवार रात 3 बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे ठंड से बचने के लिए घरों में लगे उपकरण अचानक बंद हो गए। सुबह होते ही लोगों ने बिजली कर्मचारियों को फोन किए। मगर फोन नहीं उठे। जिसपर कानूनगोयान और पीरगेब मोहल्ले के लोग जीआईसी बिजली घर पहुंचे। जहां मौजूद बिजली कर्मचारी रमेश ने बताया कि रात 3 बजे के मुख्य ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया। जिससे आपूर्ति बाधित रही। सुबह 10 बजे के आसपास फाल्ट सही होने के बाद ही आपूर्ति सुचारू हो सकी।

अधिशासी अभियंता द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि जीआईसी बिजलीघर पर रात में फाल्ट ट्रांसफार्मर हीट होने के कारण हुआ था। सुबह फाल्ट सही होने पर आपूर्ति सुचारू कर दी गई।

## ओटीएस के बढ़े समय में भी नहीं हुई अपेक्षित वसूली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ विभाग की उम्मीदों के अनुरूप बकायेदारों ने नहीं कराया पंजीयन

▸▸ करोड़ों रुपया बकाया होने से अधिकारियों की चिंता बढ़ी

**अमृत विचार:** मंडल के बिजली के बकायेदारों ने बिजली विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान (ओटीएस) योजना के बढ़ाए गए समय में उम्मीद के अनुरूप पंजीयन नहीं कराया। जिसमें मंडल के बिजली चोरों और बकायेदारों पर विभाग का करोड़ों का बकाया है। जिससे अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है।

विभाग के मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि बिजली चोरों और बकायेदारों के साथ बिजली विभाग अभी नरमी बरत रहा है। इसी के चलते ओटीएस योजना के निर्धारित समय के बाद 16 दिन का समय और बढ़ दिया गया था। इसके बावजूद लोग योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना की समाप्ति के बाद ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि ओटीएस योजना के बढ़ाए गए दिनों में मुरादाबाद के तीनों वितरण खंड से मात्र 271 बकायेदारों ने पंजीयन कराया, जिसमें 30 लाख 63 हजार की धनराशि जमा हुई। वहीं 45 बिजली चोरी के मामले पंजीयन हुए हैं। जिसमें 9 लाख 98 हजार रुपये की धनराशि जमा हो पाई।

वहीं देहात क्षेत्र की तीनों वितरण खंडों के 8362 बकायादारों ने 43 लाख 32 हजार रुपये जमा कराए हैं। वहीं बिजली चोरी के मामले में 91 लोगों ने 17 लाख 39 हजार की धनराशि जमा कराई है। वहीं रामपुर जनपद में 7442 बकायादारों से 3 तीन लाख 31 हजार की धनराशि जमा हो पाई है। 267 बिजली चोरों ने 64 लाख 07 हजार रुपया जमा कराया है। वहीं संभल जनपद में 4308 बकायेदारों से 3 लाख 2 हजार की धनराशि जमा हुई है तो वहीं संभल के 59 बिजली चोरों ने 8 लाख 45 हजार रुपये की धनराशि जमा कराई है। मुख्य अभियंता ने बताया कि यह पैसा 14 जनवरी तक जमा हुआ है।

# आवास योजना की खराब रैंकिंग पर मंडलायुक्त नाराज

## भवन निर्माण में मुरादाबाद-रामपुर जनपद ई श्रेणी व सड़क निर्माण में रामपुर को सी श्रेणी, सुधार के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास एवं राजस्व कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा में खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताई और इसमें सुधार के निर्देश दिए। भवन निर्माण में मुरादाबाद व रामपुर जनपद को ई तथा सड़क निर्माण में रामपुर को सी श्रेणी मिलने पर अधिशासी अभियंता आरईएस को गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, अमृत सरोवर, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, पर्यटन, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, पशुधन, सेतु निर्माण, श्रम, स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नियमित टीकाकरण, पोषण मिशन आदि की समीक्षा की। अधिकारियों को नंबर 1 रैंक पर बने रहने के लिए काम करने और अधिकारियों को वसूली में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कार्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, में रैंकिंग खराब होने पर मंडलायुक्त ने बेहतर प्रयास कर सुधार लाने के निर्देश दिए। आरईएस द्वारा बनाए गए भवन निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने और अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के खिलाफ सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा कार्रवाई करने के निर्देश दिए। झोलाछाप से संबंधित प्रकरण की एफआईआर की कापी सीएमओ को उपलब्ध कराने के लिए कहा। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बिजनौर, मुरादाबाद, सम्भल के सी कैटेगरी (श्रेणी) में होने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम को कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा कि ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन डालने के दौरान खुदी हुई सड़क को ठीक कराएं। ग्राम पंचायतों में इस कार्य के दौरान ठीक की गयी सड़कों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। कहीं कोई सड़क खराब न हों, एक्सईएन जल निगम इसको सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद मानवेन्द्र सिंह, सम्भल मनीष बंसल, अमरोहा राजेश त्यागी, जिलाधिकारी बिजनौर अंकित अग्रवाल, अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम बृजेश कुमार के अलावा सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, एडी हेल्थ, एडी बेसिक शिक्षा आदि मौजूद रहे।

**एक माह में पूरा कराएं व्यक्तिगत शौचालय का लक्ष्य :** व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में बिजनौर के डी, रामपुर तथा सम्भल के सी कैटेगरी में होने पर मंडलायुक्त ने उप निदेशक पंचायत को एक माह में कार्य पूरा करने के निर्देश दिया। आपरेशन कायाकल्प में अमरोहा एवं रामपुर के डी कैटेगरी में होने पर एडी बेसिक को निर्देश दिया कि सर्वे कराकर स्कूलों की स्थिति ठीक कराएं। मध्याह्न भोजन एवं छात्र उपस्थिति में रामपुर, एवं सम्भल जनपद के ई कैटेगरी में होने पर मंडलायुक्त ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए कहा।

**समीक्षा बैठक**

▸▸ अधिशासी अभियंता आरईएस को दिए कार्यों की जांच के निर्देश

▸▸ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की

### एक सप्ताह में दें रिपोर्ट

मंडलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को सोलर लाइट के सत्यापन की रिपोर्ट 7 दिन में उपलब्ध कराने और झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण पोषण व एनीमिया मुक्त भारत की समीक्षा में कार्य में सुधार कर प्रथम स्थान पर बने रहने के निर्देश दिए।

### गोचर जमीनों का चिह्नांकन डाटा न देने पर नोटिस

मंडलायुक्त ने गोचर जमीनों का चिह्नांकन कर डाटा उपलब्ध नहीं कराने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। शादी अनुदान योजना में सम्भल ई, सेतु निर्माण में मुरादाबाद डी, कौशल विकास में अमरोहा सी, ओडीओपी स्वरोजगार योजना में मुरादाबाद एवं सम्भल ई तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में जनपद सम्भल के डी कैटेगरी में होने पर मण्डलायुक्त ने कार्य प्रगति में सुधार लाते हुए ए कैटेगरी में बने रहने के निर्देश दिए।

## पत्नी से नाराज युवक ने मौत को लगाया गले

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ढाई-तीन महीने पहले ही गौरव दांपत्य सूत्र बंधन में बंधा था और पत्नी से थोड़ी सी तकरार पर उसने मौत को गले लगा लिया। इकलौते बेटे की मौत से पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डिलारी थाना क्षेत्र के ढक्का गांव निवासी चंद्रपाल के इकलौते बेटा गौरव की गांव में परचून की दुकान है। मंगलवार को गौरव के परिवार वाले जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर मौजूद थे। शव का पंचनामा हो रहा था। परिवार के गुड्डू ने बताया कि रविवार रात में गौरव का अपनी पत्नी अंजली से विवाद हुआ था। गौरव मंगलवार को भी काम पर आ रहा था। सुबह आठ-नौ बजे के बीच वह घर आकर उल्टियां करने लगा। गुड्डू ने बताया कि उन्होंने कारण पूछा तो उसने कहा कि जहर पी लिया है। इसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि मृतक गौरव के पिता हैं, लेकिन मां व अन्य भाई-बहन कोई नहीं है। गौरव का ढाई माह पूर्व ही नानकबाड़ी गांव में अंजली के साथ विवाह हुआ था। शादी को तीन माह भी पूरे नहीं हो पाए थे। पति-पत्नी के बीच झगड़ा रहने लगा था। सुबह गौरव घर से निकला था और कुछ देर बाद लौटा तो उसकी हालत गंभीर थी।

# 500 मीटर तक कार सवार ने घसीटी बाइक, छात्रों ने किया पथराव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के छात्रों ने मंगलवार शाम 4.30 बजे के दौरान जमकर बवाल किया। रामगंगा विहार में गैलेक्सी नर्सिंग होम के पास कार सवार को घेर लिया। कार सवार ने खुद का बचाव करते हुए छात्र की बाइक में टक्कर मारी और उसे पक्की सड़क पर करीब 500 मीटर तक खींचता रहा। सूचना पर छात्रों ने कार का पीछा कर कार सवार को डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी डाई केयर सेंटर हीमोजिन के पास घेर लिया और डंडों और पत्थरों से उस पर वार किया। बाद में पुलिस ने आकर बीच-बचाव किया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार बाइक को खींच रही थी तो आग की चिंगारी निकल रही थी। कहा, गनीमत रही कि कार में आग नहीं लगी। मार्ग किनारे ट्रैक्टर-ट्राली के साथ खड़े चरन सिंह व राजेंद्र सिंह ने बताया कि बाइक को खींचती आ रही कार उनके ट्रैक्टर से टकराने से बची। उन्होंने बताया कि वह एमआईटी के ही कर्मचारी हैं।



एमआईटी के पास हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार



राम गंगा विहार कॉलोनी में एमआईटी के छात्रों के वाहन पर पथराव करने के बाद मौके पर जमा भीड़। ● अमृत विचार

▸▸ एमआईटी के छात्रों ने किया बवाल, कार में की तोड़फोड़

**कुछ दिन पहले हुआ था आपस में विवाद :** मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि विवाद करने वाले दोनों पक्ष एमआईटी कॉलेज के छात्र ही हैं। कुछ दिनों पहले बी-टेक छात्र हर्षित से बी-फार्मा के छात्र वंश चौधरी का विवाद हुआ था। मंगलवार को कॉलेज खुलने पर दोनों पक्षों के छात्र भी आए थे। शाम को वंश चौधरी पुत्र विपिन ने अपने साथियों के साथ कार सवार छात्र अर्पित को घेर लिया था। वंश ने अपनी बाइक उसकी कार के सामने खड़ी कर दी थी। पर अर्पित ने कार नहीं रोकी थी। जिस पर मोहरा मुस्तकीम निवासी वंश ने अपने दोस्तों को फोन कर बुलाया और कार को रोककर उस पर हमला कर दिया था। पता चला है कि कार सवार अर्पित चौधरी पुत्र कर्मवीर अमरोहा का रहने वाला है। कुछ दिन पहले वंश से हुए झगड़े में हर्षित, अर्पित व अभिषेक भी थे।

### दोनों पक्षों की गलती खोजती रहीं चौकी इंचार्ज

पुलिस चौकी रामगंगा विहार के कांस्टेबल बाबर चौधरी ने बताया कि बाइक और कार एक ही दिशा में चल रहे थे। बाइक वंश चौधरी चला रहा था। वहीं कार में तीन-चार लोग सवार थे। उधर, घटना के बाद रामगंगा विहार पुलिस चौकी इंचार्ज राजवेंद्र कौर ने बताया कि वह घटनाक्रम की जांच कर रही हैं। जब तक वह स्पष्ट नहीं कर पाती कि घटना में गलती किसकी है तब तक कुछ कह नहीं सकतीं।

## डीआईजी ने की अपराध समीक्षा लोस चुनाव को लेकर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस गश्त बढ़ाने को कहा

**अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में परिक्षेत्र के पांचों जिलों के एसएसपी/एसपी की बैठक की है। इसमें डीआईजी ने जिलेवार अपराध की समीक्षा की है। उन्होंने सर्दी में गश्त बढ़ाने पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि जिन घटनाओं का खुलासा नहीं हो रहा है, उनमें अतिरिक्त टीम लगाकर खुलासा कराएं। डीआईजी ने उच्चाधिकारियों से प्राप्त लंबित प्रकरण, गोकशी, धर्मांतरण जैसे मामलों में गंभीरता बरतने को कहा है। बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। डीआईजी ने निर्देश दिया कि चुनाव से पहले लाइसेंसी असलहों का सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों और सूचीबद्ध अपराधियों का सत्यापन कराएं। अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिह्नित करें, जो किसी भी रूप में मतदाता को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे लोगों को मुचलका पाबंद कर नोटिस दें। इसके साथ ही मतदान के लिए आने वाले पुलिस और अर्धसैनिक बल के ठहरने के लिए स्थान चिह्नित कर लें।

बैठक में मुरादाबाद एसएसपी हेमराज मीना, एसएसपी बिजनौर नीरज कुमार जादौन, एसपी अमरोहा कुंवर अनुमन सिंह, एसपी संभल कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी रामपुर राजेश द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**मनरेगा** मानव सृजन दिवस का लक्ष्य पूरा होने पर भी अधिकारी मजदूरी का भुगतान कराने में उदासीन

# 1.62 लाख को नवंबर से मजदूरी का इंतजार

धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) मजदूरों के लिए दिखावा साबित हो रही है। जिले के 1.62 लाख मनरेगा मजदूरों को नवंबर से मजदूरी का इंतजार है। मजदूरी न मिलने से महंगाई के दौर में उन्हें भुखमरी की स्थिति पर ला दिया है। लेकिन अधिकारी केवल मजदूरी का मानव दिवस सृजित कराकर लक्ष्य पूरा होने के बाद उदासीन हैं।

जिले में मनरेगा श्रमिक 2,31,933 हैं। इसमें 1 लाख 62 हजार सक्रिय श्रमिक हैं। जिले में 1,75,670 परिवारों के जॉबकार्ड बने हैं। विभाग को इस वर्ष 22,63,000 मानव दिवस सृजन का लक्ष्य पूरा करना था। जिसमें विभाग की ओर से लक्ष्य से अधिक 29,69,000 मानव दिवस सृजित कर लिया है। फिर भी मजदूरों की मजदूरी दिलाने में उदासीनता है। स्थिति यह है कि मनरेगा मजदूरों को नवंबर से मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है। 1.62 लाख सक्रिय श्रमिकों का करोड़ों रुपये मजदूरी का बकाया है। श्रमिकों की मजदूरी न मिलने से काम प्रभावित है। आधी ग्राम पंचायतों में नवंबर से मनरेगा कार्य लगभग ठप है। क्योंकि श्रमिकों ने मजदूरी का पैसा न मिलने पर कार्य बंद कर दिया है। अधिकारी मानव दिवस सृजन का लक्ष्य पूरा होने के बाद मजदूरी का पैसा दिलाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

**अधिकतम 15 दिन में करना है भुगतान :** सरकार ने ग्राम पंचायत के मनरेगा के मजदूरों को कार्य पूरा होने के अधिकतम 15 दिन में मजदूरी का पैसा भुगतान करने का निर्देश दिया है। लेकिन मनरेगा योजना में जनपद में 1,62,200 सक्रिय श्रमिकों की मजदूरी की नवंबर से अब तक 1.16 करोड़ रुपये की धनराशि नहीं दी गई है।

### रोटी की तलाश में बाहर पलायन को मजबूर

योजना के तहत मजदूरों को अपने गांव में रोजगार दिया जाता है। लेकिन मनरेगा योजना में जॉबकार्ड धारक मजदूर कार्य दिवस सृजित होने के बाद भी मजदूरी न मिलने से रोटी की तलाश में दूसरे शहरों में पलायन करने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि जनपद की 298 ग्राम पंचायतों में मनरेगा का काम नवंबर से बंद हो गया। कई श्रमिक आज भी मजदूरी के भुगतान के लिए विकास भवन का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उन्हें झूठा दिलासा देकर टरका दिया जाता है।

▸▸ मजदूरी न मिलने पर श्रमिकों के सामने भूखमरी की स्थिति

> मनरेगा मजदूरों का पैसा निदेशालय से रुका है। इसके लिए कई बार पत्र लिख चुके हैं। जनवरी के अंतिम सप्ताह में पैसा आते ही मजदूरी का भुगतान शुरू कर दिया जाएगा। सभी को फरवरी तक मजदूरी का भुगतान मिल जाएगा।
>
> **-सतीश प्रसाद मिश्र**, परियोजना निदेशक, डीआरडीए

## चार घरों में पकड़ी बिजली चोरी, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** विद्युत वितरण खंड द्वितीय के मोहल्लों में सोमवार की रात से मंगलवार की सुबह तक बिजलीकर्मियों ने बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान चला। जिसमें दो विद्युत केंद्रों के एसडीओ, जेई व लाइनमैन ने चेकिंग कर चार घरों में कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे लोगों को रंगेहाथ पकड़ा।

सोमवार की रात को चेकिंग के दौरान लालबाग मोहल्ले में फिरोज खान व रईसुद्दीन के घर से बाहर जा रही एलटी लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। वहीं ढहरिया मोहल्ले में संबंधित तहसील स्कूल के निवासी फरीद पुत्र हनीफ और फरजाना पत्नी लियाकत के घर में एलटी लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी पाई गई। इन मामलों में जेई की ओर से केस दर्ज करने को नामजद तहरीर दी गई है।

# विधि विरुद्ध बिजनौर जेल भेजने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ न्यायालय ने शूटर केशव के मामले की सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख निर्धारित की

**अमृत विचार:** स्पोर्ट्स कारोबारी कुशांक गुप्ता हत्याकांड में आरोपी शूटर केशव सरन शर्मा के मामले में अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने जिला न्यायालय में उसे विधि विरुद्ध बिजनौर जेल में स्थानांतरित करने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र भी दाखिल किया है, जिस पर न्यायालय ने शासकीय अधिवक्ता से जवाब दाखिल करने के आदेश पारित किए हैं।

शासकीय अधिवक्ता ने न्यायालय से कहा है कि वह जिला मजिस्ट्रेट से विचार-विमर्श कर आपत्ति दाखिल करेंगे। इस पर न्यायालय ने प्रकरण में सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख तय कर दी है। अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा का कहना है कि आरोपी केशव सरन शर्मा न्यायिक अभिरक्षा में है, इसलिए मुरादाबाद जेल से बिजनौर जिला कारागार स्थानांतरित करने से पहले जिला प्रशासन को कोर्ट से अनुमति लेनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी केशव को सक्षम न्यायालय से बिना अनुमति लिए ही बिजनौर जेल में स्थानांतरित किया गया है। उधर, अधिवक्ता ने बताया है कि कुछ दिनों पहले केशव सरन शर्मा बिजनौर जेल में किसी तरह से गिरकर चोटिल हो गया था। उसके कान-नाक से खून निकल आया था। बिजनौर जिला कारागार प्रशासन ने उसे स्थानीय स्तर के बाद मेरठ के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा था। मेरठ से उसे दिल्ली एम्स के लिए रेफर किया गया था लेकिन, अभी तक उसे एम्स अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने बताया कि उन्होंने न्यायालय से मांग की है कि आरोपी शूटर को मुरादाबाद जिला कारागार में स्थानांतरित किया जाए। दरअसल, स्पोर्ट्स सामान के कारोबारी रहे कुशांक गुप्ता हत्याकांड मामले में जिला जज न्यायालय में सुनवाई हो रही है। इसमें मूंढापांडे ब्लाक के पूर्व प्रमुख ललित कौशिक, केशव सरन शर्मा और खुशवंत सिंह उर्फ भीम हत्या के आरोपी हैं। व्यापारी कुशांक गुप्ता की 12 जनवरी 2022 की रात गोली मारकर हत्या हुई थी। दूसरी तरफ अधिवक्ता दिनेश चंद्र पाठक ने बताया कि आरोपी ललित कौशिक के विरुद्ध मंगलवार को पॉक्सो और एससी-एसटी कोर्ट में भी तारीख लगी थी, लेकिन अधिवक्ताओं के आकस्मिक अवकाश के कारण संबंधित मामलों में कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## एक नजर

### श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में शबद-कीर्तन आज

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में 15 जनवरी से गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ का आयोजन चल रहा है। गुरुद्वारा के ज्ञानी यशपाल सिंह ने बताया कि 17 जनवरी को 11 बजे पाठ का भोग के बाद गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन व अरदास के बाद लंगर का आयोजन दोपहर एक बजे किया जाएगा। इसके अलावा श्री गुरु नानक मार्केट बस स्टैंड के सामने स्थित गुरुद्वारे में 17 जनवरी को 10 बजे से सुखमणि साहब का पाठ और उसके बाद दो बजे से लंगर का आयोजन किया जाएगा।

### बाइकों की भिड़ंत में 4 घायल

**टांडा, अमृत विचार :** नगर में रामपुर मार्ग स्थित गांव तार का मझरा मोड़ पर मंगलवार दोपहर दो बाइकों की भिड़त में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक की टांग कट गई। घायलों में थाना ठाकुरद्वारा के गांव फरीदपुर निवासी शाहरुख उसकी बहन नगमा, थाना टांडा के ग्राम लाड़पुर बीबी निवासी फतीन उसकी पत्नी साहिबा शामिल हैं। हादसे में बाइक चालक फतीन की टांग कट गई है।

### रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में चली थी गोली, जिला पंचायत सदस्य के समर्थकों ने सोमवार को किया था थाने का घेराव

# जिला पंचायत सदस्य और प्रधान पक्ष के बीच तनाव, पुलिस खामोश

**देवापुर बवाल**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के देवापुर गांव में रविवार को भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा में चली गोली और एक-दूसरे पर फेंकी गई कुर्सियों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को एक पक्ष ने कार्रवाई न होने के आरोप में थाने में पहुंचकर जमकर हंगामा भी किया लेकिन, पूरे मामले में पुलिस शांत है।

जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश सैनी और प्रधान निदा के परिवारों में तनाव दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इस मामले में जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश उर्फ जगत सिंह सैनी की तरफ से दर्ज एफआईआर में आठ नामजद हैं, जबकि कई अज्ञात हैं। नामजद आरोपियों में यासीन, असलीम, गुलफाम, इरफान, मुशाहिद, जमालुद्दीन, गुलाम मोहम्मद व कुर्बान अली हैं। इसी मामले में पीतल बस्ती चौकी इंचार्ज हरेंद्र सिंह ने भी घटना के दिन ही सामान्य आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें कोई भी पक्ष नामजद नहीं किया गया। रविवार को हुए बवाल के बाद अब जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश उर्फ जगत सिंह सैनी गांव के गाटा-1479 के तालाब पर कब्जेदारी का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि गांव के तालाब पर प्रधान निदा और जिला बदर अभियुक्त कुर्बान अली के सहयोग से गुलाम मोहम्मद पुत्र नसिर ने दिसंबर 2023 में कब्जा कर लिया है।



जिला अस्पताल में भर्ती जिपं सदस्य जय प्रकाश का बेटा लोकेश कुमार। ● अमृत विचार

> हिस्ट्रीशीटर जिला बदर कुर्बान अली की तलाश में हम खुद हैं। वह चोरी-छिपे गांव आ जाता होगा। इसे पकड़ने के लिए पुलिस लगी है। जिस दिन मिल गया, छोड़ेंगे नहीं।
> – तेजवीर सिंह, थानाध्यक्ष-कटघर

जिला पंचायत सदस्य का आरोप है कि गुलाम मोहम्मद 13 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा में उन पर जानलेवा हमले में शामिल है। इसके विरुद्ध उन्होंने नामजद एफआईआर भी दर्ज करा रखी है। उन्होंने मंगलवार को सदर तहसील पहुंचकर इस मामले में एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र देकर गांव के तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

#### वायरल चार वीडियो स्पष्ट कर रहे घटना

रविवार को ग्राम पंचायत देवापुर के मजरा इमलाक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान हुई फायरिंग व मारपीट मामले के चार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसमें पूरी घटना स्पष्ट रूप से दिखाई भी दे रही है। वायरल वीडियो में मंच पर बैठने को लेकर प्रधान निदा के पिता यासीन जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश से झगड़ते दिख रहे हैं। आपसी बातचीत के बाद जय प्रकाश मंच की कुर्सी से उठकर साथियों के साथ कार्यक्रम स्थल से निकलते दिख रहे हैं। फिर वहीं मंच से बाहर आते ही उन्हें और उनके बेटे लोकेश कुमार सैनी को विपक्षी घेर कर लात-घूसों और कुर्सियों से मारते वीडियो में नजर आ रहे हैं। हमलावर भीड़ से बीच बचाव में जिला पंचायत सदस्य ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से तीन राउंड हवाई फायर भी करते देखे जा रहे हैं। फायर होने के बाद हमलावर भीड़ से वह अपने बेटे को सुरक्षित बाहर निकलते वीडियो में दिख रहे हैं। इसी बीच में विपक्षी भी अवैध असलहों से कई राउंड फायर करते दिख रहे हैं। वीडियो में एक व्यक्ति कुर्बान अली का नाम भी लेते सुनाई दे रहा है। कुर्बान अली हिस्ट्रीशीटर एवं जिला बदर है।

#### टल गई थी बड़ी अनहोनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में रविवार को हुई फायरिंग मामले को पुलिस भले ही गंभीरता से नहीं ले रही है लेकिन, गनीमत रही कि बड़ी अनहोनी टल गई थी। एलईडी वैन चालक गौतम सिंह डीसीएम के अंदर सीट पर बैठा था। गोली गाड़ी की खिड़की से पार होकर उसके सीने के नीचे छूकर गिर गई थी। उसने सीने के पास लगी गोली की चोट का निशान भी पुलिस को दिखाया था।

### सुरक्षा समिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई, जिसमें 160 अनफिट स्कूली वाहनों को नोटिस की जानकारी दी गयी। 503 माध्यमिक स्कूलों में विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति गठन पर चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूल वाहनों के ड्राइवर के हेल्थ चेकअप, आंखों की जांच, वाहनों का फिटनेस, चालक और परिचालक का चरित्र प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनवाने के निर्देश दिए। बताया गया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 11 बजे कक्षा 8 से 12 तक के विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों, स्काउट गाइड की एक मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.अरुण कुमार दुबे, बीएसए अमित कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आनंद निर्मल, एमपी सिंह, मधुबाला त्यागी, कपिल रस्तोगी उपस्थित रहे।

### ठग ने इंजीनियर के खाते से उड़ाए 85,000 रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इंजीनियर को झांसे में लेकर 85,000 रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत साइबर क्राइम सेल में की है।

मामला मझोला के मानसरोवर कॉलोनी निवासी विजय कुमार गुप्ता की बेटी नेहा गुप्ता इंजीनियर है और गाजियाबाद के मोदीनगर में रहती हैं। सोमवार शाम नेहा के मोबाइल पर एक अपरिचित नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उनसे कहा, आपके पिता ने आपका मोबाइल और यूपीआई नंबर दिया है। खाते में 5,000 रुपये डालने को बोला है। नेहा के मुताबिक, कॉल करने वाले ने उनसे कहा, मैंने जल्दबाजी में 5,000 के बजाय एक जीरो अधिक लगा दिया है, इससे 50,000 रुपये ट्रांसफर हो गया है। इस तरह झांसे में लेकर उसने नेहा से दो बार में 45,000 और 40,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। जब अपना अकाउंट चेक किया तो पता चला कि 85,000 रुपये कट चुके हैं। फिर कॉल करके नेहा ने पिता से बात की तो पता चला कि उन्होंने तो किसी को भी नंबर नहीं दिया था और न ही पैसे भेजे हैं। पिता से बात करने के बाद पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ।

# चाऊमीन में मसाला डालने के विवाद में दोस्तों ने की थी युवक की हत्या

### चाट विक्रेता ने रिंकू व पंकज के साथ मिलकर राजू सक्सेना को उतारा था मौत के घाट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिलारी थाना क्षेत्र के सहसपुर रुस्तमनगर निवासी राजू सक्सेना (27) की हत्या चाऊमीन में मसाला डालने को लेकर हुए विवाद के बाद तीन दोस्तों ने मिलकर की थी। दोस्तों ने पुलिस के सामने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि राजू सक्सेना की आरोपियों ने गमछे से गला घोंटकर हत्या की है।

पुलिस ने खुलासा किया है कि बिलारी थाना क्षेत्र के सहसपुर के मोहल्ला कहारन निवासी राजेंद्र सक्सेना ने पुलिस को बताया था कि 12 जनवरी को उनका बेटा राजू सक्सेना राजू कश्यप के चाट के ठेले पर गया था। जहां पर चाऊमीन में मसाला डालने को लेकर उसके साथ गाली-गलौज हुई थी। इस घटना के बाद राजू सक्सेना मौके से लौट आया था लेकिन, चाट विक्रेता राजू कश्यप ने उसकी हत्या की साजिश रच डाली। फिर अगले दिन 13 जनवरी की शाम करीब 6 बजे के दौरान उनके बेटे राजू को मुहल्ले का ही पंकज कश्यप बुलाने के लिए घर आया था। बुलाने पर पंकज कश्यप के साथ राजू सक्सेना गया था। पंकज उसे गांव के बाहर महेंद्र सिंह के गेहूं के खेत के पास लेकर गया था, जहां पहले से ही रिंकू कश्यप और राजू कश्यप मौजूद थे। इन तीनों दोस्तों ने खेत पर भी राजू सक्सेना से उसी पुराने मामले को लेकर वाद-विवाद करना शुरू कर दिया था। जिसका विरोध राजू सक्सेना ने किया, जिस पर राजू कश्यप और उसके दो दोस्त पंकज कश्यप और रिंकू कश्यप ने मिलकर उसका गला घोट दिया। इससे उसकी मौत हो गई थी। इधर,



राजू हत्याकांड में गिरफ्तार अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते एसपी देहात संदीप कुमार मीना।

**खुलासा**

- तीनों दोस्तों ने पुलिस के सामने कबूल किया अपना जुर्म
- 13 जनवरी को राजू को घर से बुलाकर ले गया था पंकज कश्यप

13 जनवरी की देर रात तक जब राजू सक्सेना घर पर नहीं लौटा तो उसके परिवार वालों ने चिंता करते हुए उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी। रात भर पता लगाया लेकिन, कहीं कोई उसका सुराग नहीं लगा था। अगले दिन पता चला कि एक युवक का शव महेंद्र सिंह के गेहूं के खेत में पड़ा हुआ है।

शव की पहचान राजू सक्सेना के तौर पर हुई थी। पोस्टमार्टम में भी राजू कश्यप की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। पुलिस अधीक्षक देहात ने बताया कि तीनों अभियुक्तों राजू कश्यप, पंकज कश्यप और रिंकू कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री का करीबी बता बुजुर्ग से मांगे 10 लाख

**रामपुर, अमृत विचार:** बुजुर्ग को फोन कॉल करके अज्ञात युवक ने 10 लाख रुपये मांगे। रुपये नहीं देने पर जेल में सड़ाकर मारने की धमकी दी। युवक खुद को मुख्यमंत्री का करीबी बता रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुरानी कॉलोनी निवासी प्रेम तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह रजा टेक्सटाइल्स मजदूर संघ के पूर्व सचिव हैं। आरोप है कि 19 नवंबर 2023 को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि मैं गोरखपुर से बोल रहा, तुमने जो शिकायत की थी, उसकी जांच चल रही है। कुछ रुपयों का इंतजाम कर लो, पैसे लेकर गोरखपुर आना पड़ेगा। इसके बाद सात जनवरी को फिर से उसी व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि तुम्हारे खिलाफ एक महिला ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। तुम्हारे पूरे परिवार को जेल जाना पड़ेगा। कहा कि अगर 48 घंटे में 10 लाख रुपये नहीं दिए तो तुम्हारा बुढ़ापा नरक बन जाएगा। आरोपी खुद को मुख्यमंत्री का करीबी बताकर पैसे मांग रहा है। सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# तीनों कांस्टेबल निलंबित प्रशांत व मोनू भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**पुलिस लाइन प्रकरण**

- प्रशांत सिरोही दुष्कर्म और घायल योगेश अवैध शस्त्र मामले में जा चुका है जेल

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन की बैरक-तीन में शराब के नशे में झगड़ा कर कांस्टेबल योगेश कुमार को पीटने वाले दोनों कांस्टेबलों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसपी हेमराज मीना ने इन तीनों को निलंबित भी कर दिया है। जेल भेजे गए कांस्टेबल प्रशांत कुमार व मोनू वालियान हैं।

प्रतिसार निरीक्षक रकम सिंह ने बताया कि घटना मंगलवार देर रात की है। प्रतिसार निरीक्षक ने सोमवार रात में ही आरोपी कांस्टेबल प्रशांत सिरोही पुत्र सुंदर सिंह और मोनू वालियान पुत्र सुभाष चंद्र के विरुद्ध मारपीट करने के आरोप सिविल लाइंस थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उन्हें गणना मोहर्रिर चंद्र शेखर जोशी ने फोन कर बताया था कि कांस्टेबल योगेश कुमार पुत्र बाबूराम से प्रशांत सिरोही और मोनू वालियान शराब पीकर झगड़ा कर रहे हैं। इस मामले की जांच करने दरोगा सुरेश चंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे थे। दरोगा ने उस दौरान बैरक-तीन में ही योगेश बिस्तर पर लेटा पाया था। दरोगा ने योगेश से घटना पूछी थी तो उसने उन्हें बताया था कि कांस्टेबल प्रशांत व मोनू के साथ उसने बाहर जाने से मना किया इसलिए उन लोगों ने उसे लाठी-डंडों से मारा है। इसी के बाद घायल योगेश कुमार को जिला अस्पताल लाया गया था। कांस्टेबल योगेश कुमार के सिर पर और उसके शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई हैं। उसके सिर से खून बह रहा था और पैर में फ्रैक्चर भी हो गया था। योगेश जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया है।

उधर, सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि इससे पहले भी कांस्टेबल प्रशांत कुमार व योगेश कुमार जेल जा चुके हैं। पता चला है कि प्रशांत कुमार 2021 में दुष्कर्म और योगेश कुमार अवैध शस्त्र रखने के आरोप में जेल गया था। सोमवार रात पुलिस लाइन की बैरक में हुए विवाद मामले की जांच सीओ सिविल लाइंस कर रहे हैं।

# बीडीओ पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सफाईकर्मी के बेटे की मजदूरी की धनराशि पिता के खाते में भेजी ग्राम प्रधान के खिलाफ बैठी जांच

**अमृत विचार:** सुल्तानपुर फलेदा के ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी की जांच को गलत ठहराते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। प्रधान ने जांच के नाम पर पैसा न देने पर गलत जांच करने को आरोप लगाया है। प्रधान ने चुनाव की रंजिश में शिकायतकर्ताओं पर भी पैसा मांगने का आरोप लगाया है। मनरेगा मजदूर की मजदूरी का पैसा उसके सफाईकर्मी पिता के खाते में डाले जाने का भी आरोप ग्राम प्रधान ने लगाया है। ग्राम प्रधान ने निलंबित सचिव और सफाई कर्मचारी को बहाल करने की मांग की है।

छजलैट ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर फलेदा में सफाई कर्मचारी के खाते में मनरेगा का पैसा डाले जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पंचायत सचिव राज कुमार वर्मा और सफाईकर्मी सुखबीर को खंड विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट पर निलंबित कर दिया था। प्रधान सुनील कुमार के खिलाफ जिला स्तरीय अधिकारी से जांच कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव को दिये थे।

मंगलवार को ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में खंड विकास अधिकारी छजलैट और शिकायतकर्ता पर जांच के नाम पैसे मांगे जाने का आरोप लगाया है। पैसा न देने पर गलत जांच रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए अन्य अधिकारी से दोबारा जांच करने और निलंबित सचिव व सफाई कर्मी को बहाल करने की मांग की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि मैं तीन बार से प्रधानी का चुनाव जीत रहा हूं। मेरे सामने चुनाव लड़ने वाले जितेंद्र और अपनी भाभी को चुनाव लड़ाने वाले मानवीर ने शिकायत की है। मामले को गलत तरीके से अधिकारियों दिखाया गया है। गांव में मौजूद सफाईकर्मी सुखबीर नौकरी से पहले मनरेगा में कार्य करता था। उसके साथ जॉब कार्ड में उसके बेटे सुभाष का भी नाम है और वो अभी भी काम करता है। जॉब कार्ड में खाता नंबर आज भी सुखबीर का है जिसमें बेटे सुभाष की मजदूरी का पैसा डाला गया है। जोकि हर बार डाला जाता है। गांव में मनरेगा के सुपरवाइजर की तैनाती न होने पर प्रधान को ही मनरेगा का कार्य देखना पड़ता है। जिला अधिकारी को खंड विकास अधिकारी ने गलत रिपोर्ट दी है। जिसमें सफाईकर्मी और सचिव का कोई दोष नहीं है।

# भाजपा में बूथ-पन्ना प्रमुखों के मददगार बनेंगे मंडल संयोजक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बूथ और पन्ना प्रमुख की रिपोर्ट का करेंगे अध्ययन

**अमृत विचार:** मिशन 2024 में जुटी भाजपा ने बूथ और पन्ना प्रमुख के कार्य को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है। मंडल संयोजक इस कार्य की असल रचना करेंगे। बूथ और पन्ना प्रमुख की टीम को हर केंद्र से 60 प्रतिशत मत हासिल करने और मतदाताओं से सीधे संपर्क की योजना तय की है। क्षेत्रीय बैठक में लोक सभा चुनाव में क्षेत्र की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए बूथ और पन्ना प्रमुख के फार्मूले को पूरी तरह सफल बनाने के लिए मंडल स्तर पर संयोजक की नियुक्ति का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान हमारे कार्य की अहम कसौटी है। इसलिए अब बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख के कार्य को मंडल संयोजक अंतिम रूप देंगे। यानी की अब मंडल संयोजक चुनावी अभियान की अहम कड़ी होंगे। जो बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख के कार्य में सीधे दखल देंगे। पार्टी ने 25 जनवरी के बाद नव मतदाता सम्मेलन की योजना तैयार की है। संगठन के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा का कहना है कि भाजपा कैडर आधारित संगठन है। बूथ प्रबंधन हमारी कार्ययोजना को अमली जामा पहनाने की मुख्य कड़ी है। इसके लिए मंडल संयोजकों की नियुक्त की जा रही है।

# इमाम अली नकी की शहादत पर मजलिस

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूक के इमामबारगाह पंजेतनी में सोमवार की रात मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मौलाना इरशाद हैदर इलाहाबादी ने खिताब किया। उन्होंने शिया समुदाय के दसवें इमाम अली नक़ी की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि इमाम अली नक़ी निहायत नेक इंसान और हमेशा खुदा की इबादत में मशगूल रहते थे।

लोगों में इमाम की इज्जत और शोहरत देख कर बादशाह ने उन्हें कैद कर दिया। लेकिन इमाम कैदखाने से ही लोगों के मामले हल करने लगे। यह देख बादशाह ने इमाम को जहर दिला कर शहीद करा दिया। इमाम अली नकी की शहादत सुनकर अजादार की आंखों से आंसू छलक आए। मजलिस के बाद इमाम अली नकी का ताबूत बरामद किया गया। जिसकी अकीदतमंदों ने जियारत कर इमाम हसन असकरी को पुरसा पेश किया। मजलिस में मरसिएख्वानी आदिल नकवी ने की। नोहेख्वानी आदिल नकवी, गुलजार रजा, मो. नवाज़ और मेहमान नोहेखवान अयाज मेरठी, जावेद रजा मेरठी, मो. मेंहदी मेरठी ने की। मजलिस में नैय्यर अब्बास नकवी, राहिल नकवी, जामिन नकवी, दानिश नकवी, हैदर हसन, असगर मेंहदी, शहजाद जैदी, शबी अब्बास, इरशाद हुसैन, इमरान हैदर, शाने अब्बास, एजाज हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।



मोहल्ला सराय फारूक में मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

**सख्ती** ताहरपुर में दुकानदारों को पुलिस ने बाजार से खदेड़ा, मायूस लौटे दूर दराज के व्यापारी

# 100 साल पुराना साप्ताहिक बाजार बंद कराया

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार:** कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर के मशहूर साप्ताहिक बाजार को मंगलवार को पुलिस ने उच्चाधिकारियों के आदेश पर नहीं लगने दिया। जिससे दूरदराज के व्यापारियों को बैरंग लौटना पड़ा। पुलिस की कार्रवाई से व्यापारियों में रोष है। उनका कहना है कि इस संबंध में पुलिस ने पहले से कोई सूचना नहीं दी।

ग्राम ताहरपुर का साप्ताहिक बाजार लगभग 100 साल पुराना है। यहां मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, बदायूं, हापुड़, बिजनौर, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ आदि जिलों के व्यापारी पशु खरीदने आते हैं। इस साप्ताहिक बाजार में हर तरह का घरेलू सामान, फल-सब्जी आदि के अलावा कपड़ा, दरी चादर, लिहाफ गद्दे और कृषि यंत्र आदि बिकते हैं। मंगलवार को मैनाठेर पुलिस ने उच्चाधिकारियों के आदेश का हवाले देकर साप्ताहिक बाजार नहीं लगाने दिया। बल्कि दुकानदारों ने जो दुकानें लगा ली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच उन्हें भी भगा दिया। जानकारी के मुताबिक पैंठ बाजार में कुछ लोगों की हिस्सेदारी है जिसके चलते बाजार से होने वाले शुल्क को लेकर विवाद चल रहा है। इस संबंध में प्रशासन से शिकायत भी की गई थी। प्रारंभिक जांच के उपरांत ही स्थानीय प्रशासन ने साप्ताहिक बाजार को बंद कराने का निर्णय लिया। इसी के चलते मैनाठेर पुलिस ने बाजार नहीं लगने दिया। इस दौरान मैनाठेर कोतवाली प्रभारी सतेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक राखी शर्मा व कांस्टेबल बबीता आदि मौजूद रहे।



ताहरपुर में साप्ताहिक बाजार को बंद कराती पुलिस। ● अमृत विचार

- बाजार बंद कराने की नहीं दी थी सूचना, व्यापारियों में रोष

वहीं इस संबंध में एसडीएम बिलारी राजबहादुर सिंह ने बताया कि ताहरपुर के बाजार का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसी को लेकर बाजार बंद कर दिया है।

### शिविर लगाकर नमो ऐप डाउन लोड कराने में जुटे भाजपाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ऐप अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर विधानसभा के दस सराय नगर मंडल के सीतापुरी शक्ति केंद्र पर नमो एप डाउनलोड कराने के लिए कैंप लगाया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता ने 10 लोगों के मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड कराकर कैंप का आरंभ किया।

विधायक ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डायरेक्ट जुड़ने के लिए यह ऐप सबसे सरल माध्यम है। संचार क्रांति के युग में ऐप से केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। मंडल अध्यक्ष मंगलसेन राजपूत की देखरेख में ऐप डाउनलोड कराया गया। अभियान के महानगर संयोजक श्याम बिहारी शर्मा, महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप, नगर विधानसभा के प्रवासी नवदीप टंडन, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, आईटी विभाग के महानगर संयोजक सुमित चौहान, पार्षद चंद्रभान सैनी, भगवान दास कश्यप, हेमराज आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
मो0 :- 7417134445, 7895804216

## एक नजर

### बिजली विभाग ने 16 दिन में एक करोड़ वसूले

**अमरोहा, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर बिजली उपभोक्ताओं से वसूली के लिए दी जा रही राहत योजना को 16 जनवरी तक बढ़ा दिया था। मंगलवार को अधीक्षण अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि छूट योजना के अंतिम दिन सभी बिजली उपकेंद्रों पर शिविर लगाए गए। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से 16 जनवरी तक उपभोक्ताओं से एक करोड़ रुपए की वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि योजना से वंचित रह गए बिजली उपभोक्ताओं से अब कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर वसूली की जाएगी। योजना को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है।

### छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश

**अमरोहा, अमृत विचार :** शर्मादेवी कन्या इंटर कॉलेज में योजना के अंतर्गत छात्रों द्वारा मानक श्रृंखला बनाकर भारत का नक्शा बनाया। प्रधानाचार्य चारू शर्मा के निर्देश पर कॉलेज की छात्राओं ने मानव श्रृंखला का आयोजन किया। इसके अलावा कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्रों ने स्टेट बैंक, गंगा मंदिर, बड़ा बाजार व मंडी चौक में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। इस मौके पर वर्मा, ममता अग्रवाल, जकिया, शालिनी, संगीता, साकेत, ममता व आरोही रहे।

### शांति प्रिय होते हैं सिख समाज के लोग: महबूब

**अमरोहा, अमृत विचार :** मंगलवार को सदर विधायक महबूब अली श्री गुरु गोविंद सिंह प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा जी ग्राम सुदनपुर में सालाना गुरमीत जोड़ समापन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सिख समाज के लोग शांति प्रिय होते है। यह निस्वार्थ भाव से सेवा करते है। सिख समाज हित के लिए मैं हमेशा तत्पर रहता हूं। हमे भी सिख समाज की तरह सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर श्री वीरपाल सिंह, उत्तम सिंह, अशोक सिंह, सोभित सिंह, महेंद्र सिंह रहे।

### खाईबाड़ी करते एक आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि आत्माराम कुंड के निकट स्थित यात्री शेड में एक युवक खाईबाड़ी कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने नाम कपिल निवासी मोहल्ला काला शहीद बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को कपिल के पास से 720 रुपये नकद, एक डायरी, एक पेंसिल बरामद हुई।

# निजी विद्यालय से एक लाख की चोरी

## सोमवार रात चोरों ने ताले तोड़कर की घटना

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ठंड के साथ जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। चोरों ने गजरौला थाना क्षेत्र के तहत निजी विद्यालय को निशाना बनाया है। चोरों ने वहां से एक लाख का सामान चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह सफाई करने पहुंची महिला कर्मचारी ने ताला टूटा देखा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

बसैली गांव में बीते एक सप्ताह में सोमवार को चोरी की दूसरी वारदात हुई है। गांव निवासी साजिद उर्फ सज्जाद सैफी का गांव में ही एमएमए हायर सेंकेंड्री स्कूल है। सोमवार रात दीवार फांदकर चोर स्कूल के अंदर घुसे तथा कार्यालय का ताला तोड़कर उसमें रखे कंप्यूटर, सीपीयू व 10 हजार रुपये की नकदी समेत लगभग एक लाख रुपये का सामान चोरी करके ले गए। मंगलवार सुबह स्कूल की सफाई करने पहुंची महिला कर्मचारी अफलीना ने कार्यालय का ताला टूटा देखा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर स्कूल संचालक मौके पर पहुंच गए और चोरी की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। वहीं एक सप्ताह में चोरी की दो वारदातों ने क्षेत्र के लोग दहशत में है।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

### बाइक सवार बदमाशों ने छात्र से मोबाइल छीना

**हसनपुर, अमृत विचार :** बाईपास मार्ग पर मोबाइल पर बात कर रहे छात्र से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। मोबाइल लूट की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से जानकारी की। थाना रहरा के गांव बरतौरा निवासी मोहम्मद कैफ झम्मनलाल महाविद्यालय में डी फार्मा का छात्र है। वह मंगलवार को मोबाइल से बात करता हुआ कॉलेज जा रहा था, जैसे ही वह गैस एजेंसी के निकट पहुंचा तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस पीड़ित को कोतवाली ले आई। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला। जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरियों का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती

**हसनपुर, अमृत विचार :** मात्र पांच दिन में तीन व्यापारियों के यहां लाखों की चोरी का खुलासा करना कोतवाली पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। वहीं व्यापारी नेताओं ने जल्द खुलासा करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस खुलासा नहीं करती है तो व्यापारी आंदोलन करने को विवश होंगे। 11 जनवरी को नगर के मुख्य बाजार स्थित भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल की दुकान सहित उनके ताऊ महेंद्र अग्रवाल की दुकान को चोरों द्वारा निशाना बनाकर लाखों की चोरी को अंजाम दिया था। सोमवार को व्यापारी पराग अग्रवाल की दुकान से सवा लाख की चोरी हुई। अब कोतवाली पुलिस के लिए तीनों व्यापारियों के यहां हुई चोरी का खुलासा करना चुनौती बन गया है। वहीं व्यापारी संगठनों के द्वारा तीनों चोरियों का जल्द खुलासा करने की मांग की जा रही है, अगर पुलिस खुलासा नहीं किया जाता है तो व्यापारी आंदोलन करने को विवश होंगे। वही प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार का कहना है कि पुलिस टीम कार्य कर रही है और चोरियों का जल्द अनावरण किया जाएगा।

### आवास योजना की पात्र महिला आवेदक से 25 हजार मांगने का आरोप

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार को मोहल्ला गांधीनगर निवासी सुधा सैनी पत्नी स्वर्गीय महिपाल सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन साल पहले आवेदन किया था। जिसमें उनका चयन हो गया था। महिला ने उन्हें योजना से अपात्र करने वाले कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर उप जिला अधिकारी राजीव राज को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित ने आरोप लगाया है कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने को लेकर आवेदन किया था। और वह पात्र सूची में भी आ गई थीं। वहीं उनका जिओ टैग भी हो गया था। सुधा सैनी का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी व वार्ड मेंबर द्वारा 25 हजार रुपये की मांग को पूरा न कर पाने के कारण उन्हें योजना से अपात्र कर दिया गया। उन्होंने एसडीएम से पुनः जांच कर कर्मचारी व पालिका के सभासद पर कार्रवाई करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निशुल्क आवास दिलाने की मांग की है।

# आठ साल तक युवती से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ **रुस से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे आरोपी ने किया शादी से इनकार**

**अमृत विचार :** युवक ने आठ साल पहले हुई दोस्ती के बाद नजदीकी बढ़ने पर शादी करने का झांसा देकर बीए की छात्रा से दुष्कर्म किया था। इस दौरान आरोपी रूस पढ़ने चला गया था। वहां से चिकित्सक की डिग्री मिलने पर लौटे आरोपी ने युवती से शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता के परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी तो आरोपी ने रिश्ता खत्म कराने की धमकी दी और लिव इन रहने का दबाव बनाया। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है।

डिडौली क्षेत्र में कस्बा जोया निवासी कारोबारी की 24 वर्षीय बेटी की साल 2016 में गांव नीलीखेड़ी निवासी मुजीब से दोस्ती हुई। जिसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। मुजीब ने उस समय नाबालिग को शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया था। इसके बाद साल 2018 में मुजीब एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए रूस चला गया। आरोप है कि इस दौरान मुजीब जब भी घर आता तो शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता। लगभग एक साल पहले मुजीब रूस से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरीकर घर लौट आया। जब छात्रा ने शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने शादी से इनकार कर दिया। बदनामी होने की वजह से छात्रा खामोश रही, इससे अंजान परिजनों ने दूसरे लड़के से उसकी शादी तय कर दी। इसकी भनक लगने पर मुजीब ने रिश्ता खत्म कराने की धमकी दी और लिव इन रिलेनशिप में साथ रहने के लिए दबाव बनाया। जिसके बाद परेशान छात्रा ने परिजनों को आपबीती बताई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी मुजीब धमकी देकर उसका मानसिक शोषण करता है। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में डॉ. मुजीब के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उनका कहना है कि जल्दी की आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक से मिलने जाते व्यापारी। ● अमृत विचार

# व्यापारियों ने की चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापरियों ने प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार को ज्ञापन दिया। जिसमें चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग की।

ज्ञापन में व्यापारियों ने कोचिंग सेंटर के बाहर मनचलों को नियंत्रित करने का अनुरोध किया, नगर में दिन में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने और बृहस्पति बाजार में चोरी रोकने के लिए गस्त बढ़ाने की मांग की। इस मौके पर अर्पण गुप्ता, विक्रांत शर्मा, वेद प्रकाश यादव, श्रीरामचंद्र, राजीव अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महेश अग्रवाल, विकास यादव, इदरीस अहमद, शीतल शर्मा, धर्मवीर सैनी, गिरिराज शर्मा, कन्नू रस्तोगी, गौरव रस्तोगी, पवन वर्मा, अतुल अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, दिव्यांशु शर्मा व अक्षय अग्रवाल रहे।

### ग्रामीणों ने की छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** जनपद के गांव शेखूपुर गुर्जर में इन दिनों लोग छुट्टा पशुओं से परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि छुट्टा पशु फसलों को खराब कर रहे हैं। आए दिन छुट्टा पशु बुजुर्गों व बच्चों पर हमला करते रहते हैं। कई बार हम लोग इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। मांग करने वालों में सत्य प्रकाश प्रधान, यतेंद्र पवार, दिनेश पवार, राणा, गुड्डू पाल, सतपाल, भाजपाल, महिपाल कश्यप, चरण कश्यप, रेनू कश्यप, अनवर सैफी, भूरे सैफी, स्माइल सैफी, शौकत सैफी, चेतन सिंह, मदन पवार, कलुआ कश्यप, राजेंद्र पाल, रजत चौधरी, जितेंद्र पवार, शीशपाल, इंद्रपाल सिंह, भोलेपाल सिंह, प्रवीण पाल, भोलू सैफी, नन्हे खां शामिल रहे।



गजरौला के श्रीराम मंदिर में सफाई करते जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य।



शिव मंदिर में सफाई करते डॉ. मोमराज व अन्य। ● अमृत विचार

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने की मंदिर में सफाई

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने श्रीराम मंदिर में साफ-सफाई की और भगवान श्रीराम की आरती उतारी।

मंगलवार सुबह जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर मोहल्ला नाईपुरा में भरतिया समूह द्वारा निर्मित श्रीराम मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर की देखरेख करने वाले जुबिलेंट में प्रशासनिक प्रबंधक अशोक राय, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डॉ. सुजिंदर फोगाट एवं पिंटू भाटी के संग मंदिर परिसर में झाड़ू लगाई। बता दें कि गजरौला में स्थित श्रीराम मंदिर अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर से काफी मिलता है। दोनों ही मंदिरों को शिल्पकार चंद्रकांत सोमपुरा ने डिजाइन किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर आदि ने श्रीराम मंदिर में साफ-सफाई की। उनके साथ अपर मुख्य अधिकारी जितेंद्र कुमार भी रहे।

### स्वच्छ स्थान पर ही विराजते हैं भगवान : मोमराज

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** विधानसभा नौगांवा सादात क्षेत्र की तहसील क्षेत्र के कताई मिल प्रांगण में बने शिव मंदिर में भाजपा नेता डॉ. मोमराज गुर्जर और उनकी पत्नी शांता गुर्जर, पूर्व ब्लाक प्रमुख आदि ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर 22 जनवरी को पूजा अर्चना करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख शांता गुर्जर, बेगराज सिंह यादव, अथर्व मावी, बर्न सिंह, गोपीचंद व अखिल गोस्वामी शामिल रहे।

# शिक्षकों के फर्जी शपथपत्र दाखिल करने पर न्यायालय ने आख्या मांगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ **महाविद्यालय के प्रवक्ता ने कोर्ट में दिया था प्रार्थना पत्र**

**अमृत विचार :** 19 साल पहले एनसीटीई के मानक पूरे करने के लिए शिक्षकों के फर्जी व कूटरचित शपथपत्र रुहेलखंड विश्वविद्यालय में दाखिल कर मान्यता लेने के मामले में आरबीएम कॉलेज प्रबंधन फंस गया है। कोर्ट में दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए सीजेएम ने शहर कोतवाली पुलिस से मामले में 15 फरवरी तक जांचकर आख्या तलब की है।

मामला शहर के मंडी धनौरा मार्ग स्थित राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय से जुड़ा है। जिसमें पूर्व सपा नेता कमाल फारुकी कॉलेज की प्रबंधन समिति में अध्यक्ष, उनका बेटा दानिश कमाल फारुकी उपाध्यक्ष व मोहल्ला चाहगौरी निवासी शबीह अहमद सचिव हैं। शहर के मोहल्ला नियाजियान निवासी वादी अशहर तौसीफ की साल 2011 में इस कॉलेज में पद पर प्रवक्ता तैनाती हुई थी। उनका आरोप है कि साल 2005 में कॉलेज को मिली मान्यता में एनसीटीई के मानक पूरा करने से जुड़ी औपचरिकताओं में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा किया गया। कमाल फारुकी और शबीह अहमद ने 10 शिक्षकों के फर्जी व कूटरचित शपथपत्र तैयार करकर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यायल बरेली से मान्यता हासिल कर ली। जिन लोगों को कॉलेज में प्रवक्ता दर्शाया, उनका शिक्षण कार्य से दूर तक कभी कोई वास्ता नहीं रहा। आरोप है कि 18 मई 2023 की शाम प्रबंधन कमेटी के सचिव हाजी शबीह अहमद ने उन्हें अपने घर बुलाया था, जहां पहले से ही कमाल फारुकी और उनका बेटा दानिश फारुकी मौजूद थे। दबाव बनाकर तीनों ने उनका फोटो ले लिया और शपथपत्र पर चस्पा कर हस्ताक्षर करा लिए। उनका आरोप है कि इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत की गई। लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद तीनों रंजिश मानने लगे और अब हत्या की धमकी दे रहे है। इस मामले में अधिवक्ता मतलूब सुब्हानी के माध्यम से अशहर तौसीफ ने प्रार्थना पत्र दिया था। अधिवक्ता मतलूब सुब्हानी के अनुसार सीजेएम अमर प्रताप चौधरी ने प्रभारी निरीक्षक शहर कोतवाली से मामले में 15 फरवरी तक जांच कर आख्या तलब की है।



सफाई करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# 19 जनवरी को होगा झंडा पूजन और 20 को हवन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने अयोध्यापुरी में सफाई की और दीपोत्सव की तैयारी की।

मंगलवार को श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के मैदान में स्थापित अयोध्यापुरी में समिति के पदाधिकारियों ने साफ सफाई कर दीप उत्सव की तैयारियां शुरू कीं। इस दौरान बताया कि समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में 19 जनवरी को झंडा पूजन होगा। इसके बाद 22 जनवरी को सुबह 10 बजे हवन एवं शाम को भगवान राम की भव्य रामलीला का मंचन कराया जाएगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, लोकेश अग्रवाल, हुक्म सिंह चौहान, वेदप्रकाश यादव, गिरधारी लाल सैनी, पंडित सतवीर गिरि व रवि यादव शामिल रहे।

# पुलिस ने पकड़ी नकली सीमेंट फैक्ट्री

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने सीमेंट कंपनी की शिकायत पर क्षेत्र में बनाए जा रहे नकली सीमेंट की फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एक नामी सीमेंट कंपनी के जनपद अमरोहा से सीनियर मैनेजर संजय शर्मा व मैनेजर कमल सिंह को पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि डिडौली क्षेत्र में एक फैक्ट्री में उनकी कंपनी के नाम से नकली सीमेंट बनाया जा रहा है। सीनियर मैनेजर ने इसकी शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलने पर मंगलवार को कोतवाली में तैनात एसएसआई लवनिष चौधरी टीम के मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री से 630 कट्टे सीमेंट से भरे हुए और 113 कट्टे खाली बरामद किए। पुलिस ने मौके से उमर अली निवासी डिडौली व महबूब निवासी उझारी थाना सैदनगली को गिरफ्तार कर लिया। जबकि शाने आलम मौके से भागने में सफल रहा। कंपनी के अधिकारियों ने मौके से सीमेंट का नमूना लेकर नोएडा की प्रयोगशाला में भेजा है। पुलिस ने कंपनी के मैनेजर की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अल्ट्राटेक कंपनी के सीनियर मैनेजर संजय शर्मा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फैक्ट्री के गोदाम से कई सीमेंट कंपनियों के बैग और अन्य सामान व उपकरण बरामद किए गए हैं, जिन्हें कब्जे में ले लिया गया है।



फैक्ट्री से बरामद नकली सीमेंट के बोरे। ● अमृत विचार



अमन कमेटी की बैठक में बोलते सीओ दीप कुमार पंत। ● अमृत विचार

# भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर मनाएं उत्सव

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** थाना परिसर में 22 जनवरी तथा 26 जनवरी के आयोजन को लेकर अमन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें नगर एवं देहात क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने सभी लोगों से 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर होने वाले उत्सव को लेकर कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव मनाएं और सभी लोग इसमें सहयोग करें। 26 जनवरी पर भी सभी अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जब हम भगवान श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलेंगे तभी आदर्श राज्य होगा। इस दौरान लोगों से सुझाव भी लिए गये। थानाध्यक्ष वरुण कुमार, शेखर गुप्ता, राहुल गुप्ता, सलमान अब्बास, अमित कुमार, अय्यूब मलिक, बाबू, बिलाल अब्बासी, अम्बरीश कुमार, नीरज कुमार, दिलशाद अली व चन्द्रपाल सिंह शामिल रहे।

बैठक | क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास के मुद्दों पर चर्चा

# सभी लोगों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विकास कार्यों व सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं।

मंगलवार को ब्लॉक सभागार में बैठक में सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों को लेकर ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्र पंचायत की बैठक में विभिन्न परियोजनाओं को लेकर प्रस्ताव रखे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राज्य वित्त योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा पेंशन योजनाओं से संबंधित आदि बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान ब्लाक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र को विशेष रूप से मिले, इसके लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों का गांवों के विकास में अहम रोल होता हैं। उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि धनौरा ब्लॉक ही आदर्श ब्लॉक बने। इसके लिए और निरंतर प्रयास करते रहेंगे। बैठक में विद्युत विभाग के एक्सईएन और पूर्ति निरीक्षक के अनुपस्थित रहने पर रोष व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा, एडीओ गौरव गंधर्व, रामचंद्र सिंह, पंकज कुमार, शीबा परवीन, डॉ. नेपाल सिंह, कुसुम लता, जयवीर सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, उधम सिंह, कदीर सैफी, कमल चौधरी, रहीस मंसूरी, यशवीर खटाना, देशराज सिंह समेत 29 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व 60 क्षेत्र पंचायत सदस्य और पंचायत सचिव मौजूद रहे।



बैठक में चर्चा करते क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष और सदस्य। ● अमृत विचार

# ग्रामीण से मारपीट में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दीवार की चिनाई करते समय हुई मारपीट के दौरान एक ग्रामीण घायल हो गया था। परिजनों के साथ घायल कोतवाली पहुंचा और गांव निवासी चार के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव सिरसा गुर्जर निवासी जयविंद पुत्र राम सिंह मकान की दीवार की चिनाई करा रहा था। तभी गांव निवासी विनोद, रनवीर, अमित व गुड्डू वहां पर पहुंचे और जयविंद से गाली गलौज करने लगे, देखते-देखते चारों उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में जयविंद घायल हो गया। शोर सुनकर कुछ ग्रामीण मौके पर जमा हो गए जिन्हें देखकर चारों आरोपी भाग गए। घायल जयविंद परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और चारों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया। कोतवाली पुलिस ने तहरीर एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर विनोद, रनवीर, अमित व गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला से मारपीट में रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव हथियाखेड़ा निवासी डालो विधवा महिला है। गांव के ही चंद किरन व कैलाश पिछले काफी समय से महिला के घर के बाहर शौच कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर चंद किरन, कैलाश, गीता व धन्नो ने डालो के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट में महिला घायल हो गई। पीड़ित घायल कोतवाली पहुंची और चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी चंद किरन, कैलाश, गीता व धन्नो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक नजर


पदक दिखाते प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्रा व शिक्षक। ● अमृत विचार

## प्रतियोगिता में आरना त्रिपाठी रही प्रथम

**गजरौला, अमृत विचार :** साइन्स ओलिंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित गणित व विज्ञान प्रतियोगिता में नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि 21 को विज्ञान व 30 नवंबर को गणित की प्रतियोगिता हुई थी। छात्रा आरना त्रिपाठी ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का पहला व छात्र प्रत्यूष ने 19वां स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार की स्वरा श्रीवास्तव, कक्षा पांच के श्रेयांश गुप्ता गणित में द्वितीय स्तर के लिए चयनित हुए। वहीं त्रिषा पाल, अनन्या सिंघल, अदिति निमांकर, आमिर हसन, दक्ष राजपूत, आशी सिंह, मिनी कान्त, अक्षिता गुप्ता, नायरा कौशिक, गंधम यशवंत, दिवांक अग्रवाल, मानवेन्द्र सिंह, अवनी सिंह, तुषित कुशवाहा, आराध्या राजपूत, विवान मेन्दीरता, नक्ष वर्मा, हार्दिक चौहान, गार्गी चौहान, निहित सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। विद्यालय की चेयरपर्सन अंशू नागपाल, निदेशक व प्रधानाचार्या ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

## उप जिलाधिकारी ने नाला निर्माण का किया निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** मंगलवार को उप जिलाधिकारी प्रतिभा सिंह ने नगर पालिका के लोक निर्माण के अवर अभियंताओं के साथ नगर पालिका द्वारा निर्माण कराए नालों का औचक निरीक्षण किया उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका द्वारा निर्माण कराए गए नालों का निरीक्षण करते हुए उनकी गुणवत्ता की जांच की। उप जिलाधिकारी ने बिजनौर रोड पर नागपाल की दुकान से लेकर कल्याणपुर तक बनाए गए आरसीसी नाले का निरीक्षण किया। वहीं मोहल्ला नल में निर्माण कराए गए नाले का भी देखा। इसके अलावा उप जिलाधिकारी ने ईदगाह क्षेत्र में भी बनाए गए नाले का निरीक्षण किया।

# घने कोहरे, पाले से फसलें प्रभावित

## किसानों को आलू, मटर और टमाटर का उत्पादन कम होने की आशंका

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पिछले एक सप्ताह से घने कोहरे के कारण आलू समेत कई फसलें प्रभावित हुई हैं। पहले लगायी गई आलू की फसल बाजार भेज दी गई है। पिछली प्रजाति का आलू लगाने वाले किसानों के लिए यह परेशानी भरा समय है। किसान कोहरे और ठंड से कांप उठे हैं।

मौसम की बदलाव और गिरते तापमान के साथ कोहरे और पाला ने रबी की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। ठंड और कोहरे का असर सबसे ज्यादा असर मटर, टमाटर की फसलों के साथ आलू की फसल पर पड़ रहा है। खेतों में आलू की फसल झुलसा रोग से ग्रस्त हो रही है। कोहरा घने होने के कारण मधुमक्खियां फसल तक नहीं पहुंच पाती है। जिसके कारण सरसों, मटर आदि के फसलों में परागण ठीक से नहीं हो पाता है। इससे फलियों में दाना कम बनते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी एके मिश्र ने बताया कि कोहरे से किसानों को फसलों को बचाने के लिए खेतों में नमी रखनी अनिवार्य है। जिससे फसल को नुकसान होने से बचाया जा सकता है। किसानों को दोपहर के समय डेढ़ प्रतिशत दवा को पानी में मिलाकर कर फसलों पर रोगों से बचने के लिए छिड़काव करना चाहिए। जिससे फसलों को रोगों से बचाया जा सकता है।


कोहरे के कारण झुलसा रोग से प्रभावित आलू की फसल। ● अमृत विचार

### सफेद परत के चलते पत्तों की बढ़त प्रभावित

कई दिनों तक कोहरे के जमने से सब्जियों की फसलों के नुकसान की संभावना रहती है। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी एके मिश्र ने बताया कि कोहरा पड़ने पर ओस बर्फ की तरह जम जाती है। इससे फसलों के तने व पत्तों में जो सेल होते हैं, उनके खत्म होने की आशंका रहती है। उनका कहना है कि सफेद परत के चलते पत्ते सांस नहीं ले पाते हैं। कोहरे से लगभग सभी फसलें प्रभावित होंगी। खासकर आलू, मटर व टमाटर की फसल के झुलसने की आशंका अधिक रहती है। किसानों को कोहरे से फसलों को बचाने के लिए खेतों में सिंचाई करनी चाहिए।


कोहरे से फसलों को नुकसान होने लगा है। इसके साथ ही माहू व चेपा रोग का प्रकोप हो सकता है। ज्यादा दिनों तक कोहरा पड़ता रहा तो तिलहन की फसलों का उत्पादन आधा रह जाएगा। इससे किसानों को परेशानी होगी
-देवेंद्र सिंह, किसान


कोहरा पड़ने से टमाटर की फसल में फूल झड़ने की आशंका है। वहीं पौध में जो फल लगे हैं। उनकी ग्रोथ रुक जाती है। सर्दी अधिक होने से फल फट जाता है। अधिक सर्दी पड़ने से फसल पूरी बर्बाद हो जाती है।
-नीरूनंदन, किसान

## संकल्प यात्रा में आयुष्मान कार्ड की जानकारी दी

**सैदनगली, अमृत विचार :** गांव सकतपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 17 विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी इशरत नियाज ने बताया के ग्राम सकतपुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मरीजों को 12 तरह की सेवाएं और 14 तरह की जांचें की जाती हैं। उन्होंने भारत सरकार की आयुष्मान योजना के बारे में बताया। आयुष्मान कार्ड की पात्रता बताई कि आयुष्मान कार्ड सिर्फ उन्हीं के बनाए जा रहे है। जिनके राशन कार्ड में कम से कम छह यूनिट हो या अंत्योदय कार्ड हो या जिनकी उम्र 60 वर्ष और इससे अधिक हो। उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया आयुष्मान लाभार्थी आयुष्मान कार्ड के द्वारा प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का उपचार किसी भी निजी अस्पताल में करवा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने नवविवाहित दंपतियों को शगुन किट देकर सम्मानित किया।


पालिका बोर्ड की बैठक में बोलते पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

# धूमधाम से मनेगा गणतंत्र दिवस

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने का प्रस्ताव नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभी सभासदों की सर्वसम्मति पास हुआ। सभासदों ने बैठक में वार्डों समस्याओं को भी बैठक में रखा।

मंगलवार को पालिका बोर्ड की बैठक पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभासद शाहनवाज अंसारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर पालिका द्वारा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा हो। यशपाल सिंह चौहान ने कहा कि गणतंत्र दिवस मनाने के लिए कमेटी बने। जाहिर अली ने पालिका स्टाफ पर सभासदों की सुनवाई न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। इरम खान ने कहा कि पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को उपहार दिया जाए। बैठक में पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि किसी भी सभासद के मान सम्मान में कोई भी कमी नहीं आएगी। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने किया। बैठक में नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, जेई संगीता कश्यप, सभासद साजिया खान, चमन देवी, दीपक कुमार, राजपाल सैनी, मोहसिन खान, नाजिया, यशपाल चौहान, शुभम अग्रवाल, हम्ज़ा अली, नितिन सैनी, जाहिद अली, दिलशाद हसन शामिल रहे।

# समाज के सभी वर्गों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- बैठक में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प
- भाजपा कर रही सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर काम

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह पाल रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने की।

मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह पाल ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब, पिछड़ा, मजदूर, महिलाओं, युवाओं, युवतियों किसानों को मिल रहा है। महिलाओं को जन धन, उज्जवला योजना का लाभ मिल रहा है। बेटियों को सशक्त बनाने का काम भाजपा सरकारों ने किया है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करती है। पार्टी इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर मिशन 2024 पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया का नेतृत्व करने की स्थिति में है और विश्व सहयोग की दृष्टि से देख रही है। जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने कहा कि उपस्थित जनप्रतिनिधियों को सभी मंडलों में बूथ सत्यापन तथा पन्ना प्रमुख व पन्ना कमेटी का सत्यापन कर उनके साथ 2024 की रणनीति बनाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता की बागडोर सौंपनी है। इस मौके पर पूर्व सांसद कवर सिंह तंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, विधायक राजीव तरारा, विधायक महेंद्र सिंह खगड़वंशी, पालिका अध्यक्ष शशि जैन, ब्लाक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लो व रमेश कलाल शामिल रहे।

# कोर्ट ने दिए एक्सईएन व एसडीओ समेत पांच पर रिपोर्ट के आदेश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- सात दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट देगी हसनपुर पुलिस

**अमृत विचार :** किसान को फर्जी बिजली कनेक्शन पर 2.15 लाख रुपये का नोटिस भेज दिया। शिकायत करने पर किसान व उसकी पत्नी को जेल भेजने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं बिजली अधिकारियों पर मामला निपटाने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का भी आरोप लगा है। अब सीजेएम कोर्ट ने हसनपुर पुलिस को एक्सईएन, दो एसडीओ व जेई समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सात दिनों में कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट भी तलब की है।

हसनपुर क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी किसान असगर के घर में उनकी पत्नी नाजरा के नाम से एक बिजली कनेक्शन है। इसका 14 मार्च 2023 तक का बिजली बिल जमा है। आरोप है कि इसके बावजूद बिजली विभाग उनकी पत्नी नाजरा को गलत नोटिस भेज रहा था। 31 जनवरी 2022 को दो लाख 15 हजार 523 रुपये का नोटिस दिया था। इससे पहले 15 नवंबर 2022 को 26 हजार 748 का नोटिस दिया था। पीड़ित असगर ने फर्जी बिजली कनेक्शन पर नोटिस भेजने की शिकायत जिलाधिकारी के अलावा बिजली विभाग के अन्य अधिकारियों से की, लेकिन समस्या का हल नहीं निकला। आरोप है कि तीन अगस्त 2022 को असगर अपनी पत्नी नाजरा के साथ हसनपुर एसडीओ कार्यालय पहुंचा। यहां मौजूद तत्कालीन एसडीओ अजीत ने किसान और उसकी पत्नी की शिकायत नहीं सुनी। बिजलीकर्मियों ने मारपीट करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने तक की धमकी दी। इसके अलावा एक्सईएन अनिल कुमार, एसडीओ अमित प्रताप सिंह, जेई जितेंद्र कुमार और संजीव उर्फ टीटू ने दंपती पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। इस मामले को निपटाने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। आठ मार्च 2023 को बिजलीकर्मियों ने फिर से दंपती के साथ मारपीट की। पीड़ित दंपती ने कोर्ट की शरण ली। सीजेएम अमर प्रताप चौधरी ने हसनपुर कोतवाली पुलिस को एक्सईएन अनिल कुमार, एसडीओ अमित प्रताप, तत्कालीन एसडीओ अजीत, जेई जितेंद्र कुमार व संजीव उर्फ टीटू पर मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना करने के आदेश दिए है और सात दिन के अंदर कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट तलब की है।

सार-संक्षेप


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करती महिलाएं। ● अमृत विचार

## मकर संक्रांति पर बांटी खिचड़ी

**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मकर संक्रांति और भारतीय सेवा दिवस के कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कुमारी जिज्ञासा ने मकर संक्रांति पर्व की जानकारी दी। दिवाकर पांडेय ने सभी को मकर संक्रांति और भारीतय सेवा दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यालय में खिचड़ी वितरण किया।


मंदिर में हवन-पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## मूर्ति स्थापना की वर्षगांठ पर हवन-पूजन

**डिडौली, अमृत विचार :** कस्बा जोया में बजरंग बली मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति स्थापना की 10वीं वर्षगांठ पर हवन एवं पूजन हुआ। हाईवे किनारे बजरंग बली मंदिर में मंगलवार को 10वीं वर्षगांठ पर पंडित विजय तिवारी ने हवन एवं पूजन का आयोजन कराया। हवन में साईं बाबा के भक्तों ने हिस्सा लिया और हवन के बाद प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर डॉ. हुकम सिंह, तिलोकि शर्मा, बबीता देवी, जयादेवी, सीमा चौधरी, मीना गुप्ता, नीलम गुप्ता, दीपिका गुप्ता, अनीता देवी व गीता गुप्ता शामिल रहे।


लिहाफ बांटते बसपा नेता डॉ. अफसर अली व अन्य लोग। ● अमृत विचार

## बसपा नेता डॉ. अफसर अली ने किया लिहाफों को वितरण

**हसनपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन के अवसर पर बसपा नेता डॉ. अफसर अली ने गरीब एवं बेसरा लोगों को लिहाफों का वितरण किया। पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर मंगलवार को कनैटा रोड पर लिहाफों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह व मंडल कोऑर्डिनेटर जफर मलिक मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. अफसर अली ने कहा कि वह बसपा अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर लिहाफों का वितरण करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 1100 लिहाफों का वितरण किया है। इस मौके पर अजब सिंह, बदन सिंह, चंद्रभान सिंह, मोहम्मद यूसुफ कुरैशी, कैलाश, नौशाद अली, अंसार, सत्तर कुरैशी, शाहिद कुरैशी, फुरकान, इमरान, छुन्नत भारती शामिल रहे।


वासुदेव तीर्थ स्थल में सफाई करतीं पालिका अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

## स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत चेयरमैन ने किया श्रमदान

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने वासुदेव तीर्थ मंदिर में सफाई की। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष स्वच्छता अभियान के तहत वासुदेव स्थल पर पहुंची, जहां पर उन्होंने नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ सफाई का कार्य कर श्रमदान किया। इस अभियान में उनके साथ नगर पालिका के साथ सभासदों व अन्य लोगों ने भी सफाई का कार्य कर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता ही हमारा जीवन हैं, स्वच्छ रहेंगे तो बीमारियां दूर रहेगी।

# हत्या में दो सगे भाइयों समेत तीन को चार साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- सजा के साथ कोर्ट ने लगाया 73 हजार का जुर्माना

**अमृत विचार :** न्यायालय ने गैरइरादतन हत्या के मामले में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों को चार-चार साल कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोषियों पर 73 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

थाना रहरा क्षेत्र के गांव खेलिया खालसा में छज्जू सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे राम रतन सिंह किसान था। बताया कि 25 मार्च 2021 को राम रतन सिंह अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच गांव निवासी नेमचंद, ओमकार और बलेश ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया था। लाठी-डंडों से की गई पिटाई में राम रतन सिंह गंभीर घायल हो गए थे। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। परिजनों ने घायल राम रतन को अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में उपचार के दौरान राम रतन सिंह की मौत हो गई थी। मामले में गांव निवासी रिश्तेदार मोहर सिंह ने आरोपी नेमचंद, ओमकार और बलेश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय निशांत शैव्य की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित वशिष्ट ने पैरवी की। मंगलवार को कोर्ट ने नेमचंद, ओमकार और बलेश को दोषी करार देते हुए तीनों को चार-चार साल कारावास और तीनों पर 73 हजार 500 रुपये का जुर्माने की सजा सुनाई है। बताया गया कि घटना के बाद से ही तीनों आरोपी जेल में बंद है।

## कोहरे में टकराईं दो कारें एक चालक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** सोमवार रात कोहरे के चलते नेशनल हाईवे पर दो कारें टकरा गईं। हादसे में घायल दिल्ली निवासी कार चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मौके पर करीब आधा घंटा तक जाम की स्थिति भी बनी रही।

दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद फारूक सोमवार रात बरेली से घर लौट रहे थे। रास्ते में नेशनल हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के पास घने कोहरे के बीच उनकी कार के आगे चल रही दूसरी कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे फारूख की कार आगे चल रही दूसरी कार से जा टकराई। हादसे में फारुख घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


अयोध्या के लिए बस रवाना करतीं चेयरमैन, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

# अयोध्या के लिए निगम की बस शुरू

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए परिवहन निगम ने बस का संचालन शुरू कर दिया है। अयोध्या के लिए शुरू हुई बस को विधायक हरि सिंह ढिल्लो और नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने रवाना किया।

स्टेशन प्रभारी पदम सिंह ने बताया कि श्री राम मंदिर के उद्घाटन के लिए श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनपद से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार को रोडवेज बस अड्डे से बस रवाना की। बताया कि यह बस मुरादाबाद, बरेली व शाहजहांपुर होते हुए अयोध्या जाएंगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की संख्या के अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, नवीन गुप्ता, नजीर हुसैन, दुष्यंत कुमार, अनिल गोला, राहुल यादव, अमित कुमार, सतीश चंद्र, गणपत सिंह नियमित चालक, मुकेश कुमार, सतेंद्र कुमार, करतार सिंह आदि रहे।

## विधायक ने मां चामुंडा मंदिर में सफाई की

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी पार्टी कार्यकर्ताओं और के साथ पहुंचे और उन्होंने मंदिर में साफ- सफाई की।

विधायक ने बताया कि स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत मां चामुंडा मंदिर पर सेवा करने का मौका प्राप्त हुआ है और साफ सफाई कर पार्टी के निर्देशों का पालन किया गया है। उन्होंने नगर वासियों से साफ सफाई रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 21 जनवरी तक जारी रहेगा। क्षेत्र के सभी मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सफाई की जाएगी। 22 जनवरी को सभी लोग अपने घरों में दीये जलाएं और दीवाली मनाएं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, हेमराज सैनी, सचिन अग्रवाल, आम्रपाली गुर्जर, महेश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल व राहुल सैनी शामिल रहे।

कार्यक्रम — झम्मनलाल पीजी कॉलेज के बीएड विभाग की छात्राओं ने किया जागरूक

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** झम्मनलाल पीजी कॉलेज में बीएड विभाग के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति जागरूक किया।

बीएड विभाग की ओर से स्वीप योजना कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विषय मानव श्रृंखला, मतदाता जागरुकता रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए जागरूक किया। कॉलेज के चेयरमैन गोपाल सक्सेना व डॉ. नेहा सक्सेना ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रवक्ता अजयपाल सिंह, कुमुद त्यागी, मुर्शद अली, संजय सिंह, अशरफ अली व सादिक खान समेत शिक्षक रहे।



जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**हसनपुर, अमृत विचार :** स्वीप कार्यक्रम के तहत मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन व सुशीला आनंद हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली। मतदाता जागरूक रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मार्गों पर भ्रमण करती हुई विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी के साथ विद्यालय प्रांगण में मानव श्रृंखला बनाकर एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, राजीव शर्मा, अंकित चौहान, सोमवती कश्यप व अंशु त्यागी शामिल रहे।

## मतदान करना हमारा अधिकार

**गजरौला, अमृत विचार :** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता अभियान में मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने नगरवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली। जागरुकता रैली ने नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। जिसमें प्रधानाचार्या राघवा खानम ने कहा कि हमें मतदान के अवसर पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। क्योंकि हमारा मत ही हमारे प्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है जो कि हमारे क्षेत्रा के विकास के लिए कार्य करते हैं। रैली से पूर्व छात्राओं व स्टाफ ने मानव श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर सीमा रानी, सोनम, माधुरी सिंह, विजय लक्ष्मी, विजयपाल सिंह व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।


मंदिर परिसर में झाड़ू लगाते पूर्व पालिका अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

# पूर्व चेयरमैन ने समर्थकों के साथ की भैरव मंदिर में सफाई

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने साथियों के साथ भैरव मंदिर में सफाई की।

22 जनवरी देशवासियों के लिए सौभाग्य का दिन है। इस दिन रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे विश्व में यह दिन दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नगर में दीपोत्सव समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। हर घर, हर मंदिर, हर प्रतिष्ठान में दीपक जलाए जाएंगे। मंदिर को सजाकर शाम को दिवाली मनाई जाएगी। इस मौके पर देशराज सिंह पूर्व सभासद, नीरज देवी जिला मंत्री महिला मोर्चा, डौली सैनी निवर्तमान स्वच्छता प्रेरक, विजय प्रजापति, शशि सैनी, चंचल अग्रवाल, रोशनी व निखिल शामिल रहे।

## एक नजर

### डीएल के बुक स्लॉट हुए रिशेड्यूल, कल पूर्ण कराएं औपचारिकताएं

**संभल अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह जयंती पर बुधवार को अवकाश होने के कारण बुक लाइसेंस के सभी स्लॉट (डीएल रिन्युवल, डीएल लर्निंग डुप्लीकेट) को 18 जनवरी के लिए रिशेड्यूल किया गया है। यह जानकारी एआरटीओ प्रशासन डॉ .पीके सरोज ने दी। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को बुक लाइसेंस स्लॉट के आवेदक 18 जनवरी को कार्यालय में उपस्थित होकर औपचारिकताएं पूर्ण करा सकते हैं।

### बिजली विभाग ने काटे 28 बकायेदारों के कनेक्शन

**बबराला, अमृत विचार :** बिजली विभाग की टीम ने नगर में चेकिंग अभियान चलाते हुए लेखपाल कॉलोनी और टंकी मुहल्ला में 28 बकायेदारों के कनेक्शन काटे। जेई दिनेश कुमार की अगुवाई में जैसे ही बिजली विभाग की टीम चेकिंग के लिए पहुंची तो बकायेदारों में हड़कंप मच गया। जेई ने बताया कि अभियान के तहत एकमुश्त समाधान योजना के दायरे में आए 28 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए। अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जिंदा को मृत दर्शाकर भूमि हड़पने में लेखपाल व कानूनगो गिरफ्तार

## छह लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा, एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है

कार्यालय संवाददाता, संभल



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी लेखपाल व कानूनगो। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** फर्जी तरीके से ग्रामीण को मृत दर्शाकर कृषि भूमि का बैनामा करा देने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जिंदा ग्रामीण को सरकारी दस्तावेजों में मृत दिखाकर जमीन दूसरे के नाम करने के आरोपी लेखपाल व कानूनगो को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर के गंगाराम की कृषि भूमि की पैमाइश करने के लिए एक महीने पहले लेखपाल राकेश कुमार के साथ महिला और कुछ लोग पहुंचे तो गंगाराम चौंक गया। पूछा तो महिला माया देवी ने बताया कि जमीन उसने गांव भैंसरोली के वीरपाल से बैनामा कराकर खरीदी गंगाराम ने कृषि भूमि अपनी बताते हुए पैमाइश का विरोध किया। तहसील से जानकारी करने पर गंगाराम को पता चला कि भैंसरोली के वीरपाल ने लेखपाल और कानूनगो से षड्यंत्र कर गंगाराम को मृत दर्शाकर तथा खुद को गंगाराम का भाई बताते हुए फर्जी तरीके से भूमि अपने नाम दर्ज करा ली। इसके बाद वीरपाल ने यह जमीन माया देवी को बेचकर उसके नाम जमीन का बैनामा कर दिया। गंगाराम ने फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस से गुहार लगाई लेकिन जब पुलिस ने नहीं सुनी तो वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार सक्सेना की ओर से अदालत में अर्जी दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये तो पुलिस ने लेखपाल राकेश कुमार,कानूनगो भारत सिंह,वीरपाल निवासी भैंसरोली,माया देवी के साथ ही बैनामे के गवाह दिनेश कुमार व भजनलाल निवासी नूरपुर ततारपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर वीरपाल को गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी लेखपाल राकेश निवासी डुप्टा खुर्द थाना रजपुरा व कानूनगो भारत सिंह निवासी सैमला थाना गुन्नौर को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि लेखपाल व कानूनगो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## छुट्टा गोवंश मिलने पर होगी प्रधान व सचिव पर कार्रवाई

**बहजोई, अमृत विचार:** खंड विकास अधिकारी ने निराश्रित गोवंश को संरक्षित किए जाने को लेकर सचिवों के साथ बैठक की। बीडीओ ने हर हाल में निराश्रित गोवंश को संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए। गोपालकों द्वारा गोवंश को छोड़े जाने पर कार्रवाई करने की बात कही।

खंड विकास कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में बीडीओ प्रेमचंद ने निराश्रित गोवंश संरक्षित किए जाने को लेकर समीक्षा की। सचिवों द्वारा 20 जनवरी तक छुट्टा गोवंश को संरक्षित करने का आश्वासन दिया गया। विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया कि उनकी ग्राम पंचायतों में अब कोई भी छुट्टा गोवंश नहीं है। शेष ग्राम पंचायतों को खंड विकास अधिकारी ने कहा कि अपनी ग्राम पंचायतों में छुट्टा गोवंशों को संरक्षित करना सुनिश्चित करें। 20 जनवरी के बाद यदि किसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में खुले में कोई भी गोवंश पाया जाता है तो संबंधित ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्राम प्रधान की जवाबदेही तय की जाएगी।

# पति को छोड़ प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती, 3 दिन बाद निकाह

संवाददाता, संभल

- प्रेमी को पाने के लिए पति को छोड़ गाजियाबाद से संभल आ पहुंची थी युवती
- मंगलवार को थाने में दे दी तहरीर, शाम को परिजन हुए रजामंद,कराया निकाह

**अमृत विचार:** शादी के दो साल बाद भी वह प्रेमी को नहीं भुला पाई। पति का घर छोड़कर प्रेमी से निकाह की जिद पर अड़ गई। गाजियाबाद से संभल प्रेमी के घर आकर तीन दिन तक वह उससे शादी की जिद करती रही। मंगलवार को जनपद संभल के नखासा थाना में युवती ने प्रेमी से निकाह के लिए हंगामा किया। घंटों हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिर बात बन गई। प्रेमी व प्रेमिका का निकाह करा दिया गया।

गाजियाबाद निवासी युवती का प्रेम प्रसंग पड़ोस में रिश्तेदारी में रह रहे संभल के युवक से हो गया था। परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने युवती की शादी दो वर्ष पहले लोनी निवासी युवक के साथ कर दी। शादी के बाद भी युवती प्रेमी को नहीं भुला पाई और अक्सर उससे बातें करती रही। पति को पता चला तो घर में विवाद शुरू हो गया। दो माह पहले प्रेमी को पाने का इरादा कर पति का घर छोड़ने का इरादा किया तो पति ने भी उसे तलाक दे दिया। इसके बाद वह मायके में आकर रहने लगी। शनिवार को युवती गाजियाबाद से संभल के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी प्रेमी के घर आ पहुंची और उसके साथ शादी की जिद पर अड़ गई। युवक के परिजनों ने शादी को मना किया तो बात बिगड़ गई। तीन दिन तक युवती के परिजन युवक के परिजनों को शादी करने के लिए मनाते रहे। परिजन नहीं माने तो मंगलवार की सुबह नौ बजे युवती नखासा थाना पहुंच गई और प्रेमी से शादी करने की बात कहते हुए उसके खिलाफ तहरीर दे दी। दोनों पक्षों के बीच दिन भर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। मुहल्ला के ही कुछ जिम्मेदारों ने मामला संभाला तो युवती का निकाह प्रेमी युवक के साथ करने के लिए परिजनों को राजी कर लिया।



भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोलते पूर्व विधायक अजीत राजू। ● अमृत विचार

# पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं

संवाददाता, बबराला

- ग्रामीणों को पात्रता के अनुसार लाभ लेने के लिए प्रेरित किया

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव नूरपुर और फरीदपुर में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति रहीं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को पात्रता के अनुसार लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधान मनोज यादव, धर्मेंद्र प्रजापति, सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय ने की।

# प्रधानमंत्री पूरा करेंगे विकसित भारत का सपना

कार्यालय संवाददाता,संभल



संभल में विकसित भारत की शपथ दिलाते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

- चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में बिना भेदभाव लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जल्द ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

चामुंडा मंदिर हयातनगर पर नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। कहा कि नया भारत कितनी तेजी से विकास के रास्ते पर चल रहा है उसका एहसास सभी देशवासी कर रहे हैं। बिना किसी भेदभाव सभी जातियों को सरकार की हर योजना का बिना किसी भ्रष्टाचार के लाभ दिया जा रहा है। देश रामराज की और बढ़ रहा है। सभी को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

इस दौरान जयप्रकाश गुप्ता, शोभित गुप्ता, गणेश शर्मा, सुरेश अटल, सुमित गुप्ता, राम सिंह सैनी, विपिन गुप्ता, रोहित, संध्या गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन एमजीएम डिग्री कालेज परिसर में किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना व स्टार्ट अप इंडिया आदि योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह, इमरान तुर्की, संजय सांख्यधर, सुरेश अटल, गगन वार्ष्णेय, चेयरमैन पति मुशीर अली खां व अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मंदिर में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया

**संभल, अमृत विचार :** श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल एवं संस्कृति विभाग द्वारा श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में भक्तों ने श्रीराम के जयकारों के साथ हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया। कीर्तन मंडली ने भजनों से माहौल को भक्तिमय बनाया।मुहल्ला कोट पूर्वी में स्थित प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में श्रीराम भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ के बाद संकीर्तन किया। जिसमें शशांक शर्मा, राजवीर सिंह, सुषमा गुप्ता ,नीलम वार्ष्णेय, गगन वार्ष्णेय आदि ने श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे माहौल श्रीराम मय हो गया। इस बीच मंदिर फूलों और लाइटों से सजाया रहा। मंदिर प्रांगण में 251 दीप जलाकर श्रीराम की स्तुति की गई। श्री कल्कि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी तक होगा। इस दौरान उज्जवल सक्सेना, अक्षय शर्मा, प्रियांशु अग्रवाल, वैभव शर्मा, शशांक शर्मा, आचार्य पंडित शोभित शास्त्री, कृष्ण प्रसाद मिश्र, रानू गुप्ता आदि रहे।

### महिलाओं ने किया सुंदरकांड का पाठ

**संभल, अमृत विचार :** नगर के मुहल्ला कोट पूर्वी के श्री सरथलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में श्री बांके बिहारी के मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुन्दरकांड पाठ के साथ ही भजन कीर्तन किया तो माहौल भक्तिमय बन गया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे।श्री बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और स्थापना दिवस मनाया। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले सुन्दरकांड का पाठ किया। जिसके बाद श्री सनातन धर्म महिला मंडल की ओर से भजनों की प्रस्तुति देकर श्री बांके बिहारी का गुणगान किया गया।



बहजोई में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

### भजनों पर प्रस्तुति देकर बच्चों ने मचाया धमाल

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री गोवर्धन सेवा समिति के तत्वाधान में मकर संक्रांति पर कार्यक्रम में बच्चों ने भक्ति गीतों पर प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। बढ़िया प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दिव्य लोक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता, संरक्षक सोम प्रकाश वार्ष्णेय, सुनील रस्तोगी, आलोक गोयल, शैलेंद्र कुमार व विनोद कुमार ने भगवान श्री कृष्ण राधा की पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद बच्चों ने राम आएंगे भजन पर प्रस्तुति दी तो सभी अतिथि तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी। इसके बाद 1 मिनट व हाउजी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान लवेंद्र रस्तोगी, दीपक वाष्र्णेय, दीपेंद्र सर्राफ, अमित सर्राफ, संदीप भगत जी, पंकज भगत जी, मुकेश कुमार, मयंक वार्ष्णेय, नवीन वार्ष्णेय, डॉ . दिलीप वाष्र्णेय, दिव्या गोयल, नीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के पिता के निधन पर शोक संवेदना जताई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रेवेन्यू बार एसोसिएशन की एक शोक सभा मंगलवार को तहसील परिसर में संपन्न हुई। जिसमें अधिवक्ता संदीप रस्तोगी के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना जाहिर की गई। दो मिनट का मौन धारण कर आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान बार अध्यक्ष तेजेंद्र देव सिंह, सचिव वीरेंद्र सिंह कश्यप समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### भाजपा नगराध्यक्ष ने किया दीवार लेखन अभियान का आरंभ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त 'दीवार लेखन अभियान' का मंगलवार को आरंभ किया गया। भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में एसएम इंटर कॉलेज के सामने दीवार पर लेखन कार्य करा कर अभियान की शुरुआत की गई। जिसमें फिर से एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया गया है।

### कार सेवकों को अराजक तत्व कहना करोड़ों भक्तों का अपमान

**संभल अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के संयोजक अमर रस्तोगी ने कहा कि विपक्ष द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा कर राम मंदिर आंदोलन में भाग लेने वाले कार सेवकों को अराजक तत्व कहना करोड़ों राम भक्तों का अपमान है। इसकी सजा आने वाले चुनाव में विपक्ष को मिलेगी। अमर रस्तोगी ने कहा कि उन्होंने भी 1990 में राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अयोध्या जाते वक्त उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार करके मुरादाबाद जेल में डाल दिया था।

### श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाएंगे भाजपाई

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर के मंदिरों में सफाई अभियान का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी अभियान के तहत मंगलवार पंचमुखी मंदिर सफाई अभियान चलाया गया लोगों से इस अभियान में जुड़ने का आह्वान किया गया। जिला महामंत्री कमल कुमार कमल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ता पंचमुखी मंदिर पर पहुंच गए। जहां उन्होंने सफाई अभियान चलाया आम जन को मंदिरों पर साफ सफाई अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। जिला महामंत्री कमल कुमार कमल ने कहा कि पार्टी के सभी सांसद ,विधायक, पदाधिकारी एवं संगठन के कार्यकर्ता अपने आसपास के मंदिरों में सफाई कर रहे हैं। 14 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रतिदिन मंदिरों पर सफाई का अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाने और विशेष पूजा अर्चना की तैयारी भी नगर में जोर-जोर से चल रही है। इस दौरान आईटी सेल के जिला संयोजक विजय यादव ,नगर महामंत्री शेषकर वार्ष्णेय, युवा मोर्चा कार्यकारी सदस्य पारस सोनी, नगर कोषाध्यक्ष खिलेन्दर वार्ष्णेय, मनीष एमबी आदि मौजूद रहे।

# अधिक फीस वसूली के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



अधिक फीस वसूली के खिलाफ प्रदर्शन करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- राजकीय इंटर कॉलेज भिरावटी में भड़के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी
- पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बोले-फीस कम नहीं हुई तो आंदोलन को होंगे बाध्य

**अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज भिरावटी में हाईस्कूल और इंटर के छात्र छात्राओं ने ज्यादा फीस लिए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। छात्र छात्राओं ने फीस कम करने की मांग उठाई।

राजकीय इंटर कॉलेज भिरावटी में हाईस्कूल और इंटर के छात्र छात्राओं ने मंगलवार को फीस का मुद्दा उठाते हुए सांकेतिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया। छात्र छात्राओं का कहना रहा कि 2400 रुपये फीस ली जा रही है। जो गरीब छात्र हैं वह इतनी फीस नहीं दे सकते। फीस नहीं देने के कारण प्री बोर्ड की परीक्षा से भी वंचित रह गए। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुनील यादव ने भी अधिक फीस के मुद्दे को लेकर डीआईओएस से फोन पर संपर्क किया। उन्होंने बताया कि शासन को स्थाई शिक्षक की व्यवस्था कराने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सुनील यादव का कहना रहा कि राज्यमंत्री गुलाब देवी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर छात्र छात्राओं की फीस कम कराने का अनुरोध किया जाएगा। अगर फीस कम नहीं हुई तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में लक्ष्मी, श्वेता, मनोज, पिंकू, शिवम, प्रदीप, अनुराग आदि रहे। वहीं प्रधानाचार्य दयाशंकर ने कहा कि छात्र छात्राओं द्वारा विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी नहीं है क्योंकि वह शहर से बाहर हैं। कॉलेज में प्राइवेट शिक्षकों से छात्र छात्राओं को पढ़वाया जा रहा है। इसलिए ऐसे हालात बन रहे हैं।

## परीक्षा देने जा रही छात्रा से बस में छेड़छाड़

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में परीक्षा देने जा रही छात्रा से बस में चालक और परिचालक ने छेड़छाड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बीएससी की एक छात्रा ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि वह पांच जनवरी को परीक्षा देने के लिए चंदौसी जा रही थी लेकिन ट्रेन छूट गई। जिसके बाद छात्रा दिल्ली जाने वाली प्राइवेट बस में बैठ गई। बस में कोई अन्य यात्री नहीं था। छात्रा का आरोप है कि बस चालक और परिचालक ने अकेला देखकर अश्लील हरकतें करते हुए दबोच लिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो चालक और परिचालक उसे धनारी चौराहा पर उतार कर चले गए। परीक्षा देने के बाद छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# मिस ब्रांडेड सीरप बिक्री में दवा विक्रेता पर 1.50 लाख का अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, संभल

**कार्रवाई**

- अपर जिलाधिकारी ने सुनवाई के बाद लगाया अर्थदंड
- नामचीन कंपनी के नाम के इंजेक्शन भी बरामद हुए

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी ने मिस ब्रांडेड सीरप बेचने के मामले में सुनवाई करते हुए दवा विक्रेता पर डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। दवा विक्रेता से जुर्माना राशि वसूल की जानी है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी संभल ने तीन नवंबर 2022 को राम विहार कॉलोनी स्थित मैक्सन फार्मा गोदाम पर छापेमारी करते हुए जिमबॉन-पी सीरप का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला वाराणसी भेजा था।

खाद्य विश्लेषक वाराणसी ने जांच में सीरप को मिस ब्रांडेड घोषित किया। इस मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अग्रिम कार्रवाई के लिए अपर जिलाधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट दाखिल की थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की आख्या पर अपर जिलाधिकारी के न्यायालय में वाद दायर किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने इस मामले में सुनवाई के बाद दवा विक्रेता को मिस ब्रांडेड सीरप बेचने का दोषी माना।

अपर जिलाधिकारी ने तेज प्रकाश निवासी मुहल्ला भालेभाज खां सरायतरीन पर धारा-52 के अंतर्गत डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है।

इस दवा विक्रेता के गोदाम पर छापेमारी कर बड़ी संख्या में दवाओं की बरामदगी की गई थी। बताया गया था कि नामचीन कंपनी के नाम के इंजेक्शन भी कार्रवाई के दौरान बरामद हुए थे।

# अस्पताल में बीमार मां को छोड़ युवती प्रेमी संग फरार

संवाददाता, संभल

- परिजनों ने युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया

**अमृत विचार:** दिल्ली के अस्पताल में भर्ती बीमार मां से चाय पीने जाने का बहाना करके युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। बीमार मां अस्पताल में शाम तक बेटी का इंतजार करती रही। बेटी वापस नहीं पहुंची तो परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव का व्यक्ति पत्नी व बच्चों सहित दो वर्ष से दिल्ली में रह रहा है। दस दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर उसने पत्नी को दिल्ली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बड़ी बेटी देखभाल करने के लिए मां के साथ अस्पताल में रह रही थी। सोमवार की सुबह 11 बजे युवती ने फोन कर अमरोहा जिले के गांव निवासी अपने प्रेमी को दिल्ली बुला लिया।

इसके बाद बीमार मां से चाय पीने जाने का बहाना बनाकर प्रेमी के साथ अस्पताल से चली गई। शाम को अस्पताल पहुंचे मजदूर ने बेटी के बारे में पत्नी से पूछताछ की तो बेटी नहीं मिली ।

मजदूर ने आसपास व रिश्तेदारी में फोन पर बेटी के बारे में पूछा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

मंगलवार की सुबह परिजनों को जानकारी हुई कि युवती अपने प्रेमी के साथ चली गई है। जिसके बाद बीमार महिला परिजनों को लेकर हयातनगर थाना आ गई। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि अभी मामला संज्ञान में नहीं है।

**चौकसी** सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश पर सीओ ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

# प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर अलर्ट, थाने में जनसंवाद

संवाददाता, संभल



कोतवाली में शांति समिति की बैठक में बोलते सीओ अनुज कुमार चौधरी।

**अमृत विचार:** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को देखते हुए जनपद में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। मंगलवार को जनपद के थानों पर गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाये रखने का आह्वान किया। वहीं सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने हयातनगर थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर लोगों से संवाद किया।

मंगलवार को सदर कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में धार्मिक लोगों, व्यापारियों व आमजन ने अयोध्या मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के मौके 22 जनवरी को शहर में शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही। सीओ अनुज कुमार चौधरी ने कहा कि अगर कोई भी आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मोहम्मद कासिम, शोभित गुप्ता, जसपाल सिंह, फहद कैसर, डॉ. अजीजउल्ला खान, जमीलुरहमान मुन्नू, हाजी बब्बू, नबील अहमद, अभिषेक चतुर्वेदी, अरविन्द प्रजापति, मयंक गुप्ता, विनय चंद्रा, रजत गुप्ता, मयंक गुप्ता, मुजीब उर रहमान, ध्रुव अग्रवाल, अमित गुप्ता, सौरभ श्रीमाली, सुबहान खान आदि रहे।

### रामोत्सव आयोजन को लेकर पुलिस ने किया संवाद

**बबराला, अमृत विचार :** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर भगवा टोली के रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। मंगलवार शाम को पुलिस चौकी पर रामोत्सव आयोजन से जुड़ी भगवा टोली के साथ कोतवाल संजीव बालियान ने बैठक कर पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली और शांति सद्भाव बनाते हुए पुलिस को सहयोग की अपील की। उन्होंने 18 जनवरी को आयोजित भजन संकीर्तन और 21 जनवरी को रामनामी प्रभात फेरी के संबंध में व्यवस्था पर चर्चा की। नवागत चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने भी सभी से सहयोग की अपील की।

### पुलिस अधीक्षक ने पैदल भ्रमण किया

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने मंगलवार शाम को हयातनगर थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर लोगों से संवाद किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोग शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस के सहयोगी बनें। कहीं कोई व्यक्ति माहौल खराब करने की मंशा रखता हो तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

## एक नजर

### कुत्ते ने बालक पर हमला कर किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा निवासी मोहम्मद जुबैर का चार वर्षीय पुत्र मोहम्मद अर्श मंगलवार की शाम चार बजे घर के बाहर खेल रहा था। मुहल्ला के ही किसी व्यक्ति ने मोहम्मद अर्श के पास खड़े कुत्ते को ईंट मार दी। जिसके बाद कुत्ते ने मोहम्मद अर्श पर हमला कर दिया। चीख पुकार को सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने कुत्ते को भगाया और जिला अस्पताल लाकर मोहम्मद अर्श का उपचार कराया।

### हनुमान मंदिर के महंत का हुआ देहावसान

**संभल, अमृत विचार :** संभल तहसील के गांव ढिलूपुरा में स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी महंत स्वामी बजरंग दास जी का 80 वर्ष की अवस्था में सोमवार को देहांत हो गया। महंत बजरंग दास की मौत की जानकारी होने पर ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। शाम पांच बजे नम आंखों से ग्रामीणों ने विदाई देकर महंत बजरंग दास जी को मंदिर परिसर में ही समाधि दी। ग्रामीणों ने बताया कि महंत बजरंग दास पिछले 24 वर्षों से हनुमान मंदिर की देखभाल कर रहे थे।

# राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने भरी हुंकार

## किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



धरने को संबोधित करते समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** किसान संघर्ष समिति ने छुट्टा पशुओं को गोशाला नहीं भेजे जाने पर तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार ने दस जनवरी तक सभी छुट्टा पशुओं को गोशाला में बंद करने का वादा किया था। मगर इसके बाद भी छुट्टा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद करने का कार्य कर रहे हैं। इनसे निजात दिलाई जाए।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दस जनवरी तक सभी छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेजने की बात कही थी। मगर छुट्टा पशुओं को गोशाला नहीं भेजा जा रहा है। जिससे पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। कहा कि वह दिन दूर नहीं जब किसान आत्महत्या करने पर मजबूर होगा। इसलिए समय रहते छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेज दिया जाए। ताकि किसानों की फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। किसानों ने मांग की कि छुट्टा पशु जो झुंड के रूप में घूम कर किसान की फसलों को नष्ट कर रहे हैं, उन्हें शीघ्र पकड़ा जाए। पशुओं से बर्बाद हुई किसानों की फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। फसल बर्बाद होने से किसान की दयनीय स्थिति को देखते हुए उसके सभी कर्ज माफ किए जाएं। पशुओं के हमले से घायल किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। शीघ्र ही ग्रामों में युद्ध स्तर पर गोशालाओं का निर्माण कराया जाए। उक्त मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुई तो समिति उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगी। इस दौरान संजीव शर्मा, ओमकार सिंह, दिनेश, राहुल कश्यप, संजीव राघव, शलभ शर्मा, रामपाल सिंह, मुकेश चंद्र शर्मा, मटरू खां, गुलाम नवी, भूरे खां, नरेश राघव आदि मौजूद रहे।

▸▸ **मांगें पूरी नहीं हुई तो समिति उग्र आंदोलन करने को विवश होगी**

### दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बहजोई रोड स्थित संभल तिराहा पर आगे जा रही बाइक को दूसरी बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया । हालत गंभीर में चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अजीमगंज निवासी मोहम्मद रफी पुत्र ताहिर अली की कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में दुकान है। वह मंगलवार की शाम दुकान बंद करके बाइक से अपने गांव जा रहे थे। जब बाइक सवार बहजोई रोड स्थित संभल तिराहा पर पहुंचे और जैसे ही बाइक मोड़ी तो पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मोहम्मद रफी व दूसरी बाइक पर सवार सचिन गिरि पुत्र पुष्पेंद्र गिरि निवासी गांव मझावली थाना बनियाठेर घायल हो गए। सचिन गिरि गांव के राजीव गिरि के साथ चन्दौसी से घर लौट रहा था। हादसे में राजीव मामूली घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## सार-संक्षेप



स्वागत के दौरान एडवोकेट यूनिटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### नकुल प्रताप सिंह अध्यक्ष व पीयूष वार्ष्णेय बने सचिव

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी चन्दौसी एडवोकेट यूनिटी की एक सभा मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में हुई। सभा में सर्वसम्मति से एडवोकेट यूनिटी की वर्ष 2024 की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। यूनिटी के अध्यक्ष एडवोकेट नकुल प्रताप सिंह व सचिव एडवोकेट पीयूष कुमार वार्ष्णेय व कोषाध्यक्ष एडवोकेट अजय सक्सेना को चुना गया। यूनिटी के सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, संजय शर्मा, चंद्रेश गुप्ता, सचिन गोयल, राजेश कुमार, विभोर बंसल, हरप्रीत सिंह, राहुल मिश्रा, मनीष नारायण, आकाश बाबू, राहुल गुप्ता, साफिया कदीर, प्रिया, सीमा, खुशबू आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### 22 जनवरी को दाऊजी मंदिर में होंगे धार्मिक आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अयोध्या धाम में भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कैथल गेट स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर में राम महोत्सव कार्यक्रम 22 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मन्दिर के ट्रस्टी चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि 500 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इस अवसर पर श्री दाऊजी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। दोपहर एक बजे ऑनलाइन धार्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी। सांय पांच बजे भजन कीर्तन होगा। उसके बाद सांय 6 बजे हजारों की तादात में दीये रोशन कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। सांय साढ़े छह बजे महाआरती के पश्चात् प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।



एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

### स्वयंसेवकों को संचारी रोग के बारे में जानकारी दी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव गुमथल में विशेष चतुर्थ दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन संचारी रोगों और उनकी रोकथाम पर चर्चा की गई। डॉ. विनय वार्ष्णेय ने छात्रों को संचारी रोगों के फैलने के कारणों और बचाव के तौर तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य भूपाल सिंह ने बौद्धिक कार्यक्रम में योग के महत्व के बारे में बताते हुए इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। आचार्य प्रमोद कुमार ने योग करते हुए छात्रों को रोज योग करने की प्रेरणा दी। इससे पूर्व स्वयंसेवक चिराग राघव ने बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद छात्रों ने खेलों में प्रतिभाग किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। संचालन स्वयंसेवक अभय कुमार ने किया।

### गणेश कालोनी में भाजपा नगराध्यक्ष का किया स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शक्ति केन्द्र गणेश कॉलोनी पर मंगलवार की शाम नवनियुक्त भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल का स्वागत किया गया। मेरा बूथ सबसे मजबूत के अंतर्गत शक्ति केंद्र गणेश कॉलोनी के बूथ अध्यक्षों का उत्साह वर्धन करते हुए भाजपा नगराध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की नींव बूथ का कार्यकर्ता है। जिनकी मेहनत से ही मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया ने कहा कि मोदी सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी वर्ग के लोग लाभ ले रहे हैं। अध्यक्षता शक्ति केंद्र संयोजक डॉ. टीएस पाल ने तथा संचालन नगर महामंत्री मनोज दिवाकर ने किया।

### चोरी के आरोपी को पुलिस को सौंपा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बहेड़ी वाले ताल के पास कृषि भूमि की सिंचाई वाला प्लास्टिक का पाइप चोरी हो गया। किसान ने एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उसके पास चोरी का पाइप भी बरामद हो गया है। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। खुर्जा गेट निवासी भूपेंद्र की बहेड़ी वाले ताल के पास कृषि भूमि है। भूमि की सिंचाई के लिए पाइप खेत में पड़ा रहता है। 15 जनवरी की रात किसान पाइप खेत में छोड़कर घर चला गया। 16 जनवरी की सुबह पाइप किसी ने चुरा लिया। पता चलने पर किसान एक आरोपी के घर पहुंचा और पाइप बरामद कर लिया। आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर घटना की तहरीर दी गई है।

### ग्राम प्रधान पति पर लगाया अवैध धन उगाही का आरोप

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** ब्लाक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत बोंडा फिरोजपुर की ग्राम प्रधान पति पर अवैध धन उगाही का आरोप लगाया गया है। इस संदर्भ में गांव के ही हरवंश सिंह ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में पीड़ित का कहना है कि गांव के नजदीक उसकी निजी भूमि है। जिसको ग्राम प्रधान पति द्वारा ग्राम समाज की बताकर एक लाख रुपये की मांग की जा रही है। रुपए देने से मना करने पर झूठे मुकदमे में फंसाए जाने की धमकी दी गई है।

### जयंती पर शहीद गिरीश चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरूष स्मारक समिति के संयोजक सुरेश चंद शर्मा के निर्देशन में शहीद गिरीश चंद्र अग्रवाल का जयंती मंगलवार को कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक में धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि चंपत राय बंसल के ममेरे भाई एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकार संगठन के संयोजक विजय प्रकाश अग्रवाल ने शहीद गिरीश चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता अतुल कुमार अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में अनिल शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



अयोध्या जा रहे रामभक्तों के साथ पदयात्रा में शामिल विहिप कार्यकर्ता।

### शामली से अयोध्या जा रहे रामभक्तों को किया स्वागत

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली में मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शामली मेरठ से चलकर पैदल जा अयोध्या के लिये राम भक्तों का स्वागत किया। नरौली के मुख्य बाजार स्थित शिव मन्दिर से पदयात्रा निकाल कर राम भक्तों को चन्दौसी तक विदा किया। राम मन्दिर के लिए अंकुर सनातनी निवासी ग्राम कण्डैला शामली मेरठ अपने निवास स्थान से आठ जनवरी से अयोध्या के लिए पैदल यात्रा शुरु की है। मोहल्ला पीपल वाला में जलपान के साथ रात्रि विश्राम कराया। इस दौरान नगराध्यक्ष दिनेश कुमार, विशाल शर्मा, विनीत कश्यप, मोहन कश्यप, कन्हैया शर्मा, मुकुल शर्मा, मुकुल सक्सैना, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम न्यायिक की कोर्ट का बहिष्कार समाप्त हुआ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ **आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने लिया फैसला**

▸▸ **11 जनवरी से आंदोलन कर रहे थे अधिवक्ता**

**अमृत विचार:** रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीम संदीप कुमार वर्मा के आश्वासन के बाद एसडीएम न्यायिक के न्यायालय का बहिष्कार समाप्त कर दिया है। 18 जनवरी से अधिवक्ता एसडीएम न्यायिक के न्यायालय से संबन्धित कार्य करेंगे।

तहसील के अधिवक्ताओं ने 11 जनवरी से एसडीएम न्यायिक नीतू सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए न्यायालय का बहिष्कार कर दिया था। एसडीम न्यायिक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अधिवक्ता उनके स्थानांतरण की मांग कर रहे थे। मंगलवार को एसडीएम संदीप कुमार वर्मा ने अधिवक्ताओं के साथ वार्ता की। वार्ता में कुछ बिन्दुओं पर सहमति बनी। संबन्धित अधिकारी के द्वारा भविष्य में सही तरीके से कार्य करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद रेवेन्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा एसडीएम न्यायिक न्यायालय का बहिष्कार समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

18 जनवरी से अधिवक्ता विधिवत रुप से कार्य करेंगे। वार्ता के दौरान बार अध्यक्ष तेजेंद्र देव सिंह व सचिव वीरेंद्र सिंह कश्यप, अमित प्रताप सिंह, अवधेश गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, नईम अहमद, कपिल शर्मा, ओमप्रकाश राव, गजेंद्र सिंह, मलखान सिंह, शिशुपाल, तोषवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, दिलीप यादव, संतोष, पुष्पेंद्र सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# फार्म जमा करते छात्र को शिक्षकों ने पीटा, घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चन्दौसी सीएचसी में मारपीट में घायल छात्र का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

▸▸ **घटना के बाद छात्रों में फैला रोष फार्म जमा करने का कार्य हुआ प्रभावित**

▸▸ **छात्र व शिक्षक ने एक-दूसरे के विरुद्ध दी तहरीर, घायल छात्र का सीएचसी में कराया उपचार**

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज में एमएससी के तीसरे सेमेस्टर का फार्म जमा करने गए छात्र की शिक्षकों के कहासुनी हो गई। आरोप है कि शिक्षकों ने छात्र के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद साथी छात्रों में आक्रोश व्याप्त हो गया। छात्र अपने साथी घायल छात्र को कोतवाली लेकर पहुंचे। जहां दो शिक्षकों पर मारपीट व अभद्रता का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने घायल छात्र का उपचार सीएचसी में कराया है। एक शिक्षक की ओर से भी तहरीर दी गई है।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर शमसोई निवासी विकास उपाध्याय एसएम कॉलेज में एमएससी का छात्र है। मंगलवार की दोपहर छात्र एमएससी के तीसरे सेमेस्टर का फार्म जमा करने महाविद्यालय पहुंचा। छात्र ने विंडो पर अपनी दादी के निधन की बात कहते हुए शीघ्र फार्म जमा करने की बात कही। इसी बात को लेकर वहां मौजूद दो शिक्षकों की छात्र से कहासुनी होने लगी। आरोप है कि दोनों शिक्षकों ने छात्र के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू की। जिससे छात्र घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर साथी छात्र भी काफी संख्या में मौके पर पहुंच गए और छात्र की पिटाई का विरोध करने लगे। घटना के बाद महाविद्यालय में अफरा-तफरी मच गई और फार्म जमा करने का कार्य भी प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और घटना की जानकारी की। काफी संख्या में छात्र अपने साथी घायल छात्र के साथ कोतवाली पहुंचे और दो शिक्षकों पर मारपीट व अभद्रता का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। कोतवाली में मौजूद सीओ डॉ. प्रदीप कुमार को भी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया है। वहीं शिक्षक का कहना है कि छात्र कतार तोड़कर फार्म जमा कराना चाहता था। जो अनुचित था। इसलिए छात्र का फार्म जमा करने से इनकार कर दिया। मारपीट का आरोप बेबुनियाद है। शिक्षक की ओर से भी छात्र के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई है।

> एसएम कॉलेज में छात्र व शिक्षकों के बीच विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। महाविद्यालय से छात्र कोतवाली आए और तहरीर दी। छात्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

> मंगलवार को महाविद्यालय में जो हुआ। उसमें छात्र की सीधे तौर पर गलती है। जब महाविद्यालय में व्यवस्था के अनुसार छात्रों के फार्म जमा करने का कार्य किया जा रहा था, तो छात्र को शिक्षकों के साथ कहासुनी नहीं करनी चाहिए। विकास उपाध्याय महाविद्यालय में आई कार्ड गले में डाल कर नहीं पहुंचे। जबकि महाविद्यालय में प्रत्येक छात्र-छात्राओं को आई कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। **-डॉ. दानवीर सिंह यादव,** प्राचार्य, एसएम कॉलेज

# रोजगार मेले में 253 अभ्यर्थियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



रोजगार मेले में शामिल होने आए अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

▸▸ **16 कंपनियों ने मेले में लिया साक्षात्कार, ब्लाक प्रमुख रहीं मुख्य अतिथि**

**अमृत विचार:** मंगलवार को ब्लॉक बनियाखेड़ा के अंतर्गत बदायूं रोड स्थित राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में अन्य जनपदों के अभ्यर्थी भी शामिल हुए। साक्षात्कार के बाद 253 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

मंगलवार को आयोजित रोजगार मेले में बालाजी मैनपॉवर लिमिटेड फरीदाबाद, सिक्योरिटी एवं इंटेलिजेंस लिमिटेड देहरादून, एसआर साल्यूशन ग्रुप से इंडो ऑटोमेटिक भिवाड़ी, मशीनों प्रलास्ट मानेसर, डिलक्शन एंड पैटगेट नोएडा सहित 16 कंपनियों के अधिकारियों की उपस्थित रही। 750 रिक्तियां प्रकाशित की गई थीं। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, ग्रेजुएशन, आईटीआई उत्तीर्ण 515 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। कंपनी के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 253 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने फीता काटकर मेले का आरंभ किया। इस दौरान राजकुमार यादव, अनुज उपाध्याय, राजू ठाकुर, अजीत त्रिपाठी, गौरव पूठिया, भोजराज सिंह, जय प्रकाश जाखड़, जयवीर सिंह, अनुज वर्मा, अनुप चौरसिया, लोकेश कुमार, जय सिंह, सुधाकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास स्कूटी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना के बाद महिला स्कूटी लेकर निकल गई। घटना की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव पैतिया रसूलपुर निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल रहमान अपनी पत्नी चांदनी के साथ बाइक पर सवार होकर चन्दौसी आ रहे थे। मंगलवार की सुबह 11 बजे जब बाइक सवार बहजोई रोड पर न्यू बाईपास के पास स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो गलत दिशा से आ रही महिला स्कूटी सवार ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक सवार दंपती गिर गए और घायल हो गए।

# किसान की मौत मामले में दोस्त सहित चार पर हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**कार्रवाई**

▸▸ **चीनी मिल में हादसे के बाद दोस्त ने ही मृतक की पत्नी को घर जाकर दी थी जानकारी**

▸▸ **सात जनवरी को गांव के ही रनवीर की ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लादकर चीनी मिल गया था**

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित डीएसएम चीनी मिल के केन यार्ड में गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राली के पहिए नीचे दबकर किसान की मौत मामले में पुलिस ने एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। किसान के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गांव जहानपुर निवासी गिरीश चंद्र का इकलौता बेटा रवि कुमार (27 वर्ष) सात जनवरी को गांव के ही रनवीर की ट्रैक्टर ट्राली किराये पर लेकर उसमें गन्ना लादकर गांव निवासी दोस्त प्रहलाद के साथ डीएसएम चीनी मिल पहुंचा था। वहां दोनों ने खाना खाया और किसी बात को लेकर दोनों के बीच मारपीट हुई थी। गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दोनों एक ही लिहाफ में सो गए थे। संदिग्ध रूप से ट्रैक्टर ट्राली के पहिए के नीचे दबकर रवि कुमार की मौत हो गई थी।

दोस्त प्रहलाद ने ही घर जाकर रवि की पत्नी कविता को घटना की जानकारी दी थी। इस मामले में रवि कुमार के पिता गिरीश चंद्र ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा कि रवि कुमार को चीनी मिल में दोस्त प्रहलाद और तीन अन्य लोगों ने जबरदस्ती शराब पिलाई। उसके बाद मारपीट कर रवि कुमार की हत्या कर दी और सिर ट्रैक्टर ट्राली के पहिए से कुचल दिया।



रैन बसेरा का निरीक्षण करतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष ने किया रैन बसेरा और शेल्टर होम का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** हाड़ कंपाने वाली ठंड लगातार तेवर दिखा रही है। ऐसे में कोई राहगीर व यात्री परेशान न हो सके। नगर पालिका द्वारा रेलवे स्टेशन के निकट मालगोदाम रोड पर रैन बसेरा और मोहल्ला लोधियान में शेल्टर होम का संचालन किया जा रहा है। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने मोहल्ला लोधियान स्थित पालिका द्वारा संचालित शेल्टर होम (आश्रय गृह) व माल गोदाम रोड स्थित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने आवागमन रजिस्टर को चेक किया। सफाई व्यवस्था के साथ ही अलाव व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रैन बसेरे व आश्रय गृह (शेल्टर होम) में विश्राम कर रहे व्यक्तियों से उनका कुशल क्षेम जानी व उनसे नगर पालिका परिषद द्वारा मुहैया कराई जा रही सुविधाओं के बारे पूछताछ की। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं।

### पशुओं को ठंड से बचाने के नहीं मिले इंतजाम

**बहजोई, अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी ने गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें पशुओं को ठंड से बचाव को लेकर व्यवस्था नहीं मिली। इसको लेकर केयरटेकर को निर्देश दिए। वहीं साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए।

जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग निरीक्षण के लिए पंवासा के गांव भवानीपुर के गो आश्रय स्थल पर पहुंचीं। वहां गोवंश के लिए भूसे की व्यवस्था थी। लेकिन पशुओं को ठंड से बचाव की व्यवस्था नहीं की गई थी। जिस पर उन्होंने केयर टेकर को ठंड से बचाव को लेकर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद वह कासमपुर के गो आश्रय स्थल पर पहुंच गईं। गो आश्रय स्थल पर 84 गोवंश के सापेक्ष में 50 गोवंश की टैगिंग की गई थी। गोशाला में भूसा पर्याप्त था। लेकिन यहां भी सफाई नहीं मिली। वहीं हरे चारे की तथा ठंड से बचाव की व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने केयरटेकर को व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**विकास** मेरठ से प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे बनेगा औद्योगिक गलियारा

# संभल में लगेंगे नोएडा जैसे उद्योग

कार्यालय संवाददाता, संभल



किसानों की जमीन के बैनामे कराते नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

▸▸ **28 किसानों ने 8.82 हेक्टयर भूमि के 23 बैनामे कराये**

▸▸ **अन्य किसान भी बैनामे कराने को दे चुके सहमति**

**अमृत विचार :** नोएडा की तर्ज पर अब संभल जिले में भी उद्योग लगेंगे। विभिन्न उद्योग स्थापित होने से जहां क्षेत्र का विकास होगा, वहीं रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इसकी वजह है मेरठ से प्रयागराज तक जाने वाले गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक गलियारे का विकसित होना है। जिला प्रशासन ने औद्योगिक गलियारे के लिए किसानों की भूमि के बैनामे कराने का काम शुरू करा दिया है।

गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण जनपद में जोरशोर से चल रहा है। आदमपुर मार्ग खिरनी में गंगा एक्सप्रेस वे का कार्य जोर पकड़ रहा है। गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे ही औद्योगिक गलियारा भी विकसित किया जाना है। इस कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी यूपीडा को सौंपी गई है। क्षेत्र के गांव खिरनी, बसला, सारंगपुर और अमावती कुतुबपुर में 1047 किसानों की करीब 240 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। औद्योगिक गलियारा विकसित होगा तो उद्योग धंधे स्थापित होने से क्षेत्र का विकास होगा। इसी को लेकर काफी समय से जिला प्रशासन द्वारा किसानों से जमीनों के बैनामे कराने का प्रयास किया जा रहा था। दो दिन पहले ही भूमि के बैनामे का काम भी शुरू हो चुका है। प्रशासन के अनुसार, 28 किसानों ने 23 बैनामे करा दिए हैं। इनमें से 11 बैनामे मंगलवार को हुए। जबकि अन्य किसान भी जमीन के बैनामे कराने के लिए सहमति दे चुके हैं।

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता ।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता ॥

संसार में उन्नति के अभिलाषी व्यक्तियों को नींद, तंद्रा (ऊंघ), भय, क्रोध, आलस्य तथा देर से काम करने की आदत-इन छह दुर्गुणों को सदा के लिए त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# भारत-रूस की सहमति

भारत और रूस ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने पर एक बार फिर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास युद्ध, गाजा में हूतियों के हमले समेत तमाम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। साथ ही रूस की अध्यक्षता में प्रस्तावित ब्रिक्स सम्मेलन पर विचार किया। रूस ने 1 जनवरी, 2024 से ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की। पिछले दिनों पुतिन ने कहा था कि 2024 में कजान में रूस की अध्यक्षता में अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन निष्पक्ष विश्व व्यवस्था स्थापित करने के लिए समर्पित होगा। ध्यान रहे यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देश का दौरा नहीं किया है लेकिन फोन पर कई बार बातचीत हुई है। पिछले महीने ही विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत और रूस के बीच सालाना बैठक में हिस्सा लेने के लिए मॉस्को का दौरा किया था। विदेश मंत्री के रूस दौरे में दोनों देशों ने आधुनिक हथियारों के निर्माण सहित सैन्य और तकनीकी सहयोग बढ़ाने का फैसला किया था। लाल सागर में बिगड़ते हालात के बीच दोनों नेताओं की बातचीत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गाजा युद्ध शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही हूती ने लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले शुरू कर दिए थे। हूती को सबक सिखाने के लिए जब अमेरिका ने एयर स्ट्राइक की, तो अरब में महायुद्ध का खतरा बढ़ गया। ऐसे में अरब में खाड़ी युद्ध जैसे हालात बन गए हैं।

इजरायल, अमेरिका और ब्रिटेन के सामने ईरान, तुर्किए, रूस और चीन एक मंच पर आ गए हैं। तुर्किये ने भी कहा है अमेरिका ने लाल सागर को खून का समंदर कह दिया है। इसके बाद मध्य पूर्व में खाड़ी जैसे हालात बन गए हैं। रूस-चीन ने अमेरिका को धमकी दे दी। लाल सागर में बिगड़े हालात की वजह से तेल के दामों में भी तेजी आ गई है। तेल के दामों में चार प्रतिशत का उछाल आया है। लाल सागर में आए उबाल का असर पूरी दुनिया में हो रहा है। आज किसी भी वैश्विक संकट के समाधान के लिए पूरी दुनिया भारत की ओर देखती है। ऐसे में दोनों नेताओं की बातचीत कूटनीतिक नजरिए से अहम कही जा सकती है।

# भारतीय सांस्कृतिक विरासत की महत्ता



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

यह अखंड भारतीयता के धारणा के मजबूती में गौरवशाली धरोहर का प्रतीक है। इनके समासीक सहयोग से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन संस्कृति का उन्नयन होगा, जो भारतवर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) के वृद्धि में समावेशी सहयोगी होगा।

विविधता में एकता भारत के भीतर सद्भाव और सरलता के उन्नयन में उत्प्रेरक की भूमिका प्रदान करते हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। भारत के पवित्र भूमि पर पुष्पित पल्लवित धर्म यथा हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म सहित सभी धर्म भारत की आध्यात्मिक मननशील परंपरा और दार्शनिक परंपरा का भारत की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को प्रभावित किया,बल्कि वैश्विक विचार आध्यात्मिक प्रभाव और सामाजिक संस्कृति पर गहरा मूल्यवान प्रभाव पर कार्य कर रहे हैं। धर्म,कर्म और योग की जीवंत अवधारणा वैश्विक स्तर के व्यक्तित्व के साथ जोड़ती है।

भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रत्यय को गत्यात्मक दिशा और उर्जित धारिता प्रदान करने के लिए यह अनमोल, अनुपम और महत्वपूर्ण योजना है। विविधता में एकता का सूत्र वाक्य भारतीय आध्यात्मिक और भारतीय दर्शन के गहरे संबंध के प्रभाव को मनोरम कला, साहित्य, सुप्रसिद्ध भारतीय व्यंजन,अनुश्रुति,परंपरागत वेशभूषा, हस्तकला और भारत की सांस्कृतिक विरासत के अंतर संस्कृतिवाद,देशाटन, संस्कृति, राजनय और कूटनीति की भूमिका को अनुसमर्थित करने में महत्वपूर्ण महत्व प्रदान किए हैं। भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रत्यय को गत्यात्मक दिशा और उर्जित सामर्थ्य प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण उपादेयता है। भारत के सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर वह सिरमौर प्राप्त हो रहा है,जो भारतीय मेधा के बौद्धिक और सांस्कृतिक गौरव का उच्चतर स्तर प्राप्त हो रहा है।

यह अखंड भारतीयता के धारणा के मजबूती में गौरवशाली धरोहर का प्रतीक है। इनके समासीक सहयोग से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन संस्कृति का उन्नयन होगा, जो भारतवर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) के वृद्धि में समावेशी सहयोगी होगा। संस्कृति को भारतीयों ने 'मानव संस्कृति' (मानव धर्म) के रूप में बढ़ाया है,इसलिए भारत में मानव सेवा ही ईश्वरीय सेवा है। भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, ज्वाला सांस्कृतिक उद्बोधक के प्रणेता स्वामी विवेकानंद ने नर सेवा को ही नारायण सेवा की संज्ञा दी है। विविधता में एकता का सिद्धांत प्रकृति, ब्रह्मांड और जीवन का अंतर्निहित नियम है। भारत में विभिन्न समुदायों के लोग, विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले व्यक्ति और विभिन्न रीति-रिवाज का पालन करने वाले व्यक्ति आपस में सामंजस्य पूर्ण सह-अस्तित्व से जीवनयापन करते हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत की आत्मा इस तत्व में निहित है कि भारतीय धर्म,परंपरा, रीति-रिवाज,वेशभूषा और मान्यताएं सर्वस्पर्शी संगम है।

भारत की एक और उच्चकृत सभ्यता जो मानव इतिहास में वैदिक सभ्यता के नाम से जानी जाती है जिसका समय 1500 ईसा के पूर्व के आसपास थी। इस समय में वेद सर्वाधिक मान्य ग्रंथ हैं और हिंदू धर्म का सर्वाधिक विश्वसनीय ग्रंथ है। वैदिक सभ्यता ने हिंदू सभ्यता, हिंदू दर्शन, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं की नींव रखी है,जो वर्तमान में भारतीय संस्कृति के प्रसार में योग दे रहा है। भारत के प्राचीन सभ्यता ने विज्ञान, गणित, चिकित्सा ,साहित्य, पंचांग, खगोल ,रेखा गणित, तर्कशास्त्र और दर्शन में शाश्वत योगदान दिया है। भारत की महान धरती हिंदू धर्म,बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली रही है। इन आध्यात्मिक परंपराओं ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का आधार विकसित किया है।

भारत की सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध परंपरा को प्रमुखता प्रदान करने वाली वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व के ऊर्जावान महत्ता के कारण समृद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रमुख मान्यता प्राप्त हो रहा है। वर्तमान सरकार अपने समृद्ध संस्कृति पर गर्व कर रही है,जो अपने राष्ट्र के सांस्कृतिक विरासत को उच्चतर मूल्य के साथ उच्चतर स्थान दिलाने के लिए गंभीरता से प्रयासरत है। भारत एक समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत वाला देश है जिसे वर्षों के इतिहास,परंपरा और बौद्धिक प्रत्यय द्वारा सिंचित किया गया है। प्राचीन वैदिक परंपरा हिंदू संस्कृति, बौद्ध परंपरा और जैन परंपरा के संस्कृतियों की विस्तृत श्रृंखला का बेला रही है जिसने राष्ट्र के अद्वितीय सांस्कृतिक परिदृश्य पर अनूठा प्रभाव डाला है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत भारतीयों के लिए गर्व का प्रतीक है,बल्कि वैश्विक स्तर के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भारत के मंदिरों की शोभायमान,इसके वेशभूषा की गंभीरता,भारत के शास्त्रीय संगीत और नृत्य की रस्लोलुप्त दृष्टि और भारतीय दर्शन की ओजस्वी प्रकृति सार्वभौमिक स्तर पर लोगों में आकर्षण का शोभायमान संस्कृति का प्रसार कर रहा है।

भारतवर्ष के इस वृहद विरासत भंडार को वैश्विक स्तर पर अपना अनोखा सांस्कृतिक पहचान के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में वैद्यता प्राप्त है। भारतीय संस्कृति वैश्विक स्तर की सर्वाधिक प्राचीन भारतीय संस्कृति है। भारतीय संस्कृति समकालीन में प्रासंगिक है। भारतीय संस्कृति में ग्राम पंचायत,न्याय पंचायत,परंपरागत परिवार व्यवस्था,मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के चरित्र,श्रीकृष्णजी के समताभाव,बौद्ध दर्शन के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध के समकालीन विचार और जैन धर्म (सभी दर्शन हिंदू धर्म/ दर्शन के अभिन्न भाग है)। शिक्षाएं वर्तमान में प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। हजारों वर्षों के ऐतिहासिक गतिशीलता के साथ भारत विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं, परंपराओं, धर्म और भाषाओं का संगम स्थल है। भारत की सांस्कृतिक विरासत स्वदेशी रीति-रिवाज और बाहरी सांस्कृतिक प्रभावों का सामंजस्यपूर्वक मिश्रण है। भारत की सांस्कृतिक विरासत में कलात्मक अभिव्यक्तियों, वस्त्र,शिल्प का करिश्माई पुंजों और दार्शनिक परंपराओं की वृहद श्रृंखला है।

धार्मिक विविधता भारत की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न भाग है। भारत की सांस्कृतिक विविधता अत्यधिक प्रभावशाली है। 1600 से अधिक भाषाओं के साथ भाषाई विविधता है। प्रत्येक भाषा अपना अनोखा साहित्य,काव्य और सांस्कृतिक तकनीकी है,जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में सहयोग दे रहे हैं। शास्त्रीय संगीत की आत्मा को प्रेरित करने वाले शास्त्रीय गायनों के धुनों ने वैश्विक स्तर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। भारत का सांस्कृतिक विरासत संसार के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह हमको स्वीकृति, सह - अस्तित्व और मत्तांतरण के महापर्व का मूल्य को सिखाता है। विविधता विकास और उन्नति का सुअवसर है। भारत संसार की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। हमारी सभ्यता 4000 साल पहले की सिंधु घाटी संस्कृति से संबद्ध है। इस प्राचीन विरासत ने पुरातात्विक स्थलों,ऐतिहासिक स्मारकों और प्राचीन ग्रंथों की धरोहर सुरक्षित रखा है,जो मानवीय सभ्यता के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। भारत की प्राचीन सभ्यता सिंधु घाटी में पुष्पित पल्लवित हुई है और हड़प्पा सभ्यता के नाम से ख्याति प्राप्त किया था। इस उच्चकृत सभ्यता के उन्नत जल निकासी प्रणालियों, मानकीकृत वजन, माप और लेखन की वैज्ञानिक प्रणाली के साथ नियोजित शहरों का विकास किया है और इसके विषय में अभी भी अन्वेषण जारी है।

भारत की एक और उच्चकृत सभ्यता जो मानव इतिहास में वैदिक सभ्यता के नाम से जानी जाती है जिसका समय 1500 ईसा के पूर्व के आसपास थी। इस समय में वेद सर्वाधिक मान्य ग्रंथ हैं और हिंदू धर्म का सर्वाधिक विश्वसनीय ग्रंथ है। वैदिक सभ्यता ने हिंदू सभ्यता, हिंदू दर्शन, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं की नींव रखी है,जो वर्तमान में भारतीय संस्कृति के प्रसार में योग दे रहा है। भारत के प्राचीन सभ्यता ने विज्ञान, गणित, चिकित्सा ,साहित्य, पंचांग, खगोल ,रेखा गणित, तर्कशास्त्र और दर्शन में शाश्वत योगदान दिया है। भारत की महान धरती हिंदू धर्म,बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली रही है। इन आध्यात्मिक परंपराओं ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का आधार विकसित किया है। धर्म-कर्म और योग की अवधारणा ने वैश्विक विचार और आध्यात्मिकता की उर्वरा में सहयोग प्रदान किया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत आध्यात्मिक (मनोवैज्ञानिक धारणा) और दर्शन (मनोनैतिक धारणा) को आधार प्रदान करती है।

## प्रसंगवश

# आमंत्रण के मुद्दे पर घमासान

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर धर्मगुरुओं की राय को आधार बनाकर राजनीतिक दलों के मध्य मचा घमासान औचित्यपूर्ण नहीं कहा जा सकता। विचारणीय बिंदु यह है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र किसी राजनीतिक दल द्वारा नहीं, अपितु राम मंदिर न्यास द्वारा बांटे जा रहे हैं।

ऐसे में भले ही विश्व हिंदू परिषद की आयोजन में पूर्ण भागीदारी हो,मगर प्रत्यक्ष रूप से भाजपा की इसमें कोई भूमिका नहीं है। ऐसे में यदि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, शिवसेना सहित अन्य राजनीतिक दल इस आयोजन में अपनी भागीदारी निश्चित नहीं करना चाहते, तब यह उनकी राजनीतिक विवशता हो सकती है या राम मंदिर से दूरी बनाना उनकी तुष्टिकरण नीति का अंश हो सकता है,किंतु उनके प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बहिष्कार के निर्णय पर समर्थक राजनीतिक दलों की आलोचना कतई तर्कसंगत नहीं ठहराई जा सकती। राजनीतिक दल चाहे कोई भी हो,वह केवल सत्ता के गणित के हिसाब से ही अपने निर्णय लेता है जिसका उसे पूर्ण अधिकार प्राप्त है।



सुधाकर आशावादी
मेरठ

राजनीतिक दल किस धार्मिक आयोजन से दूरी बनाएं तथा किस धार्मिक आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं,इसमें किसी अन्य को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं होना चाहिए। रहा सवाल मंदिर मसले पर शंकराचार्यों के मंतव्यों का, शंकराचार्य भी धर्मानुसार अपनी राय देने के लिए स्वतंत्र हैं। देश, काल और परिस्थितियां उनके लिए कोई अर्थ रखती हैं या नहीं,यह वही जानें, किंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी भूमिका का आंकलन करते हुए उनके मंतव्यों पर हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा विचार विमर्श किया जा सकता है कि जब श्रीराम लला तिरपाल की अस्थाई व्यवस्था में स्थापित थे,उस समय श्रीराम मंदिर परिसर के मुक्ति अभियान में जगद्गुरुओं की भूमिका कितनी सार्थक थी? वैसे भी स्वस्थ लोकतांत्रिक राष्ट्र में जनभावनाओं एवं जन आस्थाओं को नकारकर निर्णय लेना या विमर्श स्थापित करना आसान नहीं रह गया है।

# उजाले का मसीहा मार्टिन लूथर किंग



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मार्टिन को हमेशा अचरज होता रहा कि रंगभेद का प्रचलन संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे राष्ट्र में है जिसकी स्थापना का आधारभूत उसूल था कि सब बराबर हैं।

अमेरिका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा शपथ लेने के बाद भाषण दे रहे थे। उन्होंने एक खास व्यक्ति का उल्लेख किया था जिनका सपना उनके राष्ट्रपति बनने से साकार हुआ। वे हैं मार्टिन लूथर किंग जूनियर जिनके सूत्र 'हम होंगे कामयाब एक दिन' (वी शैल ओवरकम वन डे) को विश्वभर के वंचित हमेशा से दुहराते रहे हैं। किंग के तीन दशकों पहले से मानवीय समता तथा स्वतंत्रता के लिए जंग चलती रही। अश्वेतों का संघर्ष शुरू हुआ,जब अफ्रीका से 1619 में खरीदा गुलाम अमेरिका लाया गया था।

मार्टिन को हमेशा अचरज होता रहा कि रंगभेद का प्रचलन संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे राष्ट्र में है जिसकी स्थापना का आधारभूत उसूल था कि सब बराबर हैं। उन्होंने पाया कि हर रविवार के ग्यारह बजे गिरजाघरों में प्रत्येक ईसाई दोहराता है,'ईसा के घर में न पूर्व है,न पश्चिम,सभी समान है।' फिर भी गोरे और काले अलग-अलग पक्तियों में खड़े रहते हैं। रंगभेद की नृशंसता के शिकार रहे मार्टिन के जीवन और संघर्ष पर गौर करें तो भारतीयों को एहसास हो जाएगा कि ओबामा किस चिंतन के प्रतीक रहे। मार्टिन लूथर किंग की जिंदगी में कई ऐसे हादसे गुजरे,जब वह ग्लानि से खुदकुशी कर लेता या क्रोध में हत्या पर उतारू हो जाता,लेकिन ध्येय की श्रेष्ठता और धर्म की उत्कृष्टता ने उसे सहिष्णु बना दिया था। रेल में सफर करते मार्टिन को दो घंटे तक खड़ा रहना पड़ा था,क्योंकि उसे बलपूर्वक उठाकर एक गोरा उसकी सीट पर बैठ गया था। 'जोहांसबर्ग के निकट एक भारतीय को तो रेल से धक्का दे दिया गया था,वह व्यक्ति बाद में राष्ट्रपिता कहलाया', मार्टिन ने सोचा। मार्टिन को यकीन था कि यदि अश्वेत लोग आजादी का अभियान चलाएंगे,तो वे काले-गोरे के रिश्तों में दरार नहीं बनाएंगे,वरन समन्वयवादी समाज की नींव डालेंगे। अश्वेतों में जागृति आने से यथास्थिति वाली व्यवस्था भंग नहीं होती,वरन् शाश्वत शांति का प्रयास शुरू होता है। मार्टिन ने यही चाहा था कि नैतिकता भले ही कानून द्वारा क्रियान्वित न की जा सके,पर गोरों के आचरण को अमेरिकी सरकार नियमबद्ध तो कर ही सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं हर क्रांति की शुरूआत छोटी सी घटना से होती आई है।

1 दिसंबर 1955 को मांटगोमरी शहर के क्लीवलैंड एवेन्यू में बस पर अश्वेत युवती रोजा पार्क्स सवार हुई। बस में गोरों के लिए अगली दस सीट सुरक्षित रहती थी। इतना ही नहीं,यदि ज्यादा गोरे यात्री आ गए,तो बैठे हुए अश्वेत यात्रियों की सीटें खाली करवा ली जाती थी। बस कंडक्टर ने रोजा पार्क्स से गोरे मुसाफिर के लिए सीट देने को कहा। इंकार करने पर रोजा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस घटना से क्षुब्ध मार्टिन ने समस्त काले वर्ग को "बस बायकाट" के लिए संगठित किया। बहिष्कार 368 दिन चला। इसका तात्कालिक असर पड़ा कि निजी बस कंपनियों को भारी क्षति हुई। उधर सर्वोच्च न्यायालय ने इसी बीच बसों में सुरक्षित सीटों की प्रणाली को गैरकानूनी करार दिया। मार्टिन ने सत्याग्रह के अस्त्र को अमेरिकी अश्वेतों की मुक्ति का साधन बनाया। 'ब्लैक-पावर' के कई उग्रवादी अश्वेत नेतागण मार्टिन से असहमत थे। वे गोरे अत्याचारियों से लहू का प्रतिकार खून से चाहते है। मार्टिन की नीति थीः 'व्यक्ति से वैमनस्य नहीं,बस उसके बुरे आचरण से विरोध है' गोरों से घृणा नहीं है, उनके संकुचित दृष्टिकोण पर क्षोभ होता है।

एक प्रतिरोध वाले कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय राजधानी वाशिंगटन में शांतिमय प्रदर्शन करना तय हुआ। 28 अगस्त 1963 को दो लाख लोगों ने जिसमें कई गोरे भी शरीक हुए थे,राष्ट्रपति से मांग की कि रंगभेद की नीति वाले सारे कानून खत्म कर दिए जाएं। युवा राष्ट्रपति जॉन कैनेडी ने उनके नागरिक अधिकार बिल का मसौदा तैयार किया। कैनेडी की हत्या वस्तुतः उनका निजी उत्सर्ग था जिससे जनमानस में रंगभेद के प्रति नफरत जगी और कुछ ही महीनो में लाखों अश्वेतों को कानूनी मताधिकार मिल गया।

बिना प्रतिहिंसा किए विरोधी में हृदय-परिवर्तन करने की प्रक्रिया की विशिष्ट जानकारी के लिए मार्टिन ने 1959 में सत्याग्रह की प्रयोग-भूमि भारत की यात्रा की। उन्होंने गांधी स्मारक निधि के तत्वावधान में महात्मा के विचारधारा का विशद अध्ययन किया। संत विनोबा से मिले। गांधी शताब्दी समारोह में भाग लेने वे अहमदाबाद, पोरबंदर और सेवाग्राम (वार्धा) आने वाले थे, पर काल ने यह नहीं होने दिया। अपनी प्रथम भारत यात्रा पर उन्होंने कहा थाः "बुरे के जवाब में भला करना यीशु ने सिखाया था। भारत में गांधी ने दिखाया कि यह संभव है, कारगर भी।"

## सोशल फोरम

# किसान का दर्द

किसान अपनी फसल की रक्षा करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है। कभी हम आवश्यकता से कम खाद्यान्न उत्पादन या भीषण अकाल से होने वाली भुखमरी के शिकार होते थे,कभी हम पेट भरने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के पीएल 480 योजना के अंतर्गत मिलने वाले गेहूं पर निर्भर रहा करते थे।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

खाद्यान्न की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को जय जवान के साथ जय किसान का नारा देना पड़ा था,लेकिन विख्यात अमेरिकी कृषि वैज्ञानिक डा.नार्मन बोरलॉग एवं डा. स्वामीनाथन की टीम के सत्प्रयास से आई हरित क्रांति के बौनी प्रजातियों से हम धीरे-धीरे खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुए। रासायनिक खादों के उत्पादन में भी हम धीरे-धीरे आत्मनिर्भर हो रहे हैं। द्रव यूरिया तथा डीएपी का उत्पादन कर हम इन खादों की खपत भी कम कर रहे हैं। सिंचाई क्षेत्रों की वृद्धि तथा स्प्रिंकलर का प्रयोग कर सिंचित क्षेत्र भी बढ़ा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग एक चमत्कारी कार्य हुआ है। योगी सरकार ने सिंचाई वाले ट्यूब वेल का विद्युत शुल्क माफकर किसानों को तत्काल राहत दी है।

विगत कुछ वर्षों से छुट्टे पशु तथा सुअर, नील गाय, साही, हिरण (जंगली पशु) से किसान कुछ दुःखी हैं जिससे फसल की रक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के बाड़ लगा रहा है। खेत के चारों तरफ पक्की दीवार बनाना महंगा है, इसलिए कटीले तारों की बाड़ अधिक लग रही है। बिजली के तारों की बाड़ (झटका) भी प्रचलित हो रहा है। हमारे यहां आलू, शकरकंद की खेती की सुरक्षा हेतु पुरानी धोतियों को लकड़ी के छोटे खंभों के सहारे खेत को घेरकर बाड़ का रूप दिया जा रहा है। फिर भी अधिकांश खेत की सुरक्षा का उचित प्रबंध न हो पाने से फसल का नुकसान हो रहा है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी का आंकलन करते समय सुरक्षा पर हुए खर्च का आंकलन नहीं करती है। इसी तरह कीटनाशकों का बढ़ता खर्च भी नहीं जोड़ा जा रहा है,जो फसल के अनिवार्य अंग बन गए हैं। पैदावार में वृद्धि के लिए गोशाला प्रबंध में सुधार तथा जंगली जानवरों से बचाव का कोई कारगर हल ढूंढना होगा।

-फेसबुक वॉल से

# सत्ता सेवन से अधिक लोकमंगल को दिया महत्व



विजय बहादुर सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर,भोपाल

भगवान सिंह जैसे रामायण के शोधकर्ता यह मानते हैं कि बौद्धों के सामाजिक वर्चस्व को धूल चटाने के लिए यज्ञवादी रामायण और महाभारत की पुनर्योजना की गई,क्योंकि बौद्ध धर्म यज्ञ और वर्णव्यवस्था का विरोध करता आया था।

परम पवित्र और देवी माने जाने वाले वेदों में आर्य जनों और ऋषियों के शासक के रूप में जिस एक केंद्रीय महानायक का नाम बार-बार आता है वह तो इंद्र है। कुछेक पौराणिकों के मतानुसार वेदों में भी राम हैं,पर वे कहां है,यह वही जानें। राम सबसे पहले हमारी अपनी जानकारी में वाल्मीकि रामायण में आते हैं। यह तो फिर भी तय नहीं कि वे तभी थे जब वाल्मीकि थे और दोनों समकालीन थे,पर लोक को दोनों का समकालीन होना उनके अपने विश्वासों के संदर्भ में अच्छा लगता है।

इसके अपने कारण भी हैं,जैसे गर्भवती सीता का वाल्मीकि के आश्रम में निवास करना,पर यह कथा समस्त भारतीय पंडितों को एकमत से मंजूर नहीं। ढेर सारे भारतीय विद्वान यह मानते हैं कि वाल्मीकि के द्वारा रचे गए तो कुल छह अध्याय ही हैं। बालकांड और उत्तरकांड बाद के लोगों द्वारा अपने मत के समर्थन और स्वार्थपूर्ति के लिए जोड़ दिए गए हैं। इनमें एक सर्व प्रतिष्ठित विख्यात भारतीय अन्वेषक चिंतामणि विनायक वैद्य जी भी हैं,जो पश्चिम के तमाम जाने माने संस्कृत विद्वानों के साथ यह मानते हैं कि रामायण बुद्धकाल से पूर्व की रचना है। इन्हीं पश्चिमी और भारतीय विद्वानों में से कुछेक इसे कभी तीसरी शती ईसा पूर्व तो कुछेक पाणिनि (500 ईसापूर्व) से पहले की रचना मानते हैं। संस्कृत भाषा का पहला व्याकरण इन्हीं पाणिनि के द्वारा लिखा गया है,जो अफगानिस्तान के आसपास के रहने वाले थे। एक परंपरा यह भी मानती है कि इसकी रचना हद से हद आठ सौ से छह सौ ईसा पूर्व हुई होगी। यानी बुद्ध से सौ दो तीन सौ साल पहले। यह तो सब मानते हैं कि कालिदास जो ईसवी संवत से सत्तावन साल पहले के शासक विक्रमादित्य के समय में थे,तब वाल्मीकि की रामायण का वर्तमान प्रचलित रूप आ गया था यानी चौबीस हजार श्लोकों और सात कांडों वाली रामायण का।

भगवान सिंह जैसे रामायण के शोधकर्ता यह मानते हैं कि बौद्धों के सामाजिक वर्चस्व को धूल चटाने के लिए यज्ञवादी रामायण और महाभारत की पुनर्योजना की गई,क्योंकि बौद्ध धर्म यज्ञ और वर्णव्यवस्था का विरोध करता आया था। पुराण विशेषज्ञ पार्जिटर जैसे विश्वमान्य आचार्य और शोधकर्ता वंशावलियों के आधार पर यह मानते हैं कि राम-रावण और कौरव-पांडव युद्धों के बीच पांच शताब्दियों का अंतर है। उनके अनुसार महाभारत का युद्ध 1100 ईसा पूर्व और राम रावण युद्ध 1600 ईसा पूर्व में घटित हुआ,पर कई महाभारत की रचना का काल केवल 900 सौ साल ईसा पूर्व मानते हैं। यों कई हाथों का होने के कारण उसका लिखा जाना अशोक काल तक भी होता रहा।

इससे दो बातें तो साफ हो ही जाती हैं कि रामामण महाभारत वेदों,ब्राहण ग्रंथों और उपनिषदों के बाद की कृतियां हैं। पार्जिटर यह भी मानते हैं कि सूतों द्वारा रचित वंशावलियां जब चतुर ब्राहणों द्वारा हथियाई गईं तो उन्होंने मूल कथाओं में अपने मतलब की बातें भी जोड़ दीं,जो भी हो राम की मनुष्यता देवोपम होने के नाते समस्त भारतीय लोकजीवन के लिए पूज्य हो उठती है। इसमें तो कोई शक नहीं कि वे एक अप्रतिम शासक थे। इस रूप में वे थे एक असाधारण महामानव। इसलिए यह भारतीय समाज ऐसे शासक को भला क्यों भूलना चाहेगा? दूसरे वे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने पत्नी के रूप में सीता को ग्रहण करने के बाद अन्य किसी भी स्त्री की कामना अपने जीवन में कभी नहीं की। तीसरे सत्ता सेवन से कहीं अधिक महत्व उन्होंने लोकमंगल को दिया और प्रजा के संतोष के लिए प्राणों से प्रिय गर्भवती पत्नी तक को भी वनवास दे डाला। इसलिए उन जैसा तो दूसरा कोई भी नहीं। यही बात महामुनि नारद ने आदिकवि से कही कि उन जैसा दूसरा इस लोक में कोई नहीं। न वैसा उदार,न कृपालु,न प्रजापालक न वीर। इकबाल जैसे महान शायर यों ही नहीं उनको याद करते हुए यें पंक्तियाँ लिखते है- है राम के वजूद पे हिन्दोस्तां को नाज/ अहले नजर समझते हैं उसको इमामे हिंद।

राम भारत के प्रकाश केतु हैं। इसीलिए धर्मध्वजा भी। अकबर जहांगीर के शासनकाल में जन्मे और राममय हुए तुलसीदास ऐसे राम के उदार चरित्र का वर्णन करते हुए,जो पद लिखते हैं वह आज स्मरण योग्य है- ऐसो को उदार जग माहीं।/ बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।।

यह तो स्पष्ट है कि तुलसी के राम क्षत्रिय राम नहीं विष्णु के अवतार वाले राम हैं। तब भी तुलसी उनको लेकर यह कामना तो करते ही हैं कि शासक हो तो राम जैसा हो,जो अपने प्रत्येक आचरण में मर्यादा और सत्य का पालन करता हो और मर्यादाएं जिसके आचरण से परिभाषित और पहचानी जाती हों। वही तो राम हैं। आधुनिक समयों में अगर इसकी व्याख्या करें तो समझ में आ जाएगा कि राम को लेकर हमारी जो दीवानगी है,वह किस कोटि की है? खुद हमारा अपना जीवन कौन से राम के समीप है? हमारी राजनीति किस राजनीति की याद दिला रही है?

# व्यक्ति स्वार्थ के पीछे विश्व बाजार

एक ओर संगठित व्यक्ति स्वार्थ है और दूसरी ओर असंगठित समष्टिहित है। व्यक्तिस्वार्थ के पीछे विश्वबाजार की शक्ति मौजूद है,क्योंकि बाजार का आधार भी व्यक्तिस्वार्थ है। यह संघर्ष आज से नहीं,उसी दिन से शुरू हो गया था,जिस दिन उदारीकरण वैश्वीकरण भूमंडलीकरण के नाम पर विश्व बाजार देश में आया था।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह व्यक्तिस्वार्थ ही है,जो लोक की शक्ति को निर्बल बनाने के लिए कभी मजहब तो कभी जाति के बहाने से भेद विभेद पैदा कर रहा है। न मार्क्सवाद और जाति वाले लोक की ओर ध्यान दे रहे हैं और न धर्म वाले इस खतरे को पहचान रहे हैं। लड़ाई धर्म से नहीं है,पाखंड से है। जरूरत लोक में जाकर धर्म और पाखंड के अंतर को स्पष्ट करने की थी पर वे धर्म से लड़ रहे हैं,वे लोकजीवन से जुड़े होते तो समझ पाते कि धर्म लोक की संपदा है और पाखंड राजसत्ता का आयुध है। इस्लाम खतरे में है का नारा हो या धर्म खतरे में हो का नारा हो।

वास्तव में तो खतरे में लोकजीवन है। यदि बाजार उद्योग व्यापार तक सीमित रहता तो बात एक थी,लेकिन विश्व बाजार ने शिक्षा पर अधिकार किया, चिकित्सा पर कब्जा किया, कृषि पर अधिकार किया,संस्कृति पर अधिकार किया,मीडिया पर अधिकार किया,देश के प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार किया, अब तीर्थ भी बाजार का विषय बन गए हैं,पर्यटन उद्योग। राजसत्ता से उसकी संधि है। वह संधि लोक के विरुद्ध है। लोक के जागरण के बिना इसका मुकाबला किया नहीं जा सकता।

## एक नजर

### केरल में कुएं में गिरकर युवक की मौत

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गढ़वावाला निवासी युवक की केरल में कुएं में गिरकर मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव गढ़वावाला निवासी संजय कुमार ने बताया कि उसका भतीजा 37 वर्षीय भूपेंद्र कुमार कई साल से केरल में वेल्डिंग का काम करता था। 14 जनवरी की देर रात वह अपनी पत्नी मंजू से फोन पर बात कर रहा था। इस दौरान वह कुएं में गिर गया और उसकी मौत हो गई।

### चार अवैध कालोनियों पर चला बुल्डोजर

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर सहित क्षेत्र में चार अवैध कॉलोनियों पर बुल्डोजर चलाया गया। इससे पहले लोगों को तहसील प्रशासन ने कागजात दिखाने के लिए नोटिस भी जारी किया था। मंगलवार को तहसीलदार धामपुर पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में लेखपाल प्रमोद कुमार, लेखपाल अनिरुद्ध, लेखपाल जितेन्द्र कुमार व पुलिस टीम ने सीएचसी के नजदीक कालागढ़ मार्ग पर स्थित आदर्श कालोनी के नजदीक अफजलगढ़, अगवानपुर गोशाला के नजदीक तथा जसपुर रोड पर गैस गोदाम के समीप अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई।

# एनपीएस ने शिक्षकों को छला : चंद्रहास

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जन संवाद अटेवा चला आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जन संवाद अटेवा चला आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को छलने का कार्य किया है। एनपीएस से सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को बेरोजगारी भत्ते से भी कम पेंशन मिल रही है। एनपीएस एवं निजीकरण शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ षड्यंत्र है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को जिला मुख्यालय पर मतदाता जागरूकता एवं पेंशन मार्च एवं चार फरवरी को लखनऊ में सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे।


पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला राजेश कुमार रवि ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए ईमानदारी से संघर्षरत है। आगामी 25 जनवरी को लामबंद हो होकर शिक्षक एवं कर्मचारी पेंशन मार्च करेंगे। भंडार पाल संघ के जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि अटेवा का निरंतर पुरानी पेंशन बहाली के लिये मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम को आई सेल सह प्रभारी आकाश दीप, आलोक कुमार, रीना सोती, नीतू रानी, उमा रानी, बबीता देवी, सुषमा गौतम, कृष्ण पाल, उमेश चंद्रा, देवांश गुप्ता, खूब सिंह, रोहतास सिंह, रजनीश कुमार, हुकम सिंह, शकील कुमार, मुन्नू सिंह, फुरकान अहमद, कसिम अहमद, सुरेश कुमार, अमरेश कुमार, हरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, विपिन कुमार, विशाल कुमार, विजय कुमार, कैलाश कुमार, दीपक कुमार, अभय कुमार, नितिन कुमार, सचिन कुमार बिष्ट, सुनील कुमार, ब्रज कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अपराध नियंत्रित किया : ओम कुमार

**हल्दौर, अमृत विचार :** नगर पालिका के परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचने पर प्रधानमंत्री योजनाओं के पात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। इस मौके पर विधायक ओम कुमार ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताईं और फिर से प्रधानमंत्री मोदी को चुनने की अपील की।

मंगलवार को नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ओम कुमार ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना काल में 80 प्रतिशत लोगों को राशन दिलाया। सभी को मुफ्त वैक्सीन लगवाने का कार्य किया। सभी योजनाओं का जनता को लाभ दिलया। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश से गुंडागर्दी खत्म करने का काम किया। इस दौरान योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक अनिल सिंह चौहान एवं दीपक चौहान उर्फ चानू, नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन विमला देवी, अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा आदि मौजूद रहे।


कंबल बांटते थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व रोटी क्लब के डॉ. मनोज कुमार वर्मा।

## जरुरतमंदों को बांटे कंबल

संवाददाता, स्योहारा

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के तत्वाधान में मंगलवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा और सचिव कांता प्रसाद पुष्पक के नेतृत्व में थाना परिसर में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत चौकीदारों को कंबल और गर्म टोपी का वितरण किया गया। इस मौके पर 35 कर्मचारियों को कंबल और गर्म टोपी दी गई।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने रोटरी क्लब की टीम के कार्य की सराहना की। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष ने बताया कि रोटरी सामाजिक सेवा का कार्य जारी है और आगे भी जारी रहेगा। दो दिन पहले भी रोटरी क्लब ने सड़कों पर घूम कर लोगों को कंबल वितरित किए थे।

इस मौके पर वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. रिसालत चौधरी, चमन भारद्वाज, शोभित जैन, इंजीनियर शौर्य वर्मा तथा समीर रस्तोगी उर्फ निक्कू रस्तोगी आदि रोटेरियन मौजूद रहे।

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, दो लाख की क्षति

**नगीना, अमृत विचार :** शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से 20,000 रुपये व बिक्री के कपड़े सहित लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

थाना क्षेत्र के बढ़ापुर रोड स्थित ग्राम नंदपुर निवासी मनदीप कुमार कपड़े की फेरी लगाता है। मंगलवार सुबह वह मकान का ताला लगाकर परिवार सहित गांव में ही अपने भाई मनोज के घर गया था। दोपहर करीब दो बजे शॉर्ट सर्किट से अचानक उसके घर में आग लग गई। सूचना पर जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखे 20,000 रुपये, डबल बेड, कीमती कपड़े, वाशिंग मशीन, सोफा, एलईडी, बिक्री के लिए रखे कपड़े समेत करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

# मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर गरजे किसान

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार:** गन्ना मूल्य वृद्धि व बकाया गन्ना भुगतान को लेकर भाकियू लोकशक्ति के बैनर तले कलेक्ट्रेट में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गन्ना समिति परिसर में एकत्रित हुए। गन्ना किसानों की प्रमुख समस्याओं पर विचार विमर्श के बाद जलूस की शक्ल में विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां धरना-प्रदर्शन करते हुए गन्ना किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठायी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शासन-प्रशासन की किसान विरोधी नीतियों से किसानों की आर्थिक स्थिति दयनीय है।


कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देते किसान ● अमृत विचार

एक तरफ प्रकृति की मार तो दूसरी तरफ शासन-प्रशासन भी किसानों को राहत नहीं दे रहा है।

किसानों की आय दोगुनी करने के नाम पर हर वर्ष गन्ना मूल्य वृद्धि के नाम पर झुनझुना थमा दिया जाता है। शुगर मिलों का संचालन शुरू हुए तीन महीने बीतने पर भी गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं की गयी है। किसानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सदर तहसीलदार को सौंपकर सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की।

## सार संक्षेप


जंगल में बाघ की तलाश करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### शबुरा की गर्दन पर थे बाघ के दांतों के गहरे निशान


दिलबीबी उर्फ शबुरा।

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** मां के साथ चारा लेने जंगल गई 20 वर्षीया दिलबीबी उर्फ शबुरा के शरीर पर बाघ के दांतों के निशान मिले हैं। डीएफओ अरुण कुमार ने बताया कि युवती की गर्दन पर बाघ के दांत के गहरे जख्मों के निशान थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बाघ की तलाश में कांबिंग भी की। लेकिन बाघ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि युवती के शरीर पर लगे जख्मों को देखकर लग रहा है कि हमला बाघ ने किया है। बाघ की तलाश की जा रही है। पिंजरा लगाया जाएगा। जल्द ही उसे कैद कर लिया जाएगा।

### भाजपा प्रांतीय पार्षद ने किया प्रभारी मंत्री का स्वागत


प्रभारी मंत्री कपिल देव को गुलदस्ता भेंट करतीं लीना सिंगल। ● अमृत विचार

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल के निवास पर जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल का भाजपा प्रांतीय पार्षद तथा पूर्व अध्यक्ष धामपुर लीना सिंगल ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी संदीप, मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, जगदीश चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। कपिल देव अग्रवाल ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में लगने को कहा। भाजपा पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को नजीबाबाद क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए शासन-प्रशासन से पूर्ण कराने का निवेदन किया।

### नशे के घातक परिणामों की दी जानकारी


सामूहिक प्रतिज्ञा लेतीं छात्राएं।

**नगीना, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर के रामलीला बाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने नशे करने वालों को जागरूक करने की सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रामकरण सिंह दक्ष एवं आचार्य सुधीर कुमार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया। कार्यक्रम में नशे के घातक परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी को जीवन रक्षक प्रतिज्ञा दिलाई।


एसडीम को ज्ञापन देते पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ता।

### धार्मिक स्थलों के आसपास कराएं विशेष सफाई

**नगीना, अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इकाई ने नगर अध्यक्ष कयूम राइन के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले बिजली के खंभों पर प्रकाश व्यवस्था सही कराने व मंदिरों तथा धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था, मंदिरों को सजवाने, मंदिरों एवं मुख्य मार्गों पर चूने की व्यवस्था कराने की मांग की। व्यापारियों ने 26 जनवरी से पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर राष्ट्रीय ध्वज लगवाने की मांग की। उपजिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष सरफराज अंसारी, जिला मंत्री दीपक मल्होत्रा, जिला मंत्री युवा मनोज टंडन, तहसील अध्यक्ष कुनाल मल्होत्रा, महामंत्री पण्डित सचिन शर्मा, सभासद संजीव दत्त शर्मा, मकसूद उस्मानी, तिलक नेराज, संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष मुनीर आलम, शिवा मिगलानी, डा. मुस्तेहसन, सोहन सैनी, रजत अग्रवाल, यासीन सोनी आदि रहे।

### कागज या कपड़े के थैलों का प्रयोग करने की अपील

**बिजनौर, अमृत विचार :** विकास भवन में जिलाधिकारी के निर्देशन व सीडीओ की अगुवाई में वृहद श्रमदान का आयोजन किया गया। श्रमदान में अधिकारियों व कर्मचारियों ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए सफाई की। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा। इसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस भी है। इस उपलक्ष में मुख्यमंत्री द्वारा आज से अयोध्या में सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से सभी गांवों में स्वच्छता अभियान चलाने की शुरुआत की गई है। सभी ग्राम प्रधान तथा पंचायत कर्मी इस स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने जनता से प्लास्टिक थैली की जगह कागज अथवा कपड़े के थैलों का प्रयोग करने की अपील की।

### राम मंदिर को भावनात्मक मुद्दा बना रही भाजपा

**बिजनौर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भीम पैंथर सेना की बैठक हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय भीम पैंथर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गामेन्द्र सिंह गजरौलिया व संचालन संस्थापक राजवीर सिंह ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हो रहा है। लेकिन भाजपा इसे भावनात्मक मुद्दा बनाकर लोकसभा चुनाव में फायदा उठाना चाहती है। इस दौरान डॉ. गौतम कुमार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ज्ञानवीर सिंह जिलाध्यक्ष, लक्ष्मी देवी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, उमेश कुमार जिला प्रभारी, डॉ. हितेश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राजेद्र गौतम, शीतल कुमार, भारत सिंह, आनंद कुमार आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मौसम में बदलाव की उम्मीद नहीं, अभी और सताएगा कोहरा

**नगीना, अमृत विचार :** मौसम में अभी कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। क्षेत्र में छाए घने कोहरे तथा मौसम में ठंडक के से जन मानस बेबस है। कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के मुताबिक मंगलवार की सुबह क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 3 .9 डिग्री सेल्सियस तथा आद्रता 88 प्रतिशत रही। दोपहर में अधिकतम तापमान 16 .4 डिग्री सेल्सियस आद्रता 50 प्रतिशत दर्ज की गई। दिनभर कोहरा छाए रहने से मौसम खराब बना रहा। दोपहर बाद अचानक हवा चलने से मौसम में ठिठुरन बढ़ गई। दोपहर करीब एक बजे गुनगुनी धूप भी खिली। प्रेक्षक के मुताबिक क्षेत्र में घना कोहरा रहने की संभावना बनी हुई है।

## आसपास

# ग्रामीण की हत्या में दोषी को उम्रकैद

## शाहबाद क्षेत्र के गांव बैरूआ में हुई थी घटना, कोर्ट ने आरोपी पर 51,000 रुपये जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ढाई साल पहले ग्रामीण की गोली मारकर हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने मंगलवार को आरोपी को आजीवन कारावास और 51,000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव बैरूआ से जुड़ा है। यहां के रहने वाले तौसीफ आलम ने बताया था कि दो जून 2011 को उनके मकान की छत पर ललवारा का रहने वाला रजाबुल आ गया था। उसे तौसीफ की मां ने देखा था। उनके शोर मचाने पर सैयद आलम डंडा लेकर छत पर आ गया था। उसको देखकर आरोपी रजाबुल छत से कूदकर खपरैल के सहारे नीचे आ गया। इसके बाद भाई के शोर मचाने पर वे लोग एकत्र होकर उसका पीछा करने लगे। तभी एक दुकान के सामने सैयद आलम को गोली मार दी थी। इससे वह बेहोश होकर वहां गिर गया था। परिजन घायल को कार से लेकर मुरादाबाद पहुंचे थे। अस्पताल पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया था। बाद में परिजनों ने रजाबुल के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज इस मामले की जांच की। इसके बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। इस मामले की सुनवाई एडीजे द्वितीय की कोर्ट में हुई। मंगलवार को पीठासीन अधिकारी विजय कुमार द्वितीय ने साक्ष्यों और बयानों के आधार पर रजाबुल को दोषी ठहराया। कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### भांजी से दुष्कर्म के दोषी मौसा को आजीवन कारावास

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने मौसा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर पांच लाख दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। मामला गंज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां की रहने वाली एक महिला ने बताया था कि उसकी 16 साल की बेटी जन्म से ही बीमार रहती थी। उसको दौड़े पड़ते रहते थे। इसके चलते उसका काफी दिनों से इलाज भी चल रहा है। गंज क्षेत्र में ही महिला की बहन भी रहती है। किशोरी दवा लाने के दौरान कभी-कभी मौसी के यहां पर रुक जाती थी। महिला का आरोप है कि उसका बहनोई उसकी बेटी पर गलत नजर रखता था। वह भांजी का शोषण करता रहता था। जब किशोरी की तबीयत बिगड़ी तो उसकी मां ने अस्पताल में उसका अल्ट्रासांउड कराया। इसमें पता चला कि उसकी बेटी गर्भवती है। यह सुनकर महिला के होश उड़ गए। उसने जब बेटी से जानकारी ली तो उसने बताया कि उसके गुड्डू अकंल ने उसके साथ गलत काम किया था। किसी को बताने पर उसको जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता की मां थाने पहुंच गई। उसने पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के पीठासीन अधिकारी रामगोपाल सिंह ने की। उन्होंने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच लाख दो हजार रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया।

## बर्ड फ्लू का डर, देशभर से जांच को पहुंचे 275 सैंपल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ठंड का प्रकोप बढ़ते ही केंद्र सरकार की ओर से बर्ड फ्लू के लिए अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के कैडरेड विभाग में देशभर से जांच के लिए सैंपल पहुंचने शुरू हो गए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अब तक विभिन्न राज्यों से पंद्रह दिन में करीब 275 सैंपल जांच के लिए आ चुके हैं। हालांकि, किसी भी सैंपल में अभी तक बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है।

कैडरेड प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक डा. केपी सिंह ने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार सभी सैंपल को बीएसएल-2 लैब में सतर्कता के साथ जांच प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के मुताबिक एवियन इंफ्लूएन्जा (बर्ड फ्लू) रोग में कुक्कुटों की कलंगी नीली, आंखों एवं दोनों पैरों से रक्त स्राव होता है। पक्षियों की अचानक बड़ी संख्या में मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू के खतरों को देखते हुए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान प्रबंधन की ओर से भी फार्म पर अधिक निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है। फार्म में वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है।

सीएआरआई निदेशक डा. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि फार्म में सिर्फ आवश्यक सेवाएं जैसे दाना, चारा आदि वाले कर्मचारियों को ही अंदर जाने की इजाजत होगी। अभी बरेली में कोई केस नहीं आया है, फिर भी सावधानी के लिए यह कदम उठाए गए हैं। यहां करीब 40 हजार मुर्गियां हैं। इसलिए बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# बीएएमएस, बीलिब, बीबीए बीसीए की परीक्षा कल से

कार्यालय संवाददता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की बीएएमएस, बीबीए, बीसीए, बीलिब समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा 18 जनवरी से शुरू होगी। विश्वविद्यालय ने 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की वजह से संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। छात्रों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छात्र संशोधित कार्यक्रम के तहत परीक्षा में शामिल हों।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएएमएस, प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 18 जनवरी से 16 फरवरी, एमएस डब्ल्यू नया पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर की 18 से 27 जनवरी, पुराने पाठ्यक्रम की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की 18 जनवरी से 1 फरवरी, एमएससी कृषि द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की 18 जनवरी से 2 फरवरी, बीबीए पुराने पाठ्यक्रम की प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की 18 जनवरी से 13 फरवरी, बीसीए प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की 18 जनवरी से 7 फरवरी, बीकॉम फाइनेंस प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की 18 जनवरी से 1 फरवरी, फाइनेंशियल सर्विस की परीक्षा 18 से 30 जनवरी को होगी।

### प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 7 फरवरी की

विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत बीबीए, बीसीए, बीलिब, बीकॉम फाइनेंस और फाइनेंशियल सर्विस, एमएसडब्ल्यू, एमलिब, पीजीडीसीए (पुराना पाठ्यक्रम) की आंतरिक और प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक अब परीक्षा 7 फरवरी तक होंगी। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं होंगे।

## महिला के सिर में गोली मारी, कोमा में पहुंची

**देहरादून, अमृत विचार:** राजधानी के थाना रायपुर क्षेत्र में एक महिला बेहोशी की हालत में मिली। सीटी स्कैन में सिर में कुछ फंसा होने का अंदेशा होने पर ऑपरेशन किया तो उसमें गोली निकली। महिला इस समय कोमा में है। उसका पति और ससुर लापता हैं।

पुलिस के अनुसार बीती 13 जनवरी की देर शाम यह महिला थानों मार्ग बड़ासी पुल के नीचे घायल अवस्था में मिली थी, जिसे दून अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोशल मीडिया पर फोटो जारी होने पर महिला की पहचान उसकी बहन काव्या निवासी ज्वालापुर हरिद्वार ने अपनी तान्या के रूप में की। काव्या ने बताया कि तान्या ने 2020 में शुभम निवासी सोनीपत हरियाणा से लव मैरिज की थी। उसका मायके वालों से कम ही संपर्क रहता था। तान्या ने काव्या को करीब 2 माह पूर्व फोन कर बताया था कि उसके ससुर का अपने भाइयों से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है।

# नर्सों पर दोहरी कार्रवाई, एक माह का वेतन काट स्वास्थ्य केंद्र भेजीं

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत जिला महिला अस्पताल की जांच पर बिल्कुल सटीक बैठती है। जांच में दोषी पाए चार स्टाफ नर्स को मात्र महिला अस्पताल से हटा कर स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा गया है। साथ ही उनका एक एक महीने का वेतन काटा गया है। जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट के बाद प्रभारी सीएमओ ने कार्रवाई पूरी कर दी है।

ज्ञात हो जिला महिला अस्पताल में पिछले महीने 28 दिसम्बर की रात नौ बजे एक गर्भवती महिला को महिला चिकित्सक ने भर्ती करने से इंकार कर दिया और उसे महिला अस्पताल से लौटा दिया, जिसके बाद गर्भवती महिला का अस्पताल गेट पर ही प्रसव हो गया था। अस्पताल गेट पर प्रसव होने पर भारी हंगामा हुआ। मामले की शिकायत पर जिलाधिकारी मनोज कुमार ने जांच करने को सिटी मजिस्ट्रेट और एडीएम वीके सिंह को जांच अधिकारी बनाया।

> जिला महिला अस्पताल से हटाए गए चारों स्टाफ नर्स में उर्मिला पाली, लता चौहान, मुकेश कुमार और जितेन्द्र कुमार हैं। इनको प्रभारी सीएमओ के आदेश पर हटाया गया है। साथ ही इन चारों का एक एक महीने का वेतन काटा गया है। आज से ही इन लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -डा. इंदुकांत वर्मा, सीएमएस

दोनों अधिकारियों ने तीन दिन तक जिला महिला अस्पताल में पांच-पांच घंटे तक बैठ कर पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले। प्रसव वार्ड में आया और स्टाफ नर्स से कई बार पूछताछ की गयी। पीड़ित महिला से उसके घर पर अधिकारियों ने बात की। इस जांच से लगा कि इस बार तो दोषी लोगों पर कार्रवाई होकर रहेगी। चर्चा थी कि चर्चित महिला चिकित्सक के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। उक्त महिला चिकित्सक घटना वाले दिन से ही गायब है। सिटी मजिस्ट्रेट ने जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी। डीएम ने दोषी स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्रवाई करने को प्रभारी सीएमओ को पत्र भेज दिया। प्रभारी सीएमओ डा. अब्दुल कलाम ने सीएमएस डा. इंदु कांत वर्मा की संस्तुति पर दोषी पाए गए चारों स्टाफ नर्स को महिला अस्पताल से हटा कर स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात करने और एक महीने का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2021 का अंकतालिका सह प्रमाण-पत्र अनुक्रमांक 210657597 वास्तव में कहीं खो गया है। कामिल पुत्र श्री वाजिद निवासी ग्राम कैसरा तहसील धनौरा जिला अमरोहा।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र अरशद व पुत्रवधू मुमताज नगमा को बुरी संगत व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनके किसी भी लेनदेन व कृत्य से मेरा कोई संबंध नहीं है। मौ. यामीन पुत्र सुल्तान शाहग्राम कुरी बांगर, स्योहारा, बिजनौर।

# मोदी और योगी जैसा योग्य कोई नेतृत्व नहीं : आचार्य सत्येंद्र दास

**रामलला के मुख्य पुजारी बोले- रामलला की इच्छा से हूं, उनकी ही इच्छा से हटूंगा, भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी नहीं चलता परिवारवाद**

■ कमर अब्बास, अयोध्या


आचार्य सत्येंद्र दास, मुख्य पुजारी, रामलला

**अमृत विचार** : पांच वर्ष के बाल रूप में भव्य मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में केवल पांच दिन शेष रह गए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। **अमृत विचार** ने मंगलवार को रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास से विभिन्न बिन्दुओं पर बातचीत की। आचार्य ने कहा कि मोदी और योगी जैसा कोई नेतृत्व वर्तमान में नहीं है। रामलला की इच्छा से हूं और उन्हीं की इच्छा से हटूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी परिवारवाद नहीं चलता है। प्रस्तुत है मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास से बातचीत के प्रमुख अंश...

■ रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पुजारी भी नियुक्त किए गए हैं। ऐसे में ट्रस्ट आपको सेवानिवृत्त करता है तो क्या कहेंगे?

■ रामलला की इच्छा से पूजा करता आया हूं, उनकी जैसी इच्छा होगी वैसा होगा। ट्रस्ट सेवानिवृत्त करता है तो कारण अवश्य पूछूंगा, उचित कारण बताया तो दायित्व छोड़ दूंगा। मुख्य पुजारी के अनेक दायित्व होते हैं, नियुक्त किए गए सभी सहायक पुजारी हैं।

■ आपने पहले उत्तराधिकारी मुख्य पुजारी की बात की थी, उस पर ट्रस्ट ने कुछ जवाब दिया या नहीं?

■ भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी परिवारवाद नहीं चलता है। मैंने दो-तीन लोगों के लिए बात कही थी, लेकिन वह परिवार से थे इसलिए उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई। इसे लेकर ट्रस्ट से कोई अप्रसन्नता भी नहीं है। नियम सबके लिए बराबर हैं।

■ प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर सपत्नीक पूजा की काफी बात सामने आ रही है, आप क्या कहेंगे?

■ यह अज्ञानी लोग भ्रम फैला रहे हैं। सपत्नीक पूजन यज्ञ में प्रतिबंध है। यह आंशिक प्राण प्रतिष्ठा है। इसमें सपत्नीक पूजन की प्रतिबद्धता कदापि नहीं है। जो ऐसा कह रहे हैं उन्हें धार्मिक मान्यता का ज्ञान नहीं है।

■ यदि आप स्वैच्छिक रुप से सेवानिवृत्त होना चाहे तब मुख्य पुजारी के रूप में किस संप्रदाय के आचार्य की नियुक्ति चाहेंगे?

■ स्वयं को रामलला की पूजा में असमर्थ पाने पर ही ऐसी स्थिति आयेगी। नियमानुसार तो रामानंदी संप्रदाय से ही मुख्य पुजारी नियुक्त किया जाना चाहिए, चूंकि यह ट्रस्ट का विषय है इसलिए कोई टिप्पणी उचित नहीं है।

■ इसी वर्ष आम चुनाव भी हैं, ऐसे में आपको क्या लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही होना चाहिए?

■ चुनाव में तो मतदाता का अधिकार है किसे चुने यह हमारा विषय नहीं। मेरा तो मानना है कि नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना चाहिए। उनके और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा कोई दूसरा नेतृत्व देश में नहीं है। आज राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा मोदी ही की देन है।

■ कांग्रेस के राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने के लिए आशीर्वाद लेने आपके पास आते हैं तो क्या कहेंगे?

■ आते हैं तो आएं, किसने रोका है। संत सभी को आशीर्वाद देते हैं उन्हें भी देगें। हम थोड़ी न प्रधानमंत्री बनाते हैं, जनता चुनती है।

■ राजनीति बड़ी है या धर्मनीति, आपको राजनीति के लिए अवसर मिला तो क्या प्रतिक्रिया होगी?

■ मैं क्यों राजनीति में जाऊंगा, मेरा वहां क्या काम, जहां तक धर्मनीति और राजनीति का विषय है दोनों अपने में महत्वपूर्ण हैं। मैं धर्मनीति का पालन करूंगा।

■ कथित रूप से एक चर्चा है कि नए मंदिर में गर्भगृह अलग हट कर है, जहां रामलला प्रकट हुए वह गर्भगृह अलग है?

■ यह भी वही भ्रम फैला रहे हैं जो पुनः अधिग्रहीत क्षेत्र में मस्जिद के लिए भूमि चाह रहे हैं। मूर्ति गर्भगृह में ही स्थापित हो रही है। अब मुगलों का शासन नहीं, मस्जिद के लिए जहां भूमि दे दी गई वहां बनाएं। अधिग्रहित क्षेत्र की एक इंच भूमि नहीं मिलने वाली। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दे दिया उसे मानें। यही समय की आवश्यकता है।

# प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का श्रीगणेश सपत्नीक यजमान बने डॉ. अनिल

## विवेक सृष्टि में प्रायश्चित व कर्म कुटी पूजन के साथ हुआ आगाज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पहले दिन प्रायश्चित और कर्म कुटी पूजन के लिए वाराणसी के वैदिक विद्वान रामसेवकपुरम स्थित विवेक सृष्टि में पहुंचे। यहां मुख्य यजमान के रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा व उनकी पत्नी ने विधि विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान रामलला की प्रतिमा का निर्माण करने वाले अरुण योगीराज भी मौजूद रहे।

22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला का नूतन विग्रह प्रधानमंत्री के हाथों से स्थापित कराया जाएगा। विवेक सृष्टि में शुरू हुआ अनुष्ठान आगे राम जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा, जिसे संपन्न कराने के लिए देश भर से 121 विद्वान पहुंचे हैं। यह सभी विधि विधान काशी के विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित की मौजूदगी में होगा।


सरयू घाट पर स्नान-आचमन करते यजमान ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा।

**रामलला की पहली आरती उतारेंगे मोदी**

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तक के लिए ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा मुख्य यजमान के रूप में होंगे। 22 जनवरी को रामलला को गर्भगृह में विराजमान कराया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अनुष्ठान को संपन्न कराएंगे और रामलला की पहली आरती उतारेंगे, लेकिन इसके पहले 17 जनवरी को पूजन के लिए रामलला की पांच वर्षीय प्रतिमा को राम जन्मभूमि परिसर में लाया जाएगा। 18 जनवरी को गर्भगृह में रामलला विराजमान होंगे।

# ट्रस्ट के अध्यक्ष ने जलाई 108 फीट लंबी धूपबत्ती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से अनुष्ठान की शुरुआत हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्स के लिए गुजराज के वडोदरा से आई 108 फीट लंबी धूपबत्ती को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड पर पूजन-अर्चन के बाद जलाया।

**3610 किलो वजनी धूपबत्ती बनाने में हुआ गाय के घी व हवन सामग्री का इस्तेमाल**

गुजरात निवासी धूपबत्ती का निर्माण करने वाले बिहा भाई बरवाड़ ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के लिए बनाई गई 3,610 किलो वजनी व 108 फीट लंबी इस धूपबत्ती को बनाने में गाय के घी व हवन सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। यह धूपबत्ती 44 दिन तक जलती रहेगी। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि विशालकाय धूपबत्ती को राम जन्मभूमि परिसर तक पहुंचाना संभव नहीं था। ऐसे में उसे शहर से सटे अयोध्या धाम बस स्टैंड परिसर के अंदर ही रखकर यही जलाया गया है। रामभक्तों की ओर से आ रहे भेंट का सम्मान करना हमारा धर्म है। ऐसे में ट्रस्ट अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास ने इसे स्वीकार किया और अपने हाथों से जलाया।


अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड पर जलाई गई 108 फीट लंबी अगरबत्ती। अमृत विचार

## प्राण प्रतिष्ठा और संबंधित आयोजनों का विवरण

**आयोजन तिथि और स्थल**

भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा योग का शुभ मुहूर्त, पौष शुक्ल कूर्म द्वादशी, विक्रम संवत 2080, यानी सोमवार, 22 जनवरी को आ रहा है।

**शास्त्रीय पद्धति और समारोह -पूर्व परंपराएं:**

सभी शास्त्रीय परंपराओं का पालन करते हुए, प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शुभ संस्कारों का प्रारंभ 16 जनवरी से हुआ, जो 21 जनवरी तक चलेगा।

**द्वादश अधिवास निम्नानुसार आयोजित होंगे**

- **17 जनवरी :** मूर्ति का परिसर प्रवेश
- **18 जनवरी (शाम) :** तीर्थ पूजन, जल यात्रा, जलाधिवास और गंधाधिवास
- **19 जनवरी (सुबह) :** औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास
- **19 जनवरी (शाम) :** धान्याधिवास
- **20 जनवरी (सुबह) :** शर्कराधिवास, फलाधिवास
- **20 जनवरी (शाम) :** पुष्पाधिवास
- **21 जनवरी (सुबह) :** मध्याधिवास
- **21 जनवरी (शाम) :** शय्याधिवास

■ **अधिवास प्रक्रिया एवं आचार्य :** सामान्यत: प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास होते हैं और न्यूनतम तीन अधिवास अभ्यास में होते हैं। समारोह के अनुष्ठान की सभी प्रक्रियाओं का समन्वय, समर्थन और मार्गदर्शन करने वाले 121 आचार्य होंगे। श्री गणेशवर शास्त्री द्रविड़ सभी प्रक्रियाओं की निगरानी, समन्वय और दिशा-निर्देशन करेंगे। काशी के श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित मुख्य आचार्य होंगे।

■ **विशिष्ट अतिथिगण :** प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत , उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में होगी।

■ **विविध**



**प्रतिष्ठान :** भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, पूजा पद्धति, परंपरा के सभी विद्यालयों के आचार्य, 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा सहित 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तातवासी, द्वीपवासी आदिवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी। जो श्रीराम मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दर्शन हेतु पधारेंगे।

■ **ऐतिहासिक आदिवासी प्रतिभाग :** भारत के इतिहास में प्रथम बार पहाड़ों, वनों, तटीय क्षेत्रों, द्वीपों आदि के वासियों द्वारा एक स्थान पर ऐसे किसी समारोह में प्रतिभाग किया जा रहा है। यह अपने आप में अद्वितीय होगा।

■ **समाहित परंपराएँ :** शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य, पात्य, सिख, बौद्ध, जैन, दशनाम शंकर, रामानंद, रामानुज, निम्बार्क, माध्व, विष्णु नामी, रामसनेही, घिसापंथ, गरीबदासी, गौड़ीय, कबीरपंथी, वाल्मीकि, शंकरदेव (असम), माधव देव, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन, चिन्मय मिशन, भारत सेवाश्रम संघ, गायत्री परिवार, अनुकूल चंद्र ठाकुर परंपरा, ओडिशा के महिमा समाज, अकाली, निरंकारी, नामधारी (पंजाब), राधास्वामी और स्वामीनारायण, वारकरी, वीर शैव इत्यादि कई सम्मानित परंपराएं इसमें भाग लेंगी।

■ **दर्शन और उत्सव :** गर्भ-गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्ण होने के बाद, सभी साक्षी महानुभावों को दर्शन कराया जाएगा। समारोह के पूर्व विभिन्न राज्यों के लोग लगातार जल, मिट्टी, सोना, चांदी, मणियां, कपड़े, आभूषण, विशाल घंटे, ढोल, सुगंध इत्यादि के साथ आ रहे हैं। उनमें से सबसे उल्लेखनीय थे मां जानकी के मायके द्वारा भेजे गए भार (एक बेटी के घर स्थापना के समय भेजे जाने वाले उपहार) जो जनकपुर (नेपाल) और सीतामढ़ी (बिहार) के ननिहाल से अयोध्या लाए गए। रायपुर, दंडकारण्य क्षेत्र स्थित प्रभु के ननिहाल से भी विभिन्न प्रकार के आभूषणों आदि के उपहार भेजे गए हैं।

# कोठारी बंधुओं की स्मृति में सजल हो रहीं आंखें

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** टेढ़ी बाजार चौराहे से कुछ ही दूरी पर मंगलवार दोपहर 1:15 बजे कड़ाके की ठंड एक बस आकर रुकती है। बस से परिचालक उतरता है तो वहां हाथ जोड़कर खड़े कुछ लोग जय सियाराम, जय सियाराम के उद्बोधन के साथ बड़ी ही विनम्रता पूर्वक बोलते हैं.... आइए! चाय, प्रसाद ग्रहण कीजिए। चाय की चुस्कियों के दौरान जब लोगों का पता चलता है कि श्रद्धालुओं की सेवा कोठारी बंधु की स्मृति में की जा रही है तो उनकी आंखें सहज ही सजल हो उठीं।

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान राम शरद कोठारी स्मृति संघ से जुड़े करीब 70 सदस्यीय लोगों का दल इन दिनों कोलकाता से यहां आकर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहा है। संघ से जुड़े अरुण कुमार का कहना है कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1990 में कोठारी बंधुओं ने जो शहादत दी थी। वो आज सार्थक हुई है। अब जब भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और 22 जनवरी को रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा होने जा रही है। कोठारी बंधुओं की शहादत की स्मृति में यहां प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को जलपान व भोजन कराकर उनकी सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोठारी बंधुओं के परिवारीजन भी यहां आएंगे।



राम शरद कोठारी स्मृति संघ की ओर से लगाया गया शिविर। अमृत विचार

**शहीद राम-शरद कोठारी स्मृति संघ कर रहा श्रद्धालुओं की सेवा**

**कोलकाता से आए 70 सदस्यों का दल करा रहा जलपान व भोजन**


अरुण कुमार।

### 26 जनवरी तक अनवरत जारी रहेगी सेवा

अरुण कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा के लिए यूं तो शिविर 14 जनवरी से शुरू कर दिया गया था लेकिन इसकी औपचारिक शुरूआत मंगलवार को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने की। यह शिविर 26 जनवरी तक अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि भोजन व जलपान के लिए ज्यादातर सामग्री कोलकाता से लेकर आएं हैं, कुछ चीजें यहीं पर व्यवस्थित की गई हैं।

### श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा हैदराबाद का दल

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हैदराबाद से रामनगरी पहुंचा एक दल भी श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा है। आने जाने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क चाय, दूध व काफी का वितरण कराया जा रहा है। शिविर से जुड़े हैदराबाद के भाग्यनगर निवासी गौरीशंकर जोशी ने बताया कि हैदराबाद से लगभग 15 सदस्यों का दल यहां पहुंचा है।


शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को जलपान करा रहा हैदराबाद का दल।

# ट्रस्ट अध्यक्ष को समर्पित किया गया सोमनाथ से आया आठ कुंडों का जल



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार को सोमनाथ से आया आठ कुंडों का जल व तीन करोड़ 50 हजार मंत्रों से अभिमंत्रित स्वर्ण और रजत पत्र से पर अंकित पत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को समर्पित किया गया। इसे सोमनाथ मंदिर के पुजारी कुणाल कापणिया, प्रबंधक दिलीप चावड़ा, पीआरओ धुव्र जोशी ने समर्पित किया। इस अवसर पर विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, संत जानकी दास, भाजपा नेता दिवाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रामलला को अर्पण के लिए आगरा से आया 56 प्रकार का 560 किलो पेठा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि प्रारम्भ दिवस पर मंगलवार को यहां रामलला के लिए 56 प्रकार का 560 किलो पेठा कारसेवकपुरम पहुंचा है। पेठा प्रसिद्ध नगरी आगरा से विशेष रथ पर सज्जा के साथ यहां पहुंची पेठे की सौगात श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को विधि विधान के साथ अर्पित किया गया। आगरा से यहां पेठा लेकर पहुंचे देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 12 सदस्यों की टोली के साथ पूजन कर यह रथ वहां से चला। विशेष रथ पर छप्पन प्रकार के पेठे सजाए गए हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार के पेठे रंगबिरंगी सजीली टोकरियों में सजाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी टोली यहां मौजूद रहेगी। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि लगातार विभिन्न प्रांतों से उपहार और अन्य सौगातें रहीं हैं। उन्हें यहां कारसेवकपुरम में रखा जा रहा है, जिन्हें बाद में सूचीबद्ध किया जाएगा।




**रामोत्सव** तब 14 साल के थे बच्चों की टीम का नेतृत्व करने वाले रविंद्र, वर्तमान में निजी बैंक में वित्तीय सलाहकार, गाजियाबाद में घर - घर बांट रहे पूजित अक्षत

# कुरमौली के जंगल में कारसेवकों को पहुंचाते थे भोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को केवल छह दिन शेष बचे हैं। ऐसे में मंदिर आंदोलन की स्मृतियां पुनः स्मरण हो रहीं हैं। इन्हीं स्मृतियों में गोसाईगंज क्षेत्र का कुरमौली जंगल भी शामिल है, जब वहां हजारों कारसेवक अयोध्या कूच करने के लिए छिपे हुए थे। उस समय बड़े तो सेवा भाव से जुटे ही थे बच्चों में भी गजब का एक जुनून था। बताते हैं कि कुछ बच्चे टोलियां बना कर कारसेवकों को छिपते - छिपाते भोजन सामग्री पहुंचाते थे। अब आज वही बड़े होकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का पूजित अक्षत उल्लास के साथ घर - घर पहुंचा रहे हैं।

बच्चों की उस टोली के नायक रहे रवींद्र तिवारी वर्तमान में आईसीआईआई बैंक गाजियाबाद में वित्तीय सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अब गाजियाबाद में ही साथियों के साथ पूजित अक्षत वितरण कर रहे हैं। 'अमृत विचार' से मोबाइल से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उस समय उनकी आयु करीब 14 वर्ष रही होगी। सरस्वती शिशु मंदिर से निकल कर कक्षा नौ में प्रवेश लिया था। तब मंदिर आन्दोलन चरम पर था और रोज गांव से सैकड़ों कारसेवकों का जत्था गुजरता था। तत्कालीन सरकार द्वारा सख्ती के कारण एक हजार से अधिक कारसेवकों का जत्था कुरमौली जंगल में छिपा था। उम्र छोटी थी लेकिन राम मंदिर और कारसेवकों के प्रति आस्था कहीं बड़ी थी। उस दौरान छोटे बच्चों की टोलियां बना कर गन्ने के खेतों में छिपते-छिपाते हुए खाना, पानी और चना-चबैना पहुंचाते थे। बोले 90 और 92 का दशक मंदिर निर्माण के लिए उन्माद का था, तो 2023 और 2024 उल्लास एवं उत्सव का है। बताया 92 में जब ढांचा गिरा तो वह भी साथियों के साथ ढांचे की एक ईट सरयू में प्रवाहित कर आए थे।


गाजियाबाद में साथियों के साथ पूजित अक्षत वितरित करते रवींद्र तिवारी। अमृत विचार

### साथियों के साथ पूजित अक्षत का वितरण कर रहे रविंद्र तिवारी

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के गाजियाबाद में ही रवींद्र तिवारी साथियों के साथ आजकल पूजित अक्षत वितरण कर रहे। उनके साथ सखा संतोष तिवारी, संजय महाजन, लव प्रकाश, विक्रांत सिंह, अंकित गुप्ता, नीरज शुक्ला, आशीष तिवारी आदि रोज सुबह घर से निकल पड़ते हैं और जय श्रीराम के उद्घघोष के साथ अक्षत वितरण करते हैं। बताया प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।



### भव्यता के साथ नव्यता का दर्शन करा रही रामनगरी, भाव विभोर हो रहे आने वाले भक्त

# अयोध्या में घाट से लेकर राम मंदिर तक दमक रही अलौकिक आभा

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला को गर्भगृह में विराजने का सात दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को शुरू हो गया। इसी के साथ हाइवे से लेकर सरयू घाट और राममंदिर तक रंग-बिरंगी रोशनी में अलौकिक आभा बिखेर रहा है। नव्य अयोध्या को देखकर हर कोई विस्मित सा है। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा और एक ही पैटर्न पर बनाई गई सजी-धजी दुकानें नई अयोध्या के दर्शन करा रही है।


अयोध्या में सजा लता मंगेशकर चौक। ● अमृत विचार


कुछ इस तरह लोगों ने सजा रखे हैं अपने घर। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या का ऐसा कायाकल्प किया है कि जो लोग अब अयोध्या आएंगे, उन्हें त्रेतायुग जैसा ठाट-बाट सम्मोहित कर देगा। हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का असर है कि मामूली का हवाई अड्डा अब चमचमाता हुआ अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। लोग कहते हैं कि 14 सौ करोड़ से बने इस महर्षि बाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में राज्य सरकार का 11 सौ करोड़ का योगदान शायद किसी राज्य के राज्यांश का ऐतिहासिक उदाहरण होगा।

सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दुगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है की आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी। दुधिया रोधनी में सरयू घाट से राम लला के मंदिर जाने वाले चौराहे में बड़ी सी वीणा लगी हुई लता मंगेशकर चौक या वीणा चौक का अलग ही नजारा है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने यहां बीते दिनों सेल्फी ली थी, अब दो हर कोई सेल्फी के लिए आतुर दिखता है। अवध विवि के ललित कला विभाग के छात्र यहां से लेकर राम मंदिर तक सड़क पर ऐसी मनोरम रंगोली बना रहे कि लोग फोटो खिंचते नहीं थक रहे हैं।

राज्य सरकार ने 105.65 करोड़ के विभिन्न जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा और भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला सजाई है। यहां तरह-तरह के स्टेज, कार्यक्रम, लोगटक, केरल से भक्त आ रहे हैं।

#### ई-बसों को लेकर यात्रियों में दिख रहा क्रेज

रामपथ पर बड़ी संख्या में लोग ईवी बसों का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। इस रूट पर सबसे ज्यादा क्रेज देखा जा रहा है। यात्रियों की बड़ी संख्या इन बसों में सफर कर रही है। खासकर बाहर से आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को इससे काफी राहत मिल रही है। देवरिया से आई सुशीला के अनुसार लता चौक से हर 5 मिनट में बस मिल रही है जो हमें राम पथ पर पहुंचा देती है। 80 वर्षीय बुद्धदेव चंदौली से आए हैं। बताया कि इन बसों में बैठने और चढ़ने व उतरने में भी काफी सुविधा रहती है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी ईवी बसों का आदि लाभ मिल रहा है। ईवी बसों का अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। अभी शुरुआत में 50 बसों का संचालन शुरू किया है।

# निजी स्कूल में बच्चों को मुफ्त दाखिले दिलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **20 से शुरू होगा आवेदन**

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों के मुफ्त दाखिले की प्रक्रिया 20 जनवरी से शुरू होगी। चार चरणों में यह प्रक्रिया सात जुलाई तक चलेगी। अनिवार्य रूप से एक शिक्षाधिकारी को हर ब्लाक में नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।

उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डा. मुकेश कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को बैठक कर जिलों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश कराया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्वयंसेवकों की मदद लेकर हेल्प डेस्क चलाई जाए। यहां ऐसे अभिभावक जो आनलाइन आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं, उनकी मदद की जाए। नोडल अधिकारी आनलाइन आवेदन से लेकर निजी स्कूल में प्रवेश कराने तक की जिम्मेदारी उठाएगा। ब्लाक संसाधन केंद्रों व खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक कंप्यूटर आपरेटर भी तैनात किया जाएगा जो अभिभावकों का सहयोग करेगा।

होर्डिंग लगाकर, पंपलेट्स बांटकर व प्रचार वाहन के माध्यम से अभिभावकों को जानकारी दी जाएगी। अभी तक 56 हजार निजी स्कूलों की मैपिंग की जा चुकी है और 5.25 लाख सीटें हैं। आरटीई के तहत कक्षा एक व प्री-प्राइमरी क्लास में प्रवेश के लिए अधिक से अधिक आवेदन कराने पर जोर दिया जा रहा है। बीते शैक्षिक सत्र में 98 हजार बच्चों का निश्शुल्क दाखिला कराया गया था। वेबसाइट https://rte25.upsdc.gov.in के माध्यम से आनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

# मुझसे बात नहीं कर रही हो, फोटो वायरल कर मांगे दो लाख रुपये

### बोलचाल बंद होने पर वायरल की प्रेमिका की आपत्तिजनक फोटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **संयुक्त पुलिस आयुक्त के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी**

▸▸ **बदायूं की रहने वाली है पीड़िता दातागंज का रहने वाला है युवक**

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थाने में एक छात्रा ने प्रेमी पर आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल करते हुए दो लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा का कहना है कि बातचीत बंद होने पर प्रेमी उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ को वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करने लगा। दो लाख रुपये न देने पर प्रेमी ने उसकी फोटोग्राफ वायरल कर दी।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय के मुताबिक, बदायूं की रहने वाली छात्रा (18) की दोस्ती बदायूं के दातागंज निवासी राहुल मैथिली से थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। लिखित शिकायत में छात्रा ने बताया कि इस बात की भनक लगते ही परिजनों ने उसे पढ़ने के लिए लखनऊ भेज दिया। लखनऊ आने के बाद युवती ने राहुल से बातचीत करनी बंद कर दी। आरोप है कि बावजूद इसके राहुल उसे लगातार कॉल करता रहा। कॉल और मैसेज का दबाव न देने पर आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। छात्रा ने बताया कि पूर्व में वह राहुल के साथ कई बार घूमने गई थी। उस वक्त की तमाम फोटोग्राफ राहुल के पास सुरक्षित थी। इन फोटोग्राफ को वायरल करने की धमकी देने लगा। छात्रा का कहना है कि परेशान होकर उसे परिजनों को राहुल की करतूत भी बताई थी।

#### रुपये न देने पर वायरल की फोटोग्राफ

छात्रा का कहना है कि प्रेमी राहुल ने उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल करने की भी धमकी दी थी। फोटो वायरल न करने की एवज में वह दो लाख रुपये की मांग करने लगा। आरोप है कि रुपयों की मांग पूरी न होने पर राहुल ने उसकी फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दी। परिवार वालों के साथ ही दोस्तों को भी फोटो भेजी गई। जिससे परेशान होकर छात्रा ने संयुक्त पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर मदद कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिनके निर्देश पर गोमतीनगर पुलिस ने राहुल मैथिली के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

## अयोध्या में इस्कॉन ने खोला भोजनालय व अस्पताल

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूरी दुनिया में कृष्ण भक्ति की अलख जगाने वाली संस्था इस्कॉन ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत अस्पताल और भोजनालय की स्थापना की है।

इस्कॉन के बैनर तले विदेशी कलाकारों की टोली तुलसी उद्यान में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेगी। एनआरआई अभिषेक अग्रवाल दुबई से इसी कारण अयोध्या में हैं। भक्ति वेदांत अस्पताल वृंदावन के जन संपर्क अधिकारी सुरपति दास एवं अग्रवाल बताते हैं कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से समन्वय करके रानोपाली में भोजनालय और राम घाट चौराहे पर कार्यशाला के सामने अस्पताल स्थापित किया गया है। अस्पताल में अभी तीन चिकित्सक और दस अन्य स्टाफ है। इसमें अभी चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आयोजन में जनसहभागिता की अपील की थी।

# मैं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाऊंगा : निर्मल खत्री

संवाददाता, अयोध्या

▸▸ **पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने फेसबुक पर किया पोस्ट**



**अमृत विचार :** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने के बाबजूद भी पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल खत्री ने इस मामले को लेकर नया पैतरा अपना लिया है। उन्होंने कहा... राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के संदर्भ में राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय के व्यक्तिगत निमंत्रण का सम्मान करते हुए मैं इस कार्यक्रम में भाग लूंगा। ये बातें मंगलवार को उन्होंने ने अपने फेसबुक पेज पर लिखी हैं।

उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस पार्टी का ऐसा कोई निर्देश नहीं है कि कोई कांग्रेसी इस 22 तारीख के कार्यक्रम में भाग न लेवे सिर्फ हमारे सर्वोच्च नेताओं ने ही 22 तारीख के निमंत्रण में आने की असमर्थता व्यक्त की है। अब तो प्रदेश कांग्रेस इकाई ने भी 15 तारीख को अयोध्या यात्रा, सरयू में डुबकी, दर्शन करके 22 के निमंत्रण को हर हाल में स्वीकार करने के लिये प्रेरित कर दिया है। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं प्रभु राम की नगरी का निवासी ही नहीं वरन मेरी जन्मस्थली व कर्म भूमि भी अयोध्या है। मैं धर्म के पाखंड का विरोधी, धर्म के सहारे राजनीतिक लाभ लेने के हथकण्डे का विरोधी हूँ। मैं व्यक्तिगत जीवन मे न कोई व्रत रखता हूँ और न ही पूजा पाठ। हाँ रामभक्त हनुमान जी का हृदय में स्थान है व उन्ही को रोज याद कर अपना प्रत्येक दिन व्यतीत करता हूँ। ईश्वर के प्रति भक्ति और आस्था मुझ में है।

## सार-संक्षेप

### लोकगीतों से भाजपा को निशाना बनाएगी सपा

**लखनऊ, अमृत विचार :** इस बार लोकसभा चुनाव में लोकगीतों के जरिए समाजवादी पार्टी सत्तासीन भाजपा की खामियों को जनता के सामने रखेगी। सपा ने यह जिम्मेदारी समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को सौंपी है। इस महीने के अंत तक सपा का यह अभियान शुरू हो जाएगा। इस कवायद में, महंगाई बनकर डायन सबकी चूल्हे हिला दिया...छोटे उद्योग-धंधों को मिट्टी में मिला दिया। जनता जान गई भाजपा की होशियारी रे... अब तो हमरी बारी रे। कुछ ऐसे ही लोकगीत सपा ने भाजपा सरकार को घेरने के लिए तैयार करवाए हैं। इनका प्रयोग गांव-गांव में चौपाल लगाकर किया जाएगा।

### पूर्व मंत्री से ठगी करने वाले को एसटीएफ ने दबोचा

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद समेत कई लोगों से क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड प्वाइंट को रिडीम कराने के नाम पर लाखों रुपये ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो मोबाइल और दो सौ रुपये नगद बरामद किया है। एसटीएफ के मुताबिक गिरफ्तार साइबर ठग मो. मुजम्मिल शामली का रहने वाला है। मंगलवार को उसे गोमतीनगर के हुसडिया चौराहा के पास से पकड़ा गया। एसटीएफ-पुलिस उससे पूछताछ कर उससे जुड़े अन्य मामलों की पड़ताल कर रही है। पूर्व मंत्री ने गोमतीनगर में मुकदमा दर्ज कराया था।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में अब प्रवक्ता बन सकेंगे प्रधानाचार्य

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▸▸ **प्रदेश के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में पांच वर्ष तक प्रवक्ता रहे कर्मियों को बनाया जाएगा प्राचार्य**

▸▸ **कई विद्यालयों में प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापकों के 373 पद खाली पड़े हैं**

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षिकों के अब दिन बहुरेंगे। पांच वर्षों से प्रवक्ता के पद पर सेवाएं दे रहे शिक्षकों को अब प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। साथ ही आश्रम पद्धति विद्यालय में उप प्रधानाचार्य भी नियुक्त किए जाएंगे।

समाज कल्याण विभाग के अधीन प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हो रहे हैं और लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। इन विद्यालयों में प्रवक्ता और सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) के पद रिक्त चल रहे हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापकों के 373 पद खाली हैं। विद्यालयों में पद खाली होने के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। दो सौ पदों पर नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा गया है। समाज कल्याण विभाग अब 2004 की नियमावली के अनुरूप पांच वर्षों से अधिक प्रवक्ता के पद पर सेवाएं दे रहे अध्यापकों को प्रधानाचार्य बनाने की तैयारी में है। इसके लिए सभी का विवरण एकत्र किया जा रहा है। निदेशालय स्तर पर ब्योरा तैयार करने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

शासन से मंजूरी मिलने के बाद प्रथम चरण में कुछ प्रवक्ताओं को प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। जबकि शासन के आदेश के अनुरूप सभी विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य नियुक्त किए जाएंगे। उप प्रधानाचार्यों की नियुक्ति को लेकर भी विभागीय प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# पर्यटकों के लिए अयोध्या से शुरू होगी देश की पहली सोलर बोट

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू नदी में देश की पहली सोलर बोट के संचालन को हरी झंडी दे दी है। इसका संचालन हर हाल में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले शुरू करने का निर्देश दिया है। इसका संचालन यूपीनेडा नया घाट से गुप्तारघाट तक करेगी। इसमें 30 पर्यटकों के एक साथ बैठने का इंतजाम है।

अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में परिवर्तित करने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन में सोलर बोट भी एक पड़ाव है। यूपीनेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि यह बोट 12 किलोवॉट इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड ट्विन मोटर आधारित है। बोट में 46 किलोवॉट प्रति घंटा क्षमता वाली एलेपटी बैटरी लगाई गई है तथा बोट 30 पैसेंजर्स व 2 क्रू के लिहाज से ऑपरेशनल होगी।

बताया कि 17 से 18 जनवरी के बीच बोट तमाम टेस्टिंग प्रक्रियाओं से गुजरेगी जिसमें जलावतरण भी शामिल होगा। यह बोट रिमोट व्यूइंग जैसी क्लास अपार्ट फैसिलिटी से भी लैस है। 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

#### एक घंटे में कराएगी ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों के दर्शन



यह बोट फाइबरग्लास बॉडी युक्त है जोकि लाइट वेट व हेवी ऑपरेशन ड्यूरेबल मटीरिल से बनी है। साथ ही, बोट के संचालन के दौरान किसी प्रकार के ध्वनि या पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं होता है। इस बोट में एक बार में 30 लोग यात्रा कर सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस बोट संचालन समयावधि एक घंटे से लेकर 45 मिनट के आसपास रखा जाएगा, जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे।

▸▸ **मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा के पहले सरयू नदी में संचालन शुरू करने का दिया निर्देश**

## वर्ग पहेली-315

**बाएं से दाएं**

4.1.आसक्ति 2.प्रेम 3.लगाव; सौहार्द।

6.1.शिला की भांति 2.पत्थर की तरह 3.पत्थर के आकार-प्रकार का।

8.1.ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2.ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1.1.भद्दा

2.1.अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2.संवेदनहीनता।

3.थिगली।

5.रात, रात्रि।

7.1.मगध देश का, मगध संबंधी 2.मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।



### वर्ग पहेली - 314 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ब | ■ | 2 नृ | ■ | 3 रँ |
| ■ | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठौं | र | ■ | नं | ■ | ला |
| ■ | ■ | 6 अ | द | ब | ■ |
| ■ | 7 उ | ड़ | न | ■ | 8 के |
| 9 ओं | ■ | ती | ■ | ■ | ला |
| ठ | ■ | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू-32

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 9 | | | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 8 | | | 7 |
| 3 | | 1 | 6 | | | 8 | | 5 |
| | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | 6 | | | 7 | | | |
| 7 | | 8 | | | 5 | 3 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | 3 | | 9 | |
| 1 | | | | | 4 | | | 8 |

### सुडोकू - 31 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-सप्तमी 22.06 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति में निवेश करने से बचें। अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**वृष** – आज बॉस आपके प्रमोशन को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज रियल एस्टेट संबंधित प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का समाधान होगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी वक्तव्य शैली से जनता को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा।

**कर्क** – आज आप काफी अनुशासन में रहेंगे। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। मेहनत का बढ़िया फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार को लेकर आप लोन वगैरह के लिए आवेदन भी दे सकते हैं।

**सिंह** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन लोग इसका क्रेडिट आपको नहीं देंगे। आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। व्यर्थ बहसबाजी से बचें। कुछ कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**कन्या** – आज करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे।

**तुला** – आज अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें। दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज धैर्य की कमी के कारण अनावश्यक बातों पर अपना मूड खराब कर सकते हैं। बच्चे आज्ञा का पालन करेंगे। इच्छानुसार काम होने के बावजूद असंतुष्ट रहेंगे। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**धनु** – आज बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए।

**मकर** – आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंद होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे।

**कुंभ** – आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाये रखें। लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। बच्चों की जिद और हठ से आपको बुरा लग सकता है।

**मीन** – आज बनते कार्य बिगड़ने के कारण थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। कमीशन संबंधित कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.55-12.38 तक।

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 18 जनवरी 03.33 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
पुकार – सुबह : 10.52
धड़कन – रात : 07.00

**Sony Max**
मुबारकां – सुबह : 10.03
मेरी प्यारी बिंदु – रात : 07.01

**Sony Pix**
द मॉस्क – दोपहर : 12.27
इट – रात : 08.45

**Zee Cinema**
सिर्फ तुम – सुबह : 10.30
100 – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
स्टूडेंट ऑफ द ईयर – सुबह : 09.38
कांटे – रात : 10.28

### आज की सुपरहिट फिल्म



बी 4 यू पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से कहती है बाबू जी इलाइची खत्म हो गई है। आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए...
बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना।

पति-तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है ?
पत्नी- ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे ?
पत्नी- खाना है तो खाओ ...नहीं तो रहने दो।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,128.77 | 22,032.30 |
| नुकसान | 199.17 | 65.15 |
| प्रतिशत में | 0.27 | 0.29 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 810 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 45 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### मारुति सुजुकी इंडिया ने वाहनों की कीमतें बढ़ाईं

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने वाहनों की कीमतें तत्काल प्रभाव से बढ़ाने की मंगलवार को घोषणा की। मोटर वाहन निर्माता ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि सभी मॉडलों में वृद्धि का अनुमानित भारित औसत 0.45 प्रतिशत है। कंपनी के अनुसार, नई कीमतें 16 जनवरी 2024 से लागू होंगी। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ऑल्टो से लेकर इनविक्टो तक कारों की एक श्रृंखला बेचती है।

### केरल में परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मोदी

**कोच्चि।** केरल का बंदरगाह शहर कोच्चि पोत (जहाज) मरम्मत और जहाज निर्माण का केंद्र बनने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का बुधवार को उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी की केरल की दो दिन की यात्रा के बारे में जानकारी दी।

# निजी पूंजीगत व्यय में आएगी तेजी

## एमपीसी सदस्य जयंत आर वर्मा बोले-धीरे-धीरे बढ़ रहा स्थापित क्षमता का उपयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि स्थापित क्षमता का उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में आगे निजी पूंजीगत व्यय भी जोर पकड़ेगा और इसमें तेजी आएगी। वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने ही निवेश का बोझ उठाया है, जबकि निजी पूंजीगत व्यय बहुत कम रहा है।

उन्होंने बातचीत में कहा-क्षमता उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और यह उस स्तर के करीब पहुंच रहा है जो निजी क्षेत्र को कम-से-कम कुछ क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय करने के लिए प्रेरित करता है। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद में प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि हाल के वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में हुए बड़े निवेश में निजी क्षेत्र के निवेश को भी आकर्षित करने की गुंजाइश बरकरार है।

उन्होंने कहा-कुल मिलाकर मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में निजी पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी होगी और यह सार्वजनिक क्षेत्र से निवेश की कमान संभाल लेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत मध्यम-आय के जाल में फंसने से बच सकता है, वर्मा ने कहा कि भारत के लिए इस बदलाव को अंजाम देना जरूरी है क्योंकि इसमें मिली नाकामी देश की विशाल आबादी के लिए बेहद नुकसान पहुंचाने वाली होगी। हालांकि, प्रोफेसर वर्मा ने यह माना कि ऐसा करना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा-इसके लिए कई दशकों तक 7-8% की वृद्धि दर को बनाए रखने की जरूरत होगी और इस काम को ज्यादा देश नहीं पूरा कर पाए हैं।

### चुनौतियों से पार पा सकता है भारत: जयंत



इसके साथ ही जयंत आर वर्मा ने कहा कि आशावादी नजरिया जाहिर करते हुए कहा कि भारत एक राष्ट्र के तौर पर इस चुनौती से पार पा सकता है। मध्यम-आय का जाल एक ऐसी स्थिति है जिसमें मध्यम-आय वाला देश ज्यादा मजदूरी होने से मानकीकृत, श्रम-बहुल उत्पादों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है। इसके साथ ही यह देश तुलनात्मक रूप से बहुत कम उत्पादकता होने से उच्च मूल्य-वर्धित कार्यों में भी बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाता है। मध्यम आय वाले देशों में दुनिया की 75 प्रतिशत आबादी और 62 प्रतिशत गरीब रहते हैं। ये देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं और वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन हैं।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नवंबर में 15.92 लाख नए सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नवंबर में ईएसआई योजना के तहत 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नवंबर 2023 में करीब 20,830 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए और ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए।

बयान के अनुसार, नियमित वेतन पर रखे गए कर्मचारियों के ईएसआईसी के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में करीब 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा गया। युवाओं के लिए अधिक नौकरियों का सृजन हुआ। नए पंजीकरण में 25 वर्ष आयु वर्ग तक के 7.47 लाख कर्मचारी हैं। यह कुल कर्मचारियों का 47 प्रतिशत है। आंकड़े के अनुसार, नवंबर में शुद्ध रूप से 3.17 लाख महिलाएं पंजीकृत हुई।

## हरित हाइड्रोजन भारत की शुद्ध-शून्य उत्सर्जन यात्रा के लिए महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ विश्व आर्थिक मंच के ब्लॉग में बोले उद्योगपति गौतम अडाणी



उद्योगपति गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि हरित हाइड्रोजन भारत के शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की दिशा में सफर की कुंजी है और इसपर आने वाली उच्च लागत को सौर ऊर्जा की तरह नीचे लाया जा सकता है।

अडाणी समूह के मुखिया ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के लिए लिखे एक ब्लॉग में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन की दिशा में छलांग लगाने से भारत को ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने और शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी। नवीकरणीय बिजली के इस्तेमाल से पानी को विभाजित करके हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है। यह एक स्वच्छ ईंधन है और इससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता है। इसका इस्तेमाल इस्पात और तेल रिफाइनरी जैसे उद्योगों में कच्चे माल और वाहनों में ईंधन के रूप में किया जा सकता है।

अडाणी ने अपने ब्लॉग में कहा-नवीकरणीय ऊर्जा एक लंबा सफर तय कर चुकी है लेकिन यह अनुकूल मौसमी हालात पर निर्भर करती है। हरित हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन का एक व्यवहार्य विकल्प हो सकता है। हालांकि, हरित हाइड्रोजन का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भर है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,325 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,100 |
| चांदी तैयार | 74,200 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,950 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ केंद्रीय मंत्री ने सीआईआई के कार्यक्रम को किया संबोधित



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का आंकड़ा आधा करने का लक्ष्य तय किया है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के '4ई' - इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग), एन्फोर्समेंट (प्रवर्तन), एजुकेशन (शिक्षा) और एमरजेंसी मेडिकल सर्विस (आपातकालीन चिकित्सा सेवा) को मजबूत करने पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय राजमार्ग मंत्री ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित लोगों से सहयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं हैं।

## मदर डेयरी ने बाजार में उतारा भैंस का दूध, दाम 70 रुपये प्रति लीटर

**नई दिल्ली।** दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति करने वाली मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में भैंस के दूध की बिक्री शुरू करने की मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि अगले साल मार्च तक इस नए खंड के 500 करोड़ रुपये का ब्रांड बनने की उम्मीद है। मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 35-36 लाख लीटर और पूरे भारत में 45-47 लाख लीटर दूध की आपूर्ति करती है। दिल्ली-एनसीआर में यह पाउच और मिल्क बूथ के जरिए दूध बेचती है। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने बातचीत में कहा-हम भैंस का दूध 70 रुपये प्रति लीटर के दाम पर पेश कर रहे हैं।

## स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में गुजरात, केरल और कर्नाटक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ डीपीआईआईटी ने जारी की राज्यों की रैंकिंग

उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में गुजरात, केरल तथा कर्नाटक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में यह बात सामने आई। केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों की श्रेणी में रखा गया है। उधर महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय को शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

डीपीआईआईटी के तहत रैंकिंग एक वार्षिक अभ्यास है जो स्टार्टअप वृद्धि के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उनके प्रयासों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन करता है। इसमें कुल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले, नेतृत्व करने वाले, महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले और उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने वालों की पांच श्रेणियों में बांटा गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर मोटे तौर पर दो वर्गों में विभाजित किया गया। एक करोड़ से अधिक आबादी वाले और एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले। गुजरात को लगातार चौथी बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का दर्जा दिया गया है। कर्नाटक को लगातार दूसरे वर्ष इस खंड में स्थान मिला है।



# भारत-चीन में झड़प की और घटनाएं आईं सामने

## सेना के अलंकरण समारोह में दिए गए प्रशस्ति पत्र में इस बात का दिया गया विवरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्व हुई झड़प की कम से कम दो अज्ञात घटनाएं सामने आई हैं। भारतीय सेना के जवानों को दिए गए वीरता पुरस्कारों के प्रशस्ति पत्र में इन झड़पों का उल्लेख किया गया है। पिछले सप्ताह सेना की पश्चिमी कमान द्वारा एक अलंकरण समारोह में दिए गए प्रशस्ति पत्र में इस बात का संक्षिप्त विवरण दिया गया था कि कैसे भारतीय सैनिकों ने एलएसी पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिकों के आक्रामक व्यवहार का डटकर जवाब दिया।

सेना की पश्चिमी कमान ने अपने यूट्यूब चैनल पर 13 जनवरी के समारोह का एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें वीरता पुरस्कार पर टिप्पणी की गई थी, लेकिन सोमवार को इसे 'डिएक्टीवेट' कर दिया। पश्चिमी कमान का मुख्यालय हरियाणा के चंडी मंदिर में है। प्रशस्ति पत्र में उल्लिखित घटनाएं सितंबर 2021 और नवंबर 2022 के बीच की थीं। सेना की ओर से इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। जून 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद भारतीय सेना 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी पर हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के भड़कने के बाद पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच एलएसी पर झड़प की कई घटनाएं हुईं। चीनी सैनिकों ने एलएसी के तवांग सेक्टर में भी घुसपैठ की कोशिश की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना के चार दिन बाद संसद में कहा कि नौ दिसंबर, 2022 को पीएलए सैनिकों ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में एलएसी का उल्लंघन करने की कोशिश की और एकतरफा यथास्थिति बदल दी। सिंह ने कहा कि चीनी प्रयास का भारतीय सैनिकों ने दृढ़तापूर्वक और दृढ़ तरीके से मुकाबला किया। सूत्रों ने बताया कि चीनी अतिक्रमण के प्रयास का दृढ़ता से जवाब देने वाली टीम का हिस्सा रहे कई भारतीय सैनिकों को भी अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सिंह ने उस वर्ष 13 दिसंबर को कहा था कि टकराव के कारण हाथापाई हुई और भारतीय सेना ने बहादुरी से पीएलए को हमारे क्षेत्र में घुसने से रोका और उन्हें अपनी चौकी पर लौटने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि हाथापाई के कारण दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को चोटें आईं। सिंह ने कहा-मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे भंग करने के किसी भी प्रयास को विफल करना जारी रखेंगी। मुझे विश्वास है कि पूरा सदन सैनिकों के प्रयास में उनका समर्थन करने के लिए एकजुट रहेगा।

## कांग्रेस नेता की याचिका पर न्यायालय में 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कांग्रेस नेता जया ठाकुर की उस याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करेगा जिसमें 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' को तत्काल लागू करने का आग्रह किया गया है ताकि आम चुनाव से पहले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ है और मामले में सुनवाई की अगली तारीख 22 जनवरी निर्धारित की। ठाकुर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा-इस मामले में तात्कालिकता है। अगर कानून लागू होता है तो आम चुनाव के दौरान इसे प्रभावी बनाया जाएगा।

**महिला आरक्षण विधेयक संबंधित मामला**

## निर्देश-यूपी सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करे

# मुख्तार अंसारी को किसी अप्रत्याशित स्थिति से नहीं गुजरना पड़े: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों को जारी रखे, ताकि उन्हें किसी 'अप्रत्याशित स्थिति' से नहीं गुजरना पड़े। मुख्तार अंसारी फिलहाल उत्तर प्रदेश की बदायूं जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने मुख्तार अंसारी के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था को दर्शाने वाले चार्ट का जायजा लिया और पाया कि वे 'काफी मजबूत' प्रतीत होते हैं।

न्यायमूर्ति ह्रषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उमर ने याचिका में जेल परिसर के भीतर अपने पिता की सुरक्षा का मुद्दा उठाने के साथ उन्हें उत्तर प्रदेश के बाहर किसी अन्य राज्य की जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने पीठ के समक्ष मुख्तार अंसारी के खिलाफ विभिन्न चरणों में लंबित मामलों की संख्या और सुरक्षा व्यवस्था का विवरण रखा। पीठ ने कहा-सुरक्षा इंतजाम काफी मजबूत दिखते हैं। हमारी यही धारणा है।

## कांग्रेस ने शर्मिला को आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया

नई दिल्ली/अमरावती। कांग्रेस ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई. एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी वाई. एस. शर्मिला को पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगनमोहन रेड्डी की बहन शर्मिला चार जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुई थीं। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद शर्मिला ने कहा कि वह आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के पुराने गौरव को बहाल करने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगी। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने वाई एस शर्मिला रेड्डी को तत्काल प्रभाव से आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## एक नजर

### परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में सोमवार रात भीषण ठंड के कारण बंद कमरे में अंगीठी जलाए रखने से परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि नवाब कुमार, उनकी पत्नी, चार वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटे के शव सुबह पड़ोसियों के सूचित करने पर कमरे से निकाले गए। संभवत: भीषण ठंड के कारण वह लोग रात में अंगीठी जलती हुई छोड़कर सो गए थे और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

### शिक्षक और उसके दो बच्चे मृत पाए गए

**बारासात (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में मंगलवार को एक स्कूल शिक्षक और उसके दो बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का शव शिवदासपुर थाना क्षेत्र में हलीशहर के रामचंद्रपुर गांव में उसके घर में पंखे से लटका मिला था। उन्होंने बताया कि उसके बेटे और बेटी के शव पास में खेत में मिले थे। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आप नेताओं के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई पर लगी रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री का मामला**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में कथित टिप्पणियों के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि की शिकायत पर निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में राज्यसभा सदस्य सिंह ने गुजरात की एक निचली अदालत के समक्ष लंबित मामले को राज्य के बाहर और विशेष रूप से कोलकाता में स्थानांतरित करने की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने गुजरात उच्च न्यायालय से कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की ओर से निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय ले। पीठ ने कहा कि इस बीच निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक रहेगी।

सिंह ने वकील करण शर्मा के माध्यम से न्यायालय में दायर अपनी याचिका में निचली अदालत के समक्ष सुनवाई में पक्षपात का आरोप लगाया था और कहा था कि जब याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित थी, तो निचली अदालत के न्यायाधीश मामले में आगे की सुनवाई कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाने के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था।

गुजरात हाईकोर्ट द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मोदी की शैक्षणिक डिग्रियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द करने के बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने केजरीवाल और सिंह के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर मानहानि का मामला दायर किया था।

## तहरीक-ए-हुर्रियत पर प्रतिबंध को लेकर न्यायाधिकरण का गठन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने मंगलवार को एक न्यायाधिकरण का गठन किया जो यह फैसला करेगा कि पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत-जम्मू-कश्मीर को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त आधार हैं या नहीं।

इस न्यायाधिकरण में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश भी होंगे। दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी द्वारा स्थापित संगठन को सरकार ने 31 दिसंबर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पांच साल के लिए गैरकानूनी घोषित कर दिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 4 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने यह तय करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) न्यायाधिकरण का गठन किया है कि तहरीक-ए-हुर्रियत-जम्मू कश्मीर को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं।

## राजस्थान : कांग्रेस ने जूली को नेता प्रतिपक्ष बनाया

**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस ने पूर्व मंत्री टीकाराम जूली को मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इसके साथ ही पार्टी ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। तीसरी बार के विधायक और दलित समाज से आने वाले जूली की कांग्रेस विधायक दल के नेता पद पर नियुक्ति को पार्टी के लिए राजस्थान में एक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अपनी नियुक्ति के बाद जूली ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी मुस्तैदी से निभाएंगे। जूली की नियुक्ति ऐसे समय में की गई है जबकि नवगठित राज्य विधानसभा की बैठक 19 जनवरी से शुरू होने वाली है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से नई दिल्ली में जारी आधिकारिक पत्र में इसकी घोषणा की गई है।

## कोविड के 180 नए मामले सामने आए तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर 2,804 रह गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि में संक्रमण से महाराष्ट्र में तीन लोगों की मौत हो गई। दैनिक मामलों की संख्या पिछले साल पांच दिसंबर तक घटकर दहाई अंक तक आ गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है। एक दिन में कोविड-19 के नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गई।

# सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझा लिया जाएगा : राहुल

**चिफोबोजू (नगालैंड), एजेंसी**

▸▸ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले इंडिया गठबंधन भाजपा को लोस चुनाव हराएगा



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन भारतीय जनता पार्टी को पराजित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के बीच परस्पर सम्मान है।

राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह विचारधारा की यात्रा है। 'इंडिया' अच्छी तरह चुनाव लड़ेगा और जीतेगा... चुनाव प्रचार अभियान चलाया जाएगा जिसमें हम सभी भाग लेंगे। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की स्थिति बहुत अच्छी है। बातचीत अच्छी तरह से हो रही है... मुझे लगता है कि ज्यादातर जगहों पर यह आसान है। मुझे लगता है कि हम सीट बंटवारा और दूसरी चीजों को जल्द ही पूरा कर लेंगे। जद (यू) नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने दावा किया कि मीडिया इन बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है और गठबंधन की बैठकों के 'मूड' और भाईचारे को नहीं दिखाता है।

### कांग्रेस ने कभी नहीं किया राममंदिर का विरोध



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज एक बार फिर अयोध्या के राम मंदिर को लेकर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी राम मंदिर का विरोध नहीं किया, पर भाजपा को केवल ये मुद्दा हिंदू-मुस्लिम का बनाने के लिए मस्जिद गिराना था। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा-कांग्रेस ने कभी भी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध नहीं किया। केवल विवादित भूमि में निर्माण हेतु न्यायालय के फ़ैसले तक इंतज़ार करने के लिए कहा था। ग़ैर विवादित भूमि पर भूमि पूजन भी राजीव जी के समय हो गया था। नरसिम्हा राव जी ने राम मंदिर निर्माण के लिए ग़ैर विवादित भूमि का अधिग्रहण भी कर दिया था। लेकिन भाजपा, विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मंदिर निर्माण नहीं मस्जिद गिराना था। क्योंकि जब तक मस्जिद नहीं गिरेगी तब तक मुद्दा हिंदू मुसलमान का नहीं बनता। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से कहा0विध्वंस उनकी चाल व चरित्र में है अशांति फैला कर राजनीतिक लाभ लेना उनकी रण नीति है। इसीलिए उनका नारा था रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।

# शृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगा भारत

## आखिरी मैच में कुलदीप और आवेश को मिल सकता है मौका

बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। कहा जा रहा है कि कुलदीप को रवि बिश्नोई या वॉशिंगटन सुंदर के स्थान पर और आवेश को मुकेश कुमार की जगह खिलाया जा सकता है। संजू सैमसन और तिलक वर्मा को चिन्नास्वामी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिलेगा।



### अब तक खामोश है रोहित का बल्ला

सीरीज में कप्तान रोहित का बल्ला अब तक नहीं चला है। पहले मैच में शुभमन गिल के साथ गलतफहमी से रन आउट हो गए। दूसरे मैच में फजलहक फारूकी की गेंद को भांप नहीं पाए और बोल्ड हो गए। रोहित से आखिरी मुकाबले में फॉर्म आकर बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही है।

### बल्लेबाजों से शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद

भारतीय बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं और उसने कल होने वाले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है। शृंखला में भारतीय टीम बल्लेबाजी में पहली गेंद से ही आक्रामक रही हैं। शिवम दुबे और विराट कोहली ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी में तो अच्छा प्रदर्शन किया है और उसे पीछे दो मैचों में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। अफगानिस्तान का गेंदबाजी पक्ष कमजोर रहा है।

### टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

# मेस्सी बने फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर

लंदन, एजेंसी

अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अर्लिंग हालैंड को टाइब्रेकर में हराकर फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार जीता है। राष्ट्रीय टीम के कोचों, कप्तानों, चुनिंदा पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा आनलाइन की गई वोटिंग के आधार पर मेस्सी और हालैंड दोनों को 48 अंक मिले।

टाइब्रेकर में फैसला राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों ने 5 प्वाइंट स्कोर या पहले स्थान पर रखे जाने के आधार पर किया। मेस्सी को 15 साल में आठवीं बार यह पुरस्कार मिला है। काइलियान एमबाप्पे तीसरे स्थान पर रहे। कोई भी खिलाड़ी पुरस्कार लेने नहीं पहुंचा था। पेरिस सेंट जर्मेन छोड़कर इंटर मियामी से जुड़े मेस्सी ने पिछले साल अक्टूबर में हालैंड और एमबाप्पे को हराकर आठवीं बार बलोन डिओर पुरस्कार जीता था।





### महिला वर्ग में स्पेन की ऐताना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

महिला वर्ग में स्पेन की विश्व कप चैंपियन ऐताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पिछले साल बलोन डिओर भी जीता था। वह विश्व कप और चैंपियंस लीग दोनों में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही थीं। मैनचेस्टर युनाइटेड के कोच पेप गार्डियोला को पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच और इंग्लैंड की सरीना वीगमैन को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला।

# सुमित नागल ने ग्रैंडस्लैम में रचा इतिहास

## पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया

मेलबर्न, एजेंसी

भारत के सुमित नागल ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया है। डेविस कप खेलने से इन्कार के कारण वह क्वालीफायर के रास्ते मुख्य ड्रॉ में पहुंचे हैं। उन्होंने बुबलिक को मैच में 6-4, 6-2, 7-6 से मात दी। सुमित नागल आस्ट्रेलियाई ओपन में पहली बार दूसरे दौर तक पहुंचे हैं। वह 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस से हार गए थे।



**35** साल बाद कोई भारतीय पहुंचा दूसरे दौर में

### 1989 में रमेश कृष्णन पहुंचे थे दूसरे दौर में

विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर काबिज नागल अपने कॅरिअर में दूसरी बार किसी ग्रैंडस्लैम का दूसरा दौर खेलेंगे। वह 2020 अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में डोमिनिक थिएम से हार गए थे, जो बाद में चैंपियन बने। नागल की जीत के साथ ही 35 साल में पहली बार किसी भारतीय ने ग्रैंडस्लैम एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया है। आखिरी बार 1989 में रमेश कृष्णन ने मैट विलांडर को मात दी थी जो उस समय दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और आस्ट्रेलियाई ओपन में मौजूदा चैंपियन थे।

### दूसरे दौर में जीतने पर स्पेन के कार्लोस से हो सकती है टक्कर

अब नागल का सामना चीन के जुंचेंग शांग से होगा। दूसरे दौर में जीतने पर उनकी टक्कर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज से हो सकती है। नागल को पहले दौर की जीत के साथ 120000 आस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जबकि क्वालीफाइंग चरण में तीन जीत के 65000 आस्ट्रेलियाई डॉलर के भी वह हकदार बने।

### शुरुआत से ही सुमित ने दिखाया शानदार खेल

मैच में सुमित नागल की शुरुआत शानदार रही और पहले ही गेम में उन्होंने बुबलिक की सर्विस तोड़ी लेकिन अपनी सर्विस भी बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने फिर बुबलिक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 42 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बुबलिक की सर्विस दो बार तोड़ी और अपनी बढ़त बरकरार रखकर 43 मिनट में जीत दर्ज की। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने सातवें गेम तक अपनी सर्विस टूटने नहीं दी। इसके बाद नागल ने सर्विस तोड़कर 4-3 की बढ़त बनाई और यह 5-3 कर दी। यह सेट टाइब्रेकर तक खिंचा, जिसमें नागल 7-5 से विजयी रहे।

**2019** में सुमित ने अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ ग्रैंडस्लैम में पदार्पण किया था। उन्होंने फेडरर को एक सेट में हराया भी लेकिन मैच 6-4, 1-6, 2-6, 4-6 से हार गए। अमेरिकी ओपन 2020 के पहले दौर में उन्होंने अमेरिका के ब्राडले क्लान को 6-1, 6-3, 3-6, 6-1 से हराया था।

### अब नहीं होगी रुपयों की कमी

उन्होंने 2023 सत्र के आखिर में कहा था कि उनकी जेब में बस 900 यूरो बचे हैं लेकिन अब करीब एक करोड़ रुपये ईनामी राशि सुनिश्चित होने पर उनका बोझ कुछ कम होगा। उन्होंने मोरक्को के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के बाद कहा था। अगर मेरा बैंक बैलेंस देखें तो 900 यूरो (80000 रुपये) बचे हैं। मुझे शीर्ष सौ में पहुंचने के लिए करीब एक करोड़ रुपये की फंडिंग चाहिए। उस इंटरव्यू के बाद नागल को काफी प्रायोजक मिले।

### युकी और हासे की जोड़ी पहले दौर में हारकर हुई बाहर

भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में कोलंबिया के निकोलस बेरियेंतोस और ब्राजील के रफाएल मातोस के हाथों हारकर बाहर हो गई। युकी और हासे की जोड़ी को पहले दौर के मैच में 6-1, 6-7, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली के 31 वर्षीय युकी 2014 में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर तक पहुंचे थे, जो ग्रैंडस्लैम युगल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

## अल्कराज दूसरे दौर में पहुंचे

**मेलबर्न, एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज ने पहले सेट में कड़ा संघर्ष करने के बाद मंगलवार को रिचर्ड गास्केट को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पहला सेट एक घंटे और 12 मिनट तक चला, जिसे अल्कराज ने टाईब्रेकर में जीता लेकिन इसके बाद अगले दो सेट जीतने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। अल्कराज ने यह मैच 7-6 (5), 6-1, 6-2 से जीता। उनका अगला मुकाबला लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिन्होंने डैन इवांस को 4-6, 7-6 (8), 6-2, 7-6 (4) से हराया।

उधर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को आस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मुकाबला जीता, जबकि एक दिन पहले ही जर्मनी में उत्पीड़न के एक मामले में उन्हें इस साल के आखिर में सुनवाई का सामना करने के आदेश दिए गए हैं। छठी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने जर्मनी के डोमिनिक कोफेर को 4-6, 6-3, 7-6, 6-3 से मात दी। ज्वेरेव पर बर्लिन में मई 2020 में एक महिला की पिटाई का आरोप है। वह इन आरोपों का खंडन करते आए हैं। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने सोमवार को बताया कि सुनवाई 31 अगस्त से होगी।

## खेल डायरी

### आईओए के सीईओ की नियुक्ति पर विवाद

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद के करीब एक दर्जन सदस्यों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष पीटी उषा ने सीईओ के रूप में रघु अय्यर की नियुक्ति करने के लिए उन पर दबाव डाला था। 12 सदस्यों के हस्ताक्षर वाले पत्र में कहा गया है कि कार्यकारी परिषद की पिछली बैठक के लिए जो एजेंडा जारी किया गया था, उसमें सीईओ की नियुक्ति को सूचीबद्ध नहीं किया था। इस मामले को एकतरफा तरीके से एजेंडे में शामिल करके जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए उन पर दबाव डालने की कोशिश की गई। उषा ने पत्र के जवाब में कहा है कि बैठक में सीईओ की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा हुई और अधिकतर सदस्यों ने अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि जिस दिन सीईओ ने औपचारिक तौर पर अपना पद संभाला, कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यों ने इस फैसले को लेकर आपत्ति जताई।

### आईसीसी ने नासिर हुसैन पर लगाया प्रतिबंध

दुबई। बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन को अमीरात क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तीन आरोपों को स्वीकार करने के बाद मंगलवार को दो साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया, जिसमें छह महीने का निलंबित प्रतिबंध भी शामिल है। आईसीसी ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी के रूप में हुसैन पर सितंबर 2023 में आरोप लगाए थे। इस क्रिकेटर ने इनमें से तीन आरोप स्वीकार किए थे। आईसीसी के अनुसार हुसैन ने उन्हें मिले उपहार का खुलासा नहीं किया था। इसके अलावा इस क्रिकेटर ने भ्रष्ट कार्यों में शामिल होने के लिए की गई पेशकश के बारे में भी भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को जानकारी नहीं दी थी। यही नहीं उन्होंने जांच में सहयोग भी नहीं किया था। वह 7 अप्रैल 2025 के बाद क्रिकेट की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

### बातचीत से निलंबन हटवाना चाहता है डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने मंगलवार को तय किया कि वह निलंबन हटवाने के लिए खेल मंत्रालय से बातचीत करेगा और यह भी कहा कि फिलहाल वह सरकार से टकराव नहीं चाहता लेकिन बातचीत नाकाम रहने पर कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। डब्ल्यूएफआई ने पहले कहा था कि निलंबन हटवाने के लिए वह कानून की शरण लेगा लेकिन अपनी कार्यकारी परिषद की बैठक में उसने विचार बदल दिया। बैठक की अध्यक्षता डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने की, जिसमें 12 अन्य चयनित सदस्यों ने भाग लिया। महासचिव प्रेम चंद लोंचाब और सीनियर उपाध्यक्ष देवेंदर कादियान ने बैठक में भाग नहीं लिया। संजय सिंह ने बैठक के बाद कहा कि हम अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा रहे। हम मंत्रालय से समय मांगेंगे और सरकार से बात करने की कोशिश करेंगे।

### नाडा ने 11 खिलाड़ियों का डोपिंग प्रतिबंध घटाया

**नई दिल्ली।** पिछले साल गोवा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले तीन एथलीट उन 11 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 20 दिन के अंदर डोपिंग आरोप स्वीकार करने का फायदा मिला है और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया है। इन खिलाड़ियों में ट्रैक एवं फील्ड के तीन एथलीट कमलजीत कौर, अजय कुमार और हरजोधवीर सिंह भी शामिल हैं, जिन्होंने 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय खेलों के दौरान विभिन्न खेलों के कुल 20 खिलाड़ियों को डोपिंग का दोषी पाया गया था। नाडा ने अपनी नवीनतम सूची में उन खिलाड़ियों के नाम दिए हैं, जिनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया गया है। डोपिंग के दोषी पाए गए खिलाड़ियों पर अमूमन चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है। जिन खिलाड़ियों की प्रतिबंध की अवधि कम की गई है उनमें तीन भारोत्तोलक प्रियदर्शनी थुरम, मिथलेश सोनकर और एक नाबालिग भी शामिल हैं। राष्ट्रीय खेलों में सात भारोत्तोलक डोपिंग के दोषी पाए गए थे। इनमें राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वंदना गुप्ता भी शामिल थी। इनके अलावा पहलवान अनिल मलिक और साइकिलिस्ट अनीता देवी भी शामिल हैं।

# प्रणय दूसरे दौर में, प्रियांशु ने लक्ष्य को किया बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी





भारत के एचएस प्रणय ने मंगलवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की, जबकि प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल में पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए हमवतन लक्ष्य सेन को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

**प्रणय की अगले दौर में प्रियांशु से होगी भिड़ंत**

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने चीनी ताइपे के टिएन चेन चाउ को 21-6, 21-19 से हराया। टिएन चेन के खिलाफ प्रणय की 13 मैच में यह छठी जीत है। अगले दौर में प्रणय की भिड़ंत प्रियांशु से होगी।

दूसरी तरफ लक्ष्य और प्रियांशु के बीच शुरुआत से ही प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली। जूनियर बैडमिंटन के दिनों से ही एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे ये खिलाड़ी एक-दूसरे की कमजोरियों और मजबूत पक्षों से अच्छी तरह वाकिफ थे। लक्ष्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनुभव की बदौलत शुरुआत में बढ़त हासिल की लेकिन प्रियांशु बार-बार बराबरी हासिल करने में सफल रहे। लक्ष्य ने अपने दमदार क्रॉस कोर्ट स्मैश से काफी अंक जुटाए लेकिन प्रियांशु ने भी उन्हें परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लक्ष्य ब्रेक तक 11-10 के मामूली अंतर से बढ़त बनाने में सफल रहे।

# भारत इटली को हराकर सेमीफाइनल में

रांची, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच क्वालीफायर में इटली को 5-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

मैच के पहले ही मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को उदिता ने गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। उदिता ने पहले 55वें, दीपिका ने 41वें, सलीमा टेटे ने 45वें और नवनीत कौर ने 53वें मिनट में गोल किए। इटली की ओर से एकमात्र गोल कैमिला माचिन ने 60 मिनट में किया। पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में जापान की टीम अमेरिका से भिड़ेगी।



### अमेरिका की लगातार तीसरी जीत

अमेरिका ने मंगलवार को न्यूजीलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एलिजाबेथ येगर ने यह महत्वपूर्ण गोल किया। अमेरिका ने पूल बी में अपने तीनों मैच जीते। वह गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ अपने अभियान का अंत किया और अगर अंतिम मैच में इटली मेजबान भारत को हरा देता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच पाएगा।

# बॉलीवुड हलचल

## लारा दत्ता और बॉबी देओल की रामायण में एंट्री



बॉलीवुड में इन दिनों रणबीर कपूर और साईं पल्लवी की आने वाली फिल्म रामायण की खासी चर्चा है। इस फिल्म में अब 2 और सितारों की एंट्री हो चुकी है। इनमें लारा दत्ता और बॉबी देओल का नाम शामिल है। निर्देशक नीतेश तिवारी की फिल्म रामायण में लारा दत्ता राजकुमारी कैकयी का किरदार निभाएंगी। लारा दत्ता ने इस किरदार के लिए हामी भी भर दी है और उनकी फिल्म में करीब-करीब एंट्री तय हो गई है, जबकि बॉबी देओल को भी मेकर्स ने अप्रोच किया है। बॉबी देओल को कुंभकरण का किरदार ऑफर किया गया है। हालांकि अब तक फिल्म स्टार ने इसे हरी झंडी नहीं दी है। ऐसे में अभी स्थिति साफ नहीं है कि वो इस फिल्म का हिस्सा होंगे या नहीं। फिल्म इसी साल मार्च महीने तक फ्लोर पर होगी।

### 15 मार्च को रिलीज होगी अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी

अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी 15 मार्च को रिलीज होगी। इससे पहले अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में काम किया था। बस्तर के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन हैं। मेकर्स ने फिल्म के तीन नए पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का एलान किया है। अदा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के तीनों पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि फिल्म द केरल स्टोरी के साहसी कहानीकारों में से एक बस्तर जल्द रिलीज होगी।

## बायोपिक में सिल्क स्मिता का किरदार निभाएंगी चंद्रिका रवि

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता की बायोपिक में ऑस्ट्रेलियन अभिनेत्री चंद्रिका रवि काम करती नजर आएंगी। दिवंगत दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता के जीवन पर बायोपिक बनाई जा रही है। इस बायोपिक में उनकी लाइफ से जुड़े कई पहलू देखने को मिलेंगे। बायोपिक सिल्क स्मिता द अनटोल्ड स्टोरी का निर्देशन जयराम शंकरन कर रहे हैं। फिल्म में चंद्रिका रवि सिल्क स्मिता का किरदार निभाती नजर आएंगी। सिल्क स्मिता की जिंदगी पर कई फिल्म बन चुकी है। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी द डर्टी पिक्चर में विद्या बालन ने सिल्क स्मिता का किरदार निभाया था। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ समेत पांच भाषा में रिलीज होगी।



### अभिषेक कपूर ने अपनी अगली फिल्म के नाम का किया एलान

डायरेक्टर अभिषेक कपूर ने अपनी अगली फिल्म के टाइटल का एलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का नाम शराबी होगा। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्वीट में बताया कि अभिषेक कपूर की नई फिल्म शराबी की बाकी डिटेल की जल्द ही घोषणा की जाएगी। ये फिल्म जल्द ही शुरू होगी। इस फिल्म के टाइटल से अमिताभ बच्चन का भी कनेक्शन है। अभिषेक कपूर एक फिल्म और बना रहे हैं जिसमें रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भांजे अमन देवगन डेब्यू करने वाले हैं।

## द साबरमती रिपोर्ट में काम करेंगे विक्रांत मैसी






बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करते नजर आएंगे। 12वीं फेल के बाद अब विक्रांत मैसी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करने जा रहे हैं। 27 फरवरी 2002 को हुई साबरमती एक्सप्रेस की घटना आज भी लोगों के जेहन में हैं। उस दिन सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के अंदर आग लगने से अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की मौत हो गई थी। अब यह घटना पर्दे पर दिखाने के लिए विक्रांत मैसी तैयार हैं। फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी के साथ रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना अहम किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को रंजन चंदेल निर्देशित करेंगे।

### फिल्म हिंदुत्व में पार्श्व गायन करेंगे दलेर मेहंदी



जानेमाने गायक दलेर मेहंदी ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी की फिल्म हिंदुत्व में पार्श्व गायन करेंगे। टैग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। इसके लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। फिल्म में श्वेता राज के लिखे गीत पर संगीत रवि शंकर ने दिया है। इस फिल्म में दलेर मेहंदी के अलावा अनूप जलोटा, मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने गानों में आवाज दी है। हिंदुत्व में आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अनूप जलोटा, दीपिका चिखलिया, गोविंद नामदेव की अहम भूमिका है।

### हुमा कुरैशी की वेबसीरीज महारानी 3 का टीजर रिलीज

अभिनेत्री हुमा कुरैशी की आने वाली वेबसीरीज महारानी 3 का टीजर रिलीज हो गया है। हुमा कुरैशी की वेब सीरीज महारानी को काफी पसंद किया गया था। अब इस इस सीरीज का तीसरा सीजन आने वाला है। महारानी 3 के टीजर में दिखाया गया है कि नवीन कुमार (अमित सियाल) पूछते हैं कि हलवा किसलिए बंट रहा है, इस पर पास में मौजूद पुलिसकर्मी बताती हैं कि रानी भारती ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर ली है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# बंगाल में 22 जनवरी को निकलेगी सद्भावना रैली : ममता

कोलकाता , एजेंसी

22 जनवरी को जब पूरा देश अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के रंग में सराबोर होगा, उस दिन बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में सभी धर्मों के लोगों के साथ एक सद्भावना रैली (जुलूस) का नेतृत्व करेंगी। ममता उस दिन मंदिर, मस्जिद व गुरुद्वारे में भी जाएंगी।

मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता ने मंगलवार को राज्य सचिवालय नवान्न से इसकी घोषणा की। ममता ने इसके साथ पार्टी कार्यकर्ताओं से 22 जनवरी को राज्य के सभी जिलों व ब्लाकों में इसी तरह की सद्भावना रैलियां आयोजित करने को भी कहा। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि वह 22 जनवरी को कालीघाट मंदिर में देवी काली की पूजा करने के बाद कुछ दूरी पर स्थित हाजरा चौराहे से शुरू होने वाले जुलूस का नेतृत्व करेंगी।

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा प्राण प्रतिष्ठा नेताओं का काम नहीं**



तृणमूल द्वारा आयोजित इस सद्भावना जूलूस में सभी धर्मों के लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी से इसमें हिस्सा लेने की अपील की। ममता ने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का किसी अन्य कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं है। ममता ने कहा कि यह जुलूस पार्क सर्कस मैदान में समाप्त होगा और इससे पहले यह मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेगा।

राम मंदिर पर ममता ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा करना हमारा काम नहीं है। यह धर्माचार्यों का काम है। हमारा काम बुनियादी ढांचा तैयार करना है। बता दें कि इससे पहले ममता ने 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की नौटंकी बताया था। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए फिर दोहराया कि मैं धार्मिक आधार पर जनता को बांटने में विश्वास नहीं करती। उन्होंन साफ कहा कि जब तक जिंदा हूं, समाज में बंटवारा नहीं होने दूंगी।

### भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना

22 जनवरी को सद्भावना रैली निकालने की घोषणा पर राज्य में विपक्षी भाजपा ने ममता पर निशाना साधा है। भाजपा आइटी सेल के प्रमुख व बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि जब पूरा भारत अयोध्या धाम में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का गवाह बनेगा, उस दिन यहां इस तरह के जुलूस निकालना हिंदू भावनाओं की घोर उपेक्षा होगी। यह उस दिन सांप्रदायिक टकराव के लिए जमीन तैयार करने के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा ममता जी को थोड़ा सोचना चाहिए यह पल देश के लिए गौरव का है, ना कि नफरत का। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अपने राजनीतिक एजेंडा चला रहीं हैं।

# अगले कुछ दिन सामान्य रहेगा अंतरिक्ष का मौसम

**मंगलवार को शांत रहा सूर्य एकमात्र सी क्लास का विस्फोट किया गया दर्ज**

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** मंगलवार को सूर्य सक्रियता सामान्य रही। कुछ सी क्लास के विस्फोट दर्ज किए। अगले कुछ दिन अंतरिक्ष मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। अलबत्ता अभी भी सूर्य के बड़े हिस्से में सन स्पॉट बने हुए हैं।

नासा के अनुसार पिछले लंबे समय से सूर्य जबरदस्त तरीके से सक्रिय बना हुआ था। जिसके चलते भयानक विस्फोट सूर्य की सतह पर आग उगलते रहे। मगर मंगलवार को सूर्य काफी हद तक शांत नजर आया। जिसके चलते सूर्य से आने वाले सौर तूफान अगले कुछ दिन शांत रहने की उम्मीद है।



सूर्य की फाइल फोटो

मगर सूर्य का दक्षिणी ध्रुव अभी सक्रिय बना हुआ है। यह भाग पृथ्वी के दूसरी ओर होने के कारण कोई असर नहीं हो सकता। सूर्य से आने वाले उच्च ऊर्जावान कण स्पेस वेदर यानी अंतरिक्ष मौसम को बनाते व बिगाड़ते हैं। जिसका पृथ्वी पर ही नही बल्कि पूरे सौर मंडल में असर पड़ता है। जिस कारण सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर रहती है। भारत के भी वैज्ञानिक अब सूर्य के अध्ययन के लिए प्रयास कर रहें हैं। खासकरके इसरो इसमें शामिल है।

### कुछ हफ्तों में सूर्य की खबर देगा आदित्य एल 1

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक व आदित्य एल 1 साइंस ग्रुप व आउट रीच के सह अध्यक्ष प्रो दीपांकर बनर्जी ने बताया कि आदित्य एल 1 के अभी तक सभी परीक्षण सफल रहे। लैग्रेंज बिंदु से आदित्य ने सूर्य पर नजर रखनी शुरू कर दी है। आदित्य ने पहले चरण में सूर्य की तस्वीर लेने का परीक्षण भी सफल रहा है। फिलहाल अन्य उपकरणों की टेस्टिंग कार्य चल रहा है। आदित्य में सात अत्याधुनिक उपकरण लगे हुए हैं। जिनके परीक्षण में दो माह तक का समय लग सकता है। बता दें कि, सूर्य के अध्ययन के लिए इसरो प्रयास जारी है।

## एक नजर

### छात्रा को टक्कर मारने के मामले में भारतवंशी डॉक्टर दोषी करार

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक डॉक्टर को एक छात्रा को 1.41 करोड़ रुपये बतौर मुआवजा देने का आदेश दिया है। दरअसल डॉक्टर की कार से छात्रा को टक्कर लग गई थी, जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हुई थी और उसे स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था। घटना साल 2018 में घटी थी। डॉ. शांति चंद्रन बंकिघमशायर में अपनी बीएमडब्लू कार से अपने काम पर जा रहीं थी। इसी दौरान ऑक्सफोर्डशायर में उनकी कार से स्कूल जा रही 12 साल की बच्ची की टक्कर हो गई थी। अब पीड़िता 18 साल की हो चुकी है।

### ब्राजील: वजन घटाने की सर्जरी कराने पर दिल का दौरा, मौत

**सल्वाडोर।** ब्राजील की इन्फ्लुएंसर मिला डी जीसस, जो पूरी दुनिया को फिट रहने का मंत्र देती थीं। वो खुद



महज 35 साल की उम्र में जिंदगी से हार गईं। दरअसल, उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। बता दें, जीसस उस समय फेमस हुई थीं, जब उन्होंने वजन घटाने के लिए सर्जरी कराई थी। परिवार ने उनकी मौत की खबर की पुष्टि की है। बता दें, इंस्टाग्राम स्टार का जन्म ब्राजील में हुआ था, लेकिन वह बोस्टन में रहती थीं। चार महीने पहले ही उन्होंने दूसरी शादी जॉर्ज कोवस्जिक से की थी। पहली शादी से उनके चार बच्चे हैं, जिनमें से एक बेटी अन्ना क्लारा ने अपनी मां की मौत पर इंस्टाग्राम पर एक दुख भरा पोस्ट साझा किया। अन्ना क्लारा ने लिखा, हमारी मां नहीं रहीं। यह दुख भरी खबर आप लोगों के साथ साझा कर रही हूं।

## एफआईआर रद करने की मांग वाली याचिका पर अब सीजेआई करेंगे सुनवाई

# नायडू की याचिका पर जज एकमत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर अब सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ सुनवाई करेंगे। दरअसल दो जजों की पीठ ने याचिका पर अलग-अलग फैसला दिया। जिसके बाद पीठ ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है।

याचिका में पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू ने स्किल डेवलपमेंट घोटाले के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद करने की मांग की है। याचिका पर सुनवाई के बाद जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

आज जब पीठ ने फैसला सुनाया तो दोनों जजों ने अलग-अलग फैसला दिया और उनके फैसले में सहमति नहीं बन पाई। जिसके बाद पीठ ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के पास भेज दिया है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ पीसी एक्ट की धारा 17ए के लागू होने को लेकर सहमत नहीं हो सकी। इस धारा के तहत जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेने का प्रावधान है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस का मानना था कि तेदेपा चीफ चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले मंजूरी ली जानी चाहिए थी। वहीं जस्टिस बेला त्रिवेदी का मानना था कि इस मामले में पीसी एक्ट की धारा 17ए लागू नहीं होती है। ऐसे में उन्होंने चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद करने से इनकार कर दिया। सीबीआई ने 9 दिसंबर 2021 को स्किल डेवलपमेंट घोटाले में एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें 25 लोगों को आरोपी बनाया गया था। उस वक्त एफआईआर में चंद्रबाबू नायडू का नाम नहीं था। मार्च 2023 में सीआईडी ने जांच के आधार पर घोटाले की एफआईआर में चंद्रबाबू नायडू को 37वां आरोपी बनाया गया।

### अवमानना मामले में वकील जजों से बिना शर्त मांगें माफी: शीर्ष कोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट के कई न्यायाधीशों के खिलाफ अनुचित, निंदनीय, आधारहीन आरोप लगाने के लिए एक वकील को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया गया था, जिसमें छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। इस मामले पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने वकील को आदेश दिए कि उन्हें निंदनीय आरोपों के लिए न्यायाधीशों से बिना शर्त माफी मांगनी होगी। पीठ ने कहा कि यह माफी नहीं है, वह कैसे कह सकते हैं कि यह अनजाने में हुआ। शीर्ष अदालत ने उन्हें माफी मांगने का एक और मौका दिया और मामले की सुनवाई 19 जनवरी को तय की। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने नौ जनवरी को वकील को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया था और उन पर दो हजार का जुर्माना लगाने के साथ ही छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी।



### हेलीकॉप्टर घोटाला: राजीव के खिलाफ सीबीआई की याचिका खारिज

अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद घोटाले मामले में सरकारी गवाह राजीव सक्सेना को जमानत न देने वाली सीबीआई की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट से मना कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूडड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने जमानत देते समय उनके स्वास्थ्य स्थिति पर पूरा ध्यान दिया था, वे जांच में सहयोग कर रहे थे। अदालत ने जमानत रद्द करने की मांग वाली सीबीआई की याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि आप इस मामले पर निचले कोर्ट का रुख कर सकते हैं। सीबीआई की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सक्सेना जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और वे पूछे गए सवालों के जवाब नहीं दे रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली की एक अदालत ने 16 फरवरी, 2021 को मेडिकल कारणों पर राजीव सक्सेना को जमानत दे दी थी।

# मोतियाबिंद सर्जरी के बाद 17 लोगों की आंखों की रोशनी गई

**अहमदाबाद।** मोतियाबिंद का उपचार कराने वाले 17 लोगों ने शिकायत की है कि उनकी आंखों की रोशनी आंशिक रूप से या पूरी तरह से चली गई है। इन लोगों ने अहमदाबाद के एक अस्पताल से मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया था। यह अस्पताल एक ट्रस्ट के द्वारा चलाया जा रहा है। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अहमदाबाद क्षेत्र के उप निदेशक (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं) सतीश मकवाना ने बताया कि राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जांच के लिए एक नौ-सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया कि मांडल गांव के इस आंखों के अस्पताल से अगले आदेश तक मोतियाबिंद के और ऑपरेशन न करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि यह मामला 10 जनवरी को तब सामने आया, जब रामानंद नेत्र चिकित्सालय में सर्जरी कराने वाले पांच लोगों को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में इलाज के लिए भेजा गया।

# शारीरिक संबंध से इनकार करना मानसिक क्रूरता: कोर्ट

जबलपुर, एजेंसी

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि शादी से इनकार करना और शारीरिक संबंध बनाने से इनकार मानसिक क्रूरता है। ये दोनों बातें वैध तलाक का आधार हैं। न्यायमूर्ति शील नागू और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने तलाक को लेकर बीते 3 जनवरी को एक फैसला सुनाया।

पीठ ने एक व्यक्ति को इस आधार पर तलाक दे दिया कि उसकी पत्नी ने शादी को जारी रखने और उसके साथ संबंध बनाने से मना कर दिया था। पीठ ने कहा, 'हम समझते हैं कि शारीरिक अक्षमता या वैध कारण के बिना काफी समय तक यौन संबंध रखने से एकतरफा इनकार करना मानसिक क्रूरता के बराबर हो सकता है।' इसी के साथ ही पीठ ने फैमिली कोर्ट के आदेश को भी रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने यह गलत ठहराया था कि पत्नी की ओर से शादी को पूरा करने में विफलता तलाक का आधार नहीं हो सकती है। शख्स द्वारा दायर अपील के अनुसार, जुलाई 2006 में उसकी शादी हुई थी।



**पत्नी संबंध नहीं बनाती जज साहब तलाक दे दो**

**18 साल से परेशान पति की अर्जी पर मप्र हाई कोर्ट ने सुनाया हक में फैसला**

हालांकि, शादी के बाद से ही पत्नी ने उसके साथ रहने और शादी को जारी रखने से इनकार कर दिया था। महिला ने अपने पति को बताया था कि वह किसी और से प्यार करती है। याचिका में कहा गया कि शख्स साल 2006 में ही काम के लिए अमेरिका चला गया। इसके बाद महिला अपने परिवार के साथ रहने चली गई और फिर कभी वापस नहीं लौटी। हालांकि, साल 2011 में पति ने तलाक के लिए भोपाल की फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसे खारिज कर दिया गया था।

# राम नाम के जाप की अपील पर बुरी फंसीं गायिका केएस चित्रा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

मलयालम की मशहूर गायिका केएस चित्रा ने 22 जनवरी को लेकर एक वीडियो में संदेश जारी किया था। इस वीडियो में उन्होंने लोगों से अपील की थी कि लोग रामलला विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन भगवान राम का नाम लें और घर-घर को रौशनी से जगमगा दें। उनके प्रशंसक ने जहां इस वीडियो के लिए उनकी सराहना की। वहीं, गायिका का यह वीडियो संदेश इंटरनेट मीडिया पर एक वर्ग को पसंद नहीं आया, जिसने इस आह्वान को लेकर उनकी कड़ी आलोचना की है।

कई लोगों ने कहा कि उन्हें पूरी तरह राममंदिर के पक्ष में नहीं जाना चाहिए था, जबकि कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने ऐसा संदेश देकर राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है। इस मामले में भाजपा और वामपंथी विचारधारा वाले दल आमने सामने



**भड़के सोशल मीडिया यूजर्स चित्रा के कुछ प्रशंसकों ने वीडियो की सराहना की**

आ गए है। भाजपा ने कम्युनिस्ट शासित राज्य केरल में असहिष्णुता के उदाहरण के रूप में पेश करने के लिए इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों पर एक अभियान भी शुरू किया है।

आलोचकों की टिप्पणी पढ़कर कई लोग केएस चित्रा के समर्थन में उतरे हैं। लोगों ने कहा कि उन्हें अपनी राय व्यक्त करने का हक और आजादी है। इस विवाद में चित्रा के समर्थन में खुलकर सामने आये मशहूर गायक जी वेणुगोपाल ने कहा कि आनलाइन टिप्पणियों ने उनका अपमान किया है जो दुखद है। अपने फेसबुक पोस्ट में उन्होंने आलोचकों से अनुरोध किया कि यदि उनके विचार चित्रा की राय से नहीं मिलते हैं तो वे उन्हें माफ करें।

## जलीकट्टू खेल...



**तमिलनाडु :** मदुरै में 2500 साल पुराना खेल जलीकट्टू शुरू हो गया। इसमें 1000 सांडों ने भाग लिया। पहले दिन 2 पुलिसकर्मी समेत 45 लोग घायल हो गए। इस खेल में के. पी. प्रभाकरण ने 14 बैलों को काबू किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ पशु प्रशिक्षक घोषित किया गया। प्रभाकरण पहले पुरस्कार के तौर पर 'चीफ मिनिस्टर्स' कार दी गई। बता दें, 2014 में शीर्ष कोर्ट ने इस पर रोक लगाई थी, लेकिन 2016 में राज्य सरकार की मांग पर केंद्र ने अध्यादेश लाकर इसका रास्ता साफ किया था। ● एजेंसी

# राष्ट्रपति बना तो सुलझा दूंगा इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दा: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की रेस में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जनवरी को आयोवा प्रांत में पहली कॉकस में जीत दर्ज की है। इस जीत ने उन दावों को मजबूती दी है, जिसमें कहा जा रहा कि बाइडन और ट्रंप एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में आमने-सामने हो सकते हैं।

पार्टी के भीतर अपनी पहली जीत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि दुनिया को फिर से ठीक करना होगा, अस्त-व्यस्त दुनिया को अच्छा बनाना होगा। इस दौरान ट्रंप ने राजनीतिक विचारधाराओं को एक साथ आने का आग्रह किया है। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि बाइडन अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। पूरी दुनिया अब अमेरिका पर हंसने

**आयोवा कॉकस में जीत के बाद बोले डोनाल्ड ट्रंप**



लगी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि हमारे देश के लोग एक साथ आएं। चाहे वो डेमोक्रेट हो या फिर रिपब्लिकन। दुनिया के लिए सबको एकजुट होना होगा। ट्रंप ने कहा कि बहुत अच्छा होगा कि अगर हर विचारधार के लोग एक साथ आएं। इजराइल-हमास युद्ध पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर मैं वर्तमान में अमेरिका का राष्ट्रपति रहता तो इस्राइल पर हमले का सवाल नहीं उठता। उन्होंने कहा कि अगर वह चुनाव जीतकर फिर से आए तो वे बहुत जल्द इस समस्या का ही समाधान कर देंगे।

## इमरान की टिप्पणी

# दो अंपायरों के साथ मैच खेल रहे नवाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। उससे पहले सियासी दलों के एक दूसरे पर हमले तेज हो गए हैं। इस बीच, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ, सर्वोच्च न्यायालय और शक्तिशाली सेना पर हमला बोला है।



उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज दो अंपायरों' के समर्थन से चुनाव लड़ रहे हैं और उनमें से एक अंपायर ने हाल ही में पीटीआई को चुनाव से किनारे करने के लिए 'नॉ बॉल' का संकेत दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को उसके क्रिकेट बैट के चुनाव चिह्न वंचित किया है। इसको लेकर इमरान खान 'लंदन प्लान' को जिम्मेदार ठहराया।

## अध्ययन — ताजा शोध में बताया बर्फ का सूखा पुरानी समस्या, मध्य एशिया के कुछ हिस्से बर्फ सूखे के हॉट- स्पॉट

# अमेरिका-यूरोप में हर दशक घट रहा बर्फ का घेरा

वाशिंगटन, एजेंसी

बदलते मौसम के कारण बर्फ का सूखा बड़ी समस्या बन गया है। इसलिए बारिश, जमीन, भू-जल के सूखे के अलावा अब बर्फ का सूखा भी ज्यादातर शोधों में केंद्र बन गया है। जरनल नेचर के ताजा अध्ययन ने बदलाव की वजह बताया है। इसमें पाया गया कि अमेरिका यूरोप में बर्फ का घेरा हर दशक 10 से 20% कम हो रहा है।

क्या 'बर्फ का सूखा' नई समस्या है? नहीं, गूगल बुक्स व्यूअर के अनुसार यह समस्या 1970 के दशक में उच्चत्तम थी। 2010 में भी बर्फ से लदे इलाकों में बर्फ की परतें काफी पतली पाई गई थीं। फिर एक अमेरिकी शोधकर्ता ने डिफाइनिंग स्नो ड्राउट्स एंड व्हाय इट मैटर्स' के नाम से एक लेख लिखा। इसने बर्फ के सूखों पर चर्चा बढ़ा दी। बर्फ महत्वपूर्ण क्यों है? नॉर्दर्न हैम्पशायर की 80 फीसद जनसंख्या सर्दियों में जम जाने वाली मिसिसिप्पी, कोलोराडो, वोल्गा और डनूब नदियों पर निर्भर करती है, मगर ये नदियां पर्यावरणीय बदलाव के चिंताजनक दौर से गुजरी हैं। वहीं 210 करोड़ लोग सर्दियों में बर्फीली पहाड़ियों के निचले हिस्सों में रहते हैं। बर्फ का पिघलता पानी इनकी खेती, व्यापार और दूसरी खपत का महत्वपूर्ण स्रोत है। बर्फ का सूखा किन इलाकों की समस्या है? उत्तरी इटली, अफगानिस्तान, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और उत्तर-पूर्वी चीन बर्फ के सूखे के हॉट- स्पॉट हैं। कैलिफोर्निया और दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका वर्ष 2000 से अब तक 1200 साल का सबसे बड़ा महासूखा झेल रहे हैं। क्योंकि इस क्षेत्र का बड़ा हिस्सा या ज्यादा गर्म है या सूखा। इसी कारण सर्दियों में भी सेरा नेवदा पर्वत श्रृंखला पर बर्फ इकट्ठी नहीं हो पा रही। बर्फ के सूखे के क्या कारण हैं? दो स्थितियों में बर्फ के टिल्ले कमजोर होते हैं। पहला सर्दियों के मौमस का सूखा रहना तो दूसरा ज्यादा गर्म रहना। इससे बर्फ जमने की परिस्थितियां ही नहीं बनती। पृथ्वी के बढ़ते तापमान से पहाड़ियों पर बर्फ की लाइन का स्तर भी घट रहा है। इसमें क्लाइमेट चेंज की क्या भूमिका है? 'नेचर' जरनल के अध्ययन ने पहली बार 40 साल से नॉर्दर्न हैम्पशायर में चल रहे बर्फ के सूखे में ग्रीनहाउस गैस प्रदूषण के प्रभाव की पहचान की है। क्लाइमेट चेंज के कारण बर्फ से ढके इलाकों के मिड-लैटिट्यूड में 4 प्रतिशत की कमी और हायर लेटिट्यूड में 2.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हर दशक हो रही है।

### बर्फ जंगल की आग के सीजन को खत्म करने में मददगार

बर्फ जंगल की आग के सीजन को खत्म या देरी करने में मददगार होती है। वर्ष



2023 में बर्फ के सूखे के कारण बसंत आने से पहले कनाडा के ज्यादातर हिस्से की जमीन सूख गई थी। इसलिए जंगल की आग का सीजन पहले शुरू हो गया। आग में 1.8 करोड़ हैक्टेयर भूमि से रिकॉर्ड नुकसानदायक धुआं फैला, जो अमेरिका तक पहुंचा।

# यूक्रेन के हमले के बाद रूस के वोरोनिश में आपातकाल की घोषणा

**मास्को।** यूक्रेन की ओर से किए गए ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश शहर में मंगलवार को आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। मेयर वादिम कस्टेनिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमले से प्रभावित लोग, क्षतिग्रस्त मकान और चल संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन एक आयोग करेगा।

कस्टेनिन ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पास के एक स्कूल में शरण दी गई है और उन्हें सभी अनिवार्य सुविधाएं मुहैया कराईं जा रही हैं। इससे पहले, वोरोनिश क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने वोरोनिश पर यूक्रेनी ड्रोन के हमले को विफल कर दिया। इस दौरान, कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और एक युवती घायल हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वोरोनिश क्षेत्र में तीन यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया।

# बर्फीला तूफान, लगभग 3 हजार उड़ानें रद

**अमेरिका के कई शहरों का तापमान शून्य से नीचे पहुंचा**

न्यूयार्क, एजेंसी



आर्कटिक तूफानों की सर्द लहर के बीच अमेरिका के कई शहरों में तापमान शून्य से नीचे चला गया। लाखों अमेरिकियों को बेहद ठंडा मौसम चुनौती बन गया है। देश के अधिकांश हिस्सों में बर्फबारी, बर्फीली बारिश और तेज हवाएं चलने लगी हैं।

न्यूयार्क से लुइसियाना राज्यों तक गवर्नरों ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। तूफान के तुरंत बाद मिडवेस्ट और साउथ की उड़ानों में देरी व दो हजार से ज्यादा रद होने के कारण हवाई अड्डों पर सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि ने चेतावनी दी है कि मोंटाना और डकोटा में तापमान शून्य से 56 डिग्री सेल्सियस नीचे जाने की आशंका है। तेज बर्फीली



हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को बफेलो में लोगों को एक फुट तक बर्फबारी और तेज हवाओं का सामना करना पड़ा। 9.5 करोड़ से अधिक लोगों माइनस 17 डिग्री सेल्सियस तापमान में प्रभावित हो सकते हैं। पूर्वानुमानकर्ताओं ने कहा कि दक्षिण से लेकर उत्तरी टेक्सास तक भीषण ठंड बढ़ रही है। अधिकारियों ने बफेलो, न्यूयार्क में लोगों को सड़कों से हटने की चेतावनी दी, जहां एक से दो फीट बर्फबारी का अनुमान है जीओपी कॉकस के प्रमुख राज्य आयोवा में भीषण मौसम के कारण चुनाव अभियान कार्यक्रम प्रभावित हुआ है।